www.epaper.azadsipahi.in

07 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 345

जयपुर के हॉस्पिटल में आग, 8 की मौत



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# बिहार में 6 और 11 नवंबर को होगा मतदान

- 243 सीटों पर नतीजे 14 नवंबर को आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होगा। मतदान 6 और 11 नवंबर को और नतीजे 14 नवंबर को आयेंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। पहले फेज की वोटिंग छठ के 8 दिन बाद होगी। सभी राजनीतिक दलों ने वोटिंग की तारीखें दिवाली और छठ के बाद रखने की अपील की थी।

### 40 दिन चलेगी चुनावी प्रक्रिया

इस बार चुनाव के ऐलान से मतगणना तक की प्रक्रिया 40 दिन चलेगी। वहीं, 2010 में चुनावी प्रक्रिया 61 दिन, 2015 में 60 दिन और 2020 में 47 दिन चुनावी प्रक्रिया चली थी। इस तरह पिछले 15 साल में इस बार चुनाव सबसे कम अवधि में पूरे कराये जायेंगे।

### 40 साल बाद दो चरणों में मतदान

बिहार में 40 साल बाद दो चरणों में चुनाव होने जा रहा है। इससे पहले 1985 में चुनाव दो चरणों में हुए थे। भाजपा और राजद ने दो चरणों में चुनाव कराने की मांग की थी। जदयू ने एक चरण में चुनाव कराने को कहा था।



## घाटशिला विधानसभा सीट पर उपचुनाव 11 नवंबर को होगा

पटना/नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने सात राज्यों में विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान भी किया। इनमें झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट के अलावा जम्मू-कश्मीर में बडगाम और नागरोटा, राजस्थान में अंता, तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन, मिजोरम की डंपा और ओड़िशा की नुआपाडा विधानसभा सीट शामिल है। यहां 11 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। 14 नवंबर को नतीजे आयेंगे। झारखंड की घाटशिला सीट विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन से खाली हुई है। यह सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित है। यहां कुल 2,49,212 मतदाता हैं, जिनमें 1,22,564 पुरुष, 1,26,649 महिला और दो थर्ड जेंडर शामिल हैं। हालांकि अभी मतदाताओं की फाइनल लिस्ट आना बाकी है। झामुमो के प्रत्याशी के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। वहीं, भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को टिकट दिये जाने की चर्चा है। हालांकि अभी तक किसी दल ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है।

कुल सीटें 243 | बिहार विधानसभा चुनाव 2025 | बहुमत 122

### बिहार में बज गया चुनावी बिगुल

14 नवंबर को नतीजे

| | पहला | दूसरा |
|---|---|---|
| अधिसूचना | 10 अक्टूबर | 13 अक्टूबर |
| नामांकन की आखिरी तारीख | 17 अक्टूबर | 20 अक्टूबर |
| नामांकन पत्रों की जांच | 18 अक्टूबर | 21 अक्टूबर |
| नाम वापसी की आखिरी तारीख | 20 अक्टूबर | 23 अक्टूबर |
| मतदान | 6 नवंबर | 11 नवंबर |

### चुनाव के लिए तैयारियां

- कुल पोलिंग स्टेशन की संख्या - 90, 712
- एक पोलिंग स्टेशन पर औसत मतदाता - 818
- शहरों में पोलिंग स्टेशन की संख्या - 13,911
- गांवों में पोलिंग स्टेशन की संख्या - 76, 801
- युवाओं द्वारा प्रबंधित पोलिंग स्टेशन की संख्या- 38
- महिलाओं द्वारा प्रबंधित पोलिंग स्टेशन - 1,044
- राज्य में मॉडल बूथों की कुल संख्या- 1350
- राज्य में कुल सीटें-243, ■ सामान्य सीट -203
- एसटी सीट - 02, ■ एससी सीट - 38,
- बहुमत के लिए सीटें- 122

### राज्य में मतदाताओं की स्थिति

- बिहार में कुल मतदाता - 7.42 करोड़
- बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या - 4 लाख
- 100 साल पूरे कर चुके मतदाता - 14 हजार
- पहली बार वोट करने वाले मतदाता - 14 लाख
- पुरुष मतदाताओं की संख्या - 3.92 करोड़
- महिला मतदाताओं की संख्या - 3.50 करोड़
- ट्रांसजेंडर्स मतदाताओं की संख्या - 1725
- दिव्यांग मतदाताओं की संख्या - 7.2 लाख
- 85 साल के मतदाताओं की संख्या -4.04 लाख
- सेवारत मतदाओं की संख्या - 1.63 लाख

### पिछले चुनाव 2020 में तीन चरणों में हुआ था

बिहार में पिछले चुनाव यानी 2020 में तीन चरणों में 20 अक्टूबर से 7 नवंबर के बीच वोटिंग हुई थी। 10 नवंबर को नतीजे घोषित हुए थे। इससे पहले 2015 में पांच चरणों में 12 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच वोटिंग और 8 नवंबर को नतीजे आये थे।

### 7.42 करोड़ वोटर, 14 लाख पहली बार वोटिंग करेंगे

राज्य में 243 सीटें हैं, जिनमें करीब 7.42 करोड़ वोटर हैं। इनमें 100 साल ऊपर के 14 हजार वोटर शामिल हैं। पोलिंग बूथ जाने में असमर्थ लोग फॉर्म 12 डी भरकर घर से वोट डाल सकेंगे। राज्य में 14 लाख लोग पहली बार वोट डालेंगे। इस बार वोटर बूथ तक मोबाइल ले जा सकेंगे।

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एम्स.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365

## रायडीह में नवजातों का खरीद-बिक्री मामला

# दोनों बेचे गये नवजातों को गुमला पुलिस और सीडब्लूसी ने बरामद किया

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह के बहुचर्चित नवजातों की खरीद बिक्री मामले में सोमवार की रात्रि सवा नौ बजे सीडब्लूसी और बाल संरक्षण इकाई ने पुलिस की मदद से दोनों नवजातों को बरामद कर लिया। दोनों बच्चे नाटकीय ढंग से बरामद किये गये। दोनों बच्चों की रिकवरी के लिए शाम 4:00 बजे से लेकर रात में 9:00 बजे तक सीडब्लूसी के पदाधिकारी और पुलिस तत्परता के साथ लगी हुई थी। इन बच्चों की रिकवरी के लिए सीडब्लूसी और पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। एक बच्चा टावर चौक के समीप रिकवर किया गया। जिसे ओड़िशा ले जाया गया था। ओड़िशा के रास्ते रांची होते हुए बच्चा खरीदारों ने सीडब्लूसी के पदाधिकारियों को सौंपा। गुमला में टावर चौक के समीप पहुंच कर बच्चे को पदाधिकारी के सपूर्द कर दिया। वहीं दूसरे बच्चे को सीएचओ रिमझिम के माध्यम से लोहरदगा रोड स्थित लूथरन स्कूल के पीछे कब्रिस्तान के समीप रात्रि नौ बजे बरामद किया गया। सीडब्लूसी पदाधिकारी और पुलिस की मशक्कत के बाद रात 9:30 बजे के आसपास दोनों शिशुओं को सदर अस्पताल लाया गया। इस पूरे प्रकरण में गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने अपनी सूझबूझ के साथ दोनों बच्चों को रिकवर करने में अहम भूमिका निभाई। बच्चों को उचित देखभाल के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार की सुबह इस बात पर निर्णय लिया जायेगा कि बच्चों की देखभाल के लिए किसकी निगरानी में रखा जाये। बतातें चलेंगी आजाद सिपाही ने नवजात शिशु की खरीद बिक्री का मामला प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया, बच्चों को रिकवरी करने के साथ-साथ जांच टीम ने दोषियों को चिह्नित किया।




# मुझे जान से मारने की साजिश की जा रही है : जयराम महतो

- डुमरी विधायक ने कहा, हत्या के लिए 1.5 करोड़ रुपये की सुपारी दी गयी

अनिल चौधरी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो में जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो ने भरी सभा में मंच से कहा कि उनको जान से मार देने की कुछ लोग साजिश कर रहे हैं। उनको जान से मारने के लिए 1.5 करोड़ रुपये की सुपारी दी गयी थी। उन्होंने कहा कि शूटर ने खुद आकर इसकी जानकारी दी। साथ ही आग्रह किया कि उसका नाम उजागर न करें। उन्होंने कहा कि मुझे मरने से डर नहीं लगता। जनता की लड़ाई लड़ते आये हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। मैं डरने वाला नहीं हूं। बोकारो थर्मल में जेएलकेएम पार्टी का विस्थापितों के मुद्दे पर आक्रोश महासभा का आयोजन किया था। जयराम महतो इसी महासभा में बोल रहे थे। जयराम महतो ने डीवीसी प्रबंधन को कड़ी स्वर मे चुनौती देते हुए कहा कि डीवीसी प्रबंधन को अब लाठी से पीटने और उनके गर्दन मरोड़ने की जरूरत है। बोकारो थर्मल पावर प्लांट जब बन रहा था, उस वक्त विस्थापितों का जमीन अधिग्रहण किया गया। पावर प्लांट जमीन देने वालों को नियोजन देगा, यह तय हुआ था। अब तक मात्र 42 लोगों को डीवीसी पावर प्लांट ने नियोजन दिया गया है।



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## खासमहल जमीन घोटाला

### डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के चर्चित खासमहल जमीन घोटाला मामले में जांच कर रही एसीबी हजारीबाग की टीम ने चतरा में बड़ी कार्रवाई की है। एसपी आरिफ इकराम के नेतृत्व में चतरा पहुंची हजारीबाग की विशेष टीम ने सदर थाना पुलिस के सहयोग से चतरा की डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी को गिरफ्तार किया है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) निदेशक अलका को विकास भवन स्थित निदेशक कार्यालय से गुपचुप तरीके से एसीबी की टीम ने अपने गिरफ्त में लिया है। हिरासत में लेने के बाद अलका से एसीबी एसपी खुद सदर थाना में गहन पूछताछ कर रहे हैं। डीआरडीए निदेशक की गिरफ्तारी की खबर से जिले के साथ-साथ प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। फिलहाल ना तो एसीबी के अधिकारी निदेशक की गिरफ्तारी की पुष्टि कर रहे हैं और ना ही जिला प्रशासन और पुलिस के कोई अधिकारी।

## निलंबित चालक मंसूर आलम के आत्महत्या का मामला

# दो थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज

- पुलिस मेंस एसोसिएशन ने अब तक निलंबित नहीं करने पर जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** निलंबित चालक मंसूर आलम के आत्महत्या मामले में जयनगर थाना प्रभारी बबलू सिंह और डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव सहित सपही पिकेट प्रभारी रमेश मरांडी और एसआइ अरविंद हांसदा पर आत्महत्या के लिये प्रेरित करने को लेकर चंदवारा थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

बताते चलें कि निलंबित पुलिस जवान मंसूर आलम ने चंदवारा स्थित पुलिस लाइन में बीते 1 अक्टूबर को सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पूर्व मृतक मंसूर आलम ने एक वीडियो जारी किया था। जिसमें चारों आरोपियों पर आरोप लगाया गया था। इस मामले में मृतक की पत्नी जैनब बीबी ने चंदवारा थाना में लिखित शिकायत दी। जिसमें बबलू सिंह, ओम प्रकाश यादव, अरविंद हांसदा तथा रमेश मरांडी को आरोपी बनाया गया है। मुख्यालय डीएसपी रतिभान सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी के आवेदन पर उक्त पुलिस कर्मियों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए प्रेरित करने को लेकर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर, पुलिस द्वारा इस कार्रवाई पर पुलिस मेंस एसोसिएशन ने नाराजगी जताते हुए इसे पुलिस द्वारा खाना पूर्ति बताया है।



मंसूर आलम की फाइल फोटो।



जयनगर थाना प्रभारी बबलू सिंह।



डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव

### आरोपियों को तत्कला निलंबित किया जाये

एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रहमान खान ने कहा कि जिस वक्त दिवंगत मंसूर आलम को पुलिस लाइन चंदवारा में एसपी अनुदीप सिंह व जिले के अन्य पदाधिकारियों सहित अन्य पुलिस के जवानों द्वारा श्रद्धांजलि दी जा रही थी। उस वक्त पुलिस कप्तान से मिलकर पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई की मांग की थी। उन्हें निलंबित नहीं किया जाना और केवल मामला दर्ज कर देना एक प्रकार से मृतक के परिवार वालों के साथ छल है।

### मुख्यमंत्री और डीजीपी से मुलाकात करेंगे

रहमान खान ने कहा कि अगर एसपी जल्द से जल्द उन थाना प्रभारियों व पुलिस कर्मियों को निलंबित नहीं करते हैं तो डीजीपी अनुराग गुप्ता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर मामले से अवगत करायेंगे और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।

# कोर्ट रूम में सीजेआइ बीआर गवई पर वकील ने जूता फेंका

- सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा और बाहर निकाला
- नारा लगाया, सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने सीजेआइ बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय हुई, जब सीजेआइ की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों के हवाले से न्यूज एजेंसी ने बताया कि वकील ने सीजेआइ की तरफ जूता फेंका। हालांकि जूता उनकी बेंच तक नहीं पहुंच सका। सुरक्षाकर्मियों ने फौरन उसे पकड़ लिया। बाहर जाते वक्त वकील ने नारा लगाया, सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। घटना के बाद सीजेआइ ने अदालत में मौजूद वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने को कहा। उन्होंने कहा कि इस सबसे परेशान न हों। मैं परेशान नहीं हूं, इन चीजों से मुझे फर्क नहीं पड़ता।

जानकारी के अनुसार आरोपी वकील का नाम राकेश किशोर कुमार है। सुप्रीम कोर्ट बार में उसका रजिस्ट्रेशन 2011 का है। माना जा रहा है कि वकील सीजेआइ गवइ की मध्य प्रदेश के खजुराहो में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची सिर कटी मूर्ति की पुनर्स्थापना पर की गयी टिप्पणियों से नाराज था। बताते चलें कि सीजेआइ ने 16 सितंबर को खंडित मूर्ति की बहाली की मांग वाली याचिका खारिज करते हुए कहा था कि जाओ और भगवान से खुद करने को कहो। तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, जाओ उनसे प्रार्थना करो। इसके बाद विरोध शुरू हुआ तो, सीजेआइ ने 18 सितंबर को सफाई दी। उन्होंने कहा था कि मेरी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से दिखाया गया। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं।

जूता फेंकने वाले 71 वर्षीय वकील से पूछताछ के तीन घंटे बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। इसकी वजह यह रही कि क्योंकि शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार जनरल ने उनके खिलाफ आरोप लगाने से इनकार कर दिया।








# बिहार चुनाव: मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच

## जन सुराज की त्रिकोणीय मुकाबले में तब्दील करने की कोशिश, एआइएमआइएम भी जोर लगा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिहार।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखों का एलान हो गया है। चुनाव आयोग ने सिर्फ दो चरणों 6 और 11 नवंबर को मतदान करवाने का फैसला किया है और वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला बीजेपी-जेडीयू की अगुवाई वाले एनडीए और आरजेडी की अगुवाई वाले महागठबंधन के बीच है। चुनाव रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर की नयी-नवेली जन सुराज पार्टी इसे त्रिकोणीय मुकाबले में तब्दील करने की भरपूर कोशिश में है। चौथी शक्ति हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एआइएमआइएम है, जिसे सीमांचल के युवा मुसलमानों में प्रभाव को देखते हुए पूरी तरह से नजरअंदाज करना भी सही नहीं होगा।







### सीटों का तालमेल

बिहार में एनडीए में बीजेपी-जेडीयू के अलावा तीन और पार्टियां भी हैं- एलजेपी (राम विलास), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम)। बीजेपी गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है और सीटों के तालमेल में सभी सहयोगियों को संतुष्ट करना और जेडीयू की महत्वाकांक्षा को सम्मान देना पार्टी के सामने बहुत बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। अभी तक सत्ताधारी गठबंधन में सीटों पर तालमेल को लेकर चर्चा जारी है और इसके साथ ही एंटी-इंकंबेंसी से निपटने की प्राथमिक जिम्मेदारी का सामना भी उसे ही करना है। क्योंकि, केंद्र से लेकर प्रदेश तक में वह सबसे बड़ी पार्टी है। अगर पार्टी एमएलए के प्रति एंटी-इंकंबेंसी से निपटने के लिए नये चेहरों पर दांव लगाती है तो ऐसे नेताओं का विपक्षी दलों के पाले में जाने का डर भी बना हुआ है, जो कड़े संघर्ष की स्थिति में नुकसान पहुंचा सकते हैं। बीजेपी 100 सीटों के आसपास लड़ना चाहती है और पार्टी के चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के लिए सहयोगियों के दबाव को झेलना आसान नहीं है।

### नीतीश के चेहरे के अलावा विकल्प नहीं

बिहार में बीजेपी प्रदेश स्तर पर अपना कोई ऐसा चेहरा नहीं खड़ा कर पायी है, जो नीतीश कुमार का विकल्प दे सके। नतीजा ये है कि आज पार्टी इसकी बहुत ज्यादा खामियाजा भुगत रही है और उसके सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही बिहार चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। नीतीश के स्वास्थ्य को लेकर कई तरह की आशंकाएं मौजूद हैं। हालांकि, वह पांचवीं बार भी कुर्सी पर नजरें बिठाए हुए हैं। भाजपा के सामने चुनौती ये है कि नीतीश के भरोसे रहे बिना वह रह भी नहीं सकती, क्योंकि केंद्र में मोदी सरकार की स्थिरता भी जेडीयू के 12 सांसदों के भरोसे है। ऐसे में नीतीश कुमार पर निर्भर रहकर चुनाव मैदान में उतरना बीजेपी के लिए दूसरी बहुत बड़ी चुनौती है।

### चिराग को संतुष्ट करना भी चुनौती

लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान यूं तो खुद को पीएम मोदी का हनुमान कहते हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत सफलता के साथ एलजेपी ने जिस तरह से पांच सीटें जीतीं, उससे उनका हौसला और भी सातवें आसमान पर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने अपनी पार्टी के लिए 40 सीटें मांगी हैं, जबकि उन्हें बीजेपी की ओर से 25 सीटों का ऑफर दिया गया है। चर्चा ये भी है कि अधिकतम 30 सीटों पर भी राजी करवाने की कोशिश की जा सकती है। याद रखना होगा कि 2020 के चुनाव में पासवान की वजह से सीटें घटने का रोना जेडीयू आजतक रो रही है। ऐसे में चिराग को राजी करना भी बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि, सभी सहयोगियों को 243 सीटों में ही समायोजित करना है।

### पीके की जन सुराज पार्टी बिगाड़ न दे खेल

बीजेपी के सामने चौथी बड़ी चुनौती चुनाव रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी है। हालांकि, दोनों ही गठबंधन बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर फैक्टर के प्रभावी होने की संभावनाएं खारिज कर रहे हैं। लेकिन, पीके ने जिस तरह से बदलाव का अभियान छेड़ रखा है, उसका असर युवाओं के एक वर्ग में देखा जा रहा है। अगर वे चुनावों पर बहुत ज्यादा असर नहीं भी डाल पाये, लेकिन कड़े मुकाबले में उनके उम्मीदवार की मौजूदगी ही चुनाव का गुणा-गणित बदल सकता है। अगर वह हर विधानसभा क्षेत्र में 'वोट कटवा' भी साबित हुए तो उनकी पार्टी 2025 में 1995 के आनंद मोहन की बीपीपा साबित हो सकती है, जिनकी वजह से लालू यादव की सत्ता कायम रह गयी थी।

### आरजेडी का मुस्लिम-यादव वोट बैंक

बीजेपी और एनडीए गठबंधन की सबसे बड़ी चुनौती निःसंदेह आरजेडी और लालू प्रसाद यादव आज भी बने हुए हैं। 2020 में भी बीजेपी दूसरे नंबर पर ही रही थी और तेजस्वी यादव-लालू यादव की अगुवाई में आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। लालू के नाम पर महागठबंधन का यादव-मुसलमान समीकरण बिहार की राजनीति में आज भी सबसे ज्यादा मजबूत है। कांग्रेस, लेफ्ट जैसी इसकी सहयोगी पार्टियों का जनाधार आरजेडी पर ही निर्भर है। बदलाव सिर्फ इतना हुआ है कि इसके मुस्लिम वोट बैंक में प्रशांत किशोर की जन सुराज और ओवैसी की एआइएमआइएम सेंध लगाने की उम्मीद में है। 2020 में ओवैसी को इसमें सफलता मिली भी थी। अगर ये दोनों पार्टियां मुसलमानों में लालू के तिलिस्म को नहीं तोड़ पाये तो बीजेपी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# 15 अक्टूबर को झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक आगामी 15 अक्टूबर 2025, बुधवार को रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन में आयोजित की जायेगी। बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी। पार्टी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, बैठक में केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, महानगर अध्यक्ष, जिला संयोजक और महानगर संयोजक को उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है। बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन की वर्तमान स्थिति, राजनीतिक परिस्थिति और आगामी चुनावों को लेकर रणनीतिक चर्चा का होगा। बैठक में 13वें केंद्रीय महाधिवेशन के बाद की सांगठनिक स्थिति पर समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा वर्तमान राजनीतिक हालात, आसन्न घाटशिला विधानसभा उपचुनाव और बिहार विधानसभा चुनाव पर भी विस्तार से विचार-विमर्श होगा। साथ ही, सदस्यता अभियान की प्रगति और आगे की दिशा पर भी चर्चा की जायेगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, अन्य मुद्दों पर भी अध्यक्ष की अनुमति से विचार किया जायेगा।

# पश्चिम बंगाल: जलपाइगुड़ी में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर जानलेवा हमला

**भाजपा ने आरोप लगाया है कि उसके पार्टी कार्यकर्ताओं पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य करने के लिए हमला किया जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को जायजा लेने पहुंचे भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर सोमवार को स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गये। भाजपा विधायक डॉ. शंकर घोष ने आरोप लगाया कि राहत सामग्री वितरित करते समय नागराकाटा में उन पर और मालदा उत्तर के सांसद खगेन मुर्मू पर भीड़ ने हमला किया।

आरोप है कि सांसद मुर्मू और विधायक शंकर घोष को स्थानीय लोगों ने कथित तौर पर धक्का दिया, जब वे उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के बाढ़ प्रभावित नागराकाटा इलाके में स्थिति का जायजा लेने गये थे। घोष ने अस्पताल ले जाये जाने से पहले खून से सने सांसद मुर्मू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया और दावा किया कि नागराकाटा इलाके में स्थानीय लोगों ने उन्हें धक्का दिया और उनके वाहन में तोड़फोड़ की।

सिलीगुड़ी से भाजपा विधायक घोष ने कहा कि घटना के तुरंत बाद उन्हें मालदा उत्तर के सांसद को अस्पताल ले जाने के लिए वहां से निकलना पड़ा।

भाजपा नेताओं पर हमले की निंदा करते हुए केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि इस घटना से पता चलता है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने कहा, आज हमारे प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा की एक टीम राहत कार्य के लिए, लोगों से मिलने वहां गयी थी... ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से रोहिंग्याओं को लाकर और उन्हें यहां बसाकर ऐसी स्थिति पैदा की है। मुझे लगता है कि यह पहले से योजनाबद्ध था और इसमें मुख्यमंत्री भी शामिल हैं, क्योंकि इतना बड़ा हमला मुख्यमंत्री की जानकारी के बिना नहीं हो सकता।

पश्चिम बंगाल भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कथित हमले को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और इसे टीएमसी का जंगल राज बताया।

# बीस साल से बांस-बल्ली के सहारे नदी पार कर रहे चैनपुर के ग्रामीण

**भारी बारिश ने छीना एकमात्र सहारा, पुल टूटकर बह गया**

श्याम बच्चन यादव



**गढ़वा/सगमा।** प्रखंड के चैनपुर गांव स्थित कुशवाहा टोला के ग्रामीण पिछले बीस वर्षों से बांस-बल्ली से बने अस्थायी पुल के सहारे अपनी जीवन की नैया पार कर रहे हैं। करीब एक सौ घरों की आबादी वाले इस टोला के लोग हर दिन इसी पुल से होकर दुधवा नदी पार कर उत्तर प्रदेश के विंढमगंज बाजार पहुंचते हैं। विंढमगंज बाजार ही इन ग्रामीणों के लिए रोजमर्रा की जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई और बीमारों के इलाज का मुख्य केंद्र है। ग्रामीण बताते हैं कि कुशवाहा टोला क्षेत्र का यह इलाका सब्जी उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यहां के लगभग नब्बे प्रतिशत लोग बड़े पैमाने पर सब्जी की खेती करते हैं और अपनी उपज विंधमगंज बाजार में बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। हर दिन दर्जनों सब्जी विक्रेता इसी अस्थायी बांस पुल से होकर नदी पार करते हैं। मगर बीते दिन हुई भारी बारिश में यह पुल टूटकर बह गया, जिससे ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। अब ग्रामीणों को नदी पार करने के लिए जोखिम उठाकर बांस-बल्ली के सहारा लेना पड़ रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई, सब्जी व्यापार और बीमारों का इलाज गंभीर रूप से प्रभावित हो जाता है। ग्रामीण अशोक कुशवाहा, राम स्वरूप कुशवाहा, उदय कुशवाहा, राम कुमार कुशवाहा, प्रभात कुशवाहा, रत्न कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, अजय कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा, विजय कुशवाहा, बिनोद कुशवाहा और अमित कुशवाहा ने बताया कि वे लोग बीस वर्षों से अपने पैसे से हर साल बांस का पुल बनवाकर किसी तरह जीवन गुजार रहे हैं। कई बार उन्होंने पुल निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों से गुहार लगायी, पर अब तक स्थायी पुल नहीं बन सका।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव ने चुनाव के दौरान वादा किया था कि उन्हें जिताने पर तीन माह के भीतर पुल का निर्माण कराया जायेगा, लेकिन वादा आज तक अधूरा है। वहीं, प्रखंड प्रमुख अजय साह ने बताया कि आगामी 8 अक्तूबर को जिला परिषद की मासिक बैठक में वे उपायुक्त से चैनपुर कुशवाहा टोला में स्थायी पुल निर्माण की मांग करेंगे, ताकि ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो सके।

# पावर स्टार पवन सिंह के लखनऊ फ्लैट पर पत्नी ज्योति सिंह ने मचाया बवाल

**पवन सिंह मेरे सामने लड़की को होटल ले गये : ज्योति सिंह**

**मुझे थाने जाना पड़ा तो जहर खाकर जाऊंगी, जब इलेक्शन था तो पवन सिंह ने मुझे यूज किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लखनऊ।** भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह के लखनऊ वाले फ्लैट पर रविवार को जमकर बवाल हुआ। बिहार से पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह अंसल गोल्फ सिटी स्थित घर आयीं। करीब डेढ़ घंटे दोनों के बीच बातचीत हुई। घंटों ड्रामा चला। फिर पवन सिंह वहां से चले गये। ज्योति सिंह पूरी रात घर पर ही रुकी रहीं। लेकिन, उनके साथ पवन सिंह नहीं रुके। उन्होंने दूसरे फ्लैट में राती काटी। थोड़ी देर में पुलिस आ गयी। इसके बाद जमकर हंगामा हुआ। ज्योति ने कहा कि ऐसे इस घर से नहीं जाऊंगी। यहां से मेरी अर्थी उठेगी। ज्योति सोशल मीडिया पर लाइव भी आईं। उन्होंने फूट-फूटकर रोते हुए कहा कि पवन जी ने पुलिस थाने में एफआइआर की है। मुझे लेने के लिए पुलिस आयी है। मैं इतना परेशान हो चुकी हूं कि जहर खाकर मर जाऊंगी।

### क्या है वीडियो में

वीडियो में ज्योति सिंह कहती हैं, नमस्कार मैं हूं ज्योति सिंह और मैं आ चुकी हूं लखनऊ में, पवन सिंह के घर पर। पवन जी ने हमारे लिए पुलिस थाने में एफआइआर किया है और मुझे लेने के लिए पुलिस के जवान आ चुके हैं। ज्योति आगे कहती हैं कि मैं आप लोगों के कहने पर यहां आयी थी। आपने कहा था भाभी आप जाइए, हम लोग देखेंगे कि आपको कौन घर से निकालता है? अब आप फैसला करिए कि मुझे न्याय कैसे मिलेगा। आप लोग जनता हैं, आप ही बताइए कि मुझे न्याय कैसे मिलेगा? ज्योति पुलिस अधिकारी से पूछती हैं कि मैडम आप किस केस में हमें लेने आई हैं। आज हमें एक वजह दीजिए कि क्यों थाने ले जा रही हैं? पुलिस अधिकारी उन्हें समझाती हैं। कहती हैं आप और पवन सिंह के बीच डायवोर्स का केस चल रहा है। इसमें मारपीट की बात भी दर्ज है। आप यहां रहेंगी तो आप के साथ कुछ भी हो सकता है। इस पर ज्योति ने कहा- कि मैंने सिर्फ गुजारे-भत्ते का केस किया है। फिर ज्योति के साथ रही एक दूसरी महिला उन्हें मोबाइल देती है। उस मोबाइल पर ज्योति सिंह के वकील दूसरी तरफ से बात कर रहे थे। वह अपने वकील से कहती हैं कि भइया, पुलिस वाले पता नहीं किस बेसिस पर मुझे थाने ले जा रहे हैं। एसएचओ धमकी दे रहे हैं कि आप के खिलाफ झूठा केस कर देंगे। मेरे पास इसकी रिकॉर्डिंग है। मैंने वीडियो बना लिया है। भइया, हम अपने पति के घर आये हैं। इस बात पर एफआइआर हो रहा है। आगे ज्योति कहती हैं कि हम आपके यानी फैंस कहने पर यहां आये थे, क्योंकि आपने कहा था कि भाभी आप जाइए, देखते हैं कौन निकालता है? मैं उनकी पत्नी बनकर यहां आई हूं। देखिए पुलिस के लोग हमको लेने आये हैं। अब हम थाने में जा रहे हैं। अब आप लोग फैसला करेंगे। आप जनता हैं। आप फैसला करेंगे कि हमें न्याय कैसे मिले। मुझे बार-बार यहां बेइज्जत किया जा रहा है। इस दौरान ज्योति फूट-फूटकर रोने लगीं। उन्होंने कहा कि मैं इसी घर में जहर खाकर मरूंगी। यहां से मेरी लाश जायेगी। मैं गरीब घर की बेटी हूं, शरीफ घर की बेटी हूं। यहां से मुझे थाने जाना पड़ा तो जहर खाकर जाऊंगी।

### चुनाव था तो मेरा यूज किया

ज्योति ने कहा कि पवन जी समाज की सेवा करेंगे। करवा लीजिए समाज की सेवा। जब इलेक्शन था तो पवन जी ने मुझे बुलाकर यूज किया। इसके बाद दूसरी लड़की को लेकर होटल गये। सब पूछते थे कि चुनाव के बाद वापस घर क्यों आ गयी। पवन जी चुनाव के 20 दिन बाद मेरे सामने एक लड़की को लेकर होटल गये। पत्नी होने के नाते मैं यह नहीं बर्दाश्त कर सकती थी। इसलिए घर वापस आ गयी।

### पति से बिना मिले नहीं जाऊंगी: ज्योति सिंह

ज्योति सिंह ने अपार्टमेंट के बाहर खड़े होकर कहा कि वह बिना पति से मिले वापस नहीं जायेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने पहले ही बताया था कि मैं मिलने आ रही हूं, अब मिलकर ही लौटूंगी। उनकी इस जिद के चलते अपार्टमेंट के बाहर भीड़ जुट गयी। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा।

### आरोपों पर क्या बोली पुलिस?

डीसीपी साउथ ने बताया कि यह उनका पारिवारिक मामला है, किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि पवन सिंह के भाई ज्योति सिंह को अपने साथ लेकर चले गये हैं। वहीं जब इस पूरे मामले की जानकारी के लिए सुशांत गोल्फ सिटी थाने के एसएचओ से फोन पर बात करने की कोशिश की गयी तो, एसएचओ ने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। एसएचओ ने कहा कि डीसीपी साहब ने इस मामले में बयान दिया है, वही बयान है। एसएचओ ने बातचीत के दौरान किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। ज्योति सिंह ने अपने लाइव में एसएचओ पर भी गंभीर आरोप लगाये हैं।

### पवन सिंह की छवि को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह मामला पवन सिंह की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। विरोधी दल अब इस मुद्दे को हाथ में लेकर उन्हें बैकफुट पर लाने की कोशिश करेंगे। दरअसल, पवन सिंह और ज्योति सिंह के रिश्ते में खटास पिछले साल लोकसभा चुनाव के बाद से ही बढ़ने लगी थी। जब पवन सिंह काराकाट सीट से मैदान में उतरे थे, तब ज्योति ने उनके लिए प्रचार किया था और लोगों से वोट मांगे थे। लेकिन चुनाव के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गयीं। बताया जाता है कि ज्योति भी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही थीं और लगातार रोहतास और औरंगाबाद जिलों में सक्रिय रहीं। हालांकि, जैसे ही पवन सिंह ने बीजेपी में दोबारा वापसी की, हालात बदल गये। ज्योति ने खुलकर कहा कि वह अपने पति से मिलेंगी और अपने अधिकार की बात करेंगी। रविवार को वह इसी सिलसिले में लखनऊ पहुंचीं, लेकिन वहां उन्हें रोक दिया गया और फिर वह सन्नाटा, जो कुछ मिनटों में बवाल में बदल गया। अब सवाल यह है कि इस विवाद का असर पवन सिंह की सियासत पर कितना पड़ेगा। बीजेपी के भीतर ही कई लोग इस विवाद से असहज महसूस कर रहे हैं।

### भाजपा का प्लान बी

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने एक बार फिर भगवा खेमे में वापसी की है। बीजेपी में दूसरी बार एंट्री के बाद प्रदेश के कई नेताओं से मिले। बीजेपी की सबसे ताकतवर केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ तस्वीर ने साफ किया कि शाहाबाद में वह बड़ा रोल निभाने वाले हैं। लेकिन राजनीति हो या भोजपुरिया माहौल गायक पवन सिंह की दुनिया विवादों के धुन पर खूब थिरकते रही है। वह एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार भी चर्चा की वजह केवल राजनीति ही नहीं है। अब यह कानाफूसी हो रही है कि पवन सिंह दूसरी पत्नी ज्योति सिंह को तलाक देकर किसी और के साथ सात फेरे लेने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार एक्टर पवन सिंह की स्टारडम के बलबूते वोट काटने की उम्मीद कर रही बीजेपी अब उनके लिए प्लान बी बना रही है।

### स्टारडम पर भारी न पड़ जाये ज्योति सिंह की गुहार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का बिगुल बज चुका है। बिहार के सभी राजनीतिक दल एक-एक वोट बटोरने के लिए पांसे फेंकने शुरू कर दिये हैं। नेताओं और फिल्म स्टारों का भी राजनीतिक दलों में एंट्री-एग्जिट का दौर चल रहा है। मगर सबकी नजरें भोजपुरी गायक-एक्टर पवन सिंह पर टिकी हैं। संयोग है कि जब वह दोबारा बीजेपी के स्टार प्रचारक बनने वाले हैं, दूसरी बीवी ज्योति सिंह के साथ उनके रिश्ते की चर्चा हो रही है। ज्योति सिंह के गुहार और मनुहार वाले वीडियो सियासी हलकों में भी खलबली मचा रहे हैं। वह आत्महत्या की धमकी दे चुकी हैं। बीजेपी के कई नेता मानते हैं कि ज्योति के आरोप पवन सिंह के स्टारडम पर भारी पड़ सकते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.0 °C | 21.0 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.32 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.42 बजे |



### बाबूलाल मरांडी ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर उठाये सवाल

# क्या यह मतांतरण करानेवाले गिरोहों को सुरक्षा देने की तैयारी है : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी सिमडेगा जिला प्रशासन द्वारा चर्च की सुरक्षा को लेकर की गयी बैठक पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में झारखंड में कई जगह संतालों के जाहेरथान, मांझीथान की जमीनों पर कब्जा एवं अतिक्रमण की घटनायें हुईं, विवाद हुआ और ये सब हो रहा है। आदिवासियों के सरना स्थल, मसना स्थल, हड़गड़ी के जमीनों के अतिक्रमण का विरोध और सुरक्षा को लेकर लोगों को आये दिन आंदोलन करना पड़ रहा है। झारखंड के मंदिरों पर हमले हुए हैं। मंदिरों पर कहीं बम फेंके गये, कहीं पथराव हुआ, तो कहीं देवी-देवताओं की प्रतिमाएं खंडित की गयी। लेकिन क्या कभी राज्य सरकार ने इनसबों की सुरक्षा को लेकर उन समाज के धर्मगुरुओं के साथ कोई बैठक की? जवाब है, नहीं! उन्होंने कहा कि अब सिमडेगा में चर्च की सुरक्षा के लिए खुद डीसी, एसपी और प्रशासनिक अधिकारी इसाई धर्मगुरुओं के साथ बैठक करने जा रहे हैं। आखिर चर्च को ही विशेष सुरक्षा की जरूरत क्यों महसूस की जा रही है? क्या यह उन मतांतरण कराने वाले गिरोहों को सुरक्षा देने की तैयारी है, जो चंगाई सभा के नाम पर भोले-भाले आदिवासियों को धर्मांतरण करा रहे हैं? उन्होंने कहा कि चर्च की साजिश, ऐसे चर्च प्रेमी अफसरों की कारगुजारी एवं चंगाई सभा में रोग भगाने जैसे अंधविश्वास को बढ़ावा देने के कारण ही सिमडेगा में आज लगभग 51 प्रतिशत आबादी का इसाई धर्म में मतांतरण हो चुका है। ऐसे में सरकार प्रायोजित इस बैठक के पीछे छिपी मंशा को लेकर लोगों के मन में संदेह है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अगर सुरक्षा व्यवस्था करनी ही है, तो सिर्फ चर्च के लिए क्यों? सरना, मसना, हड़गड़ी स्थल, जाहेरथान, मांझीथान, मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारों की भी सुरक्षा की चिंता क्यों नहीं? सिमडेगा में होने वाली बैठक का मूल एजेंडा सार्वजनिक किया जाये, या फिर सभी धर्म/समाज के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उन सबों के धर्मस्थलों के सुरक्षा पर चर्चा की जाये।

# हेमंत सोरेन सरकार सबकी सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है: विनोद पांडेय

**भाजपा की राजनीति केवल झूठे आरोपों और धार्मिक ध्रुवीकरण पर टिकी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा झूठ, भ्रम और सांप्रदायिकता के सहारे जनता को गुमराह करने में लगी है। हेमंत सरकार सबकी सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है, किसी एक धर्म के लिए नहीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार पर लगाये गये आरोपों पर झामुमो ने कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की अस्मिता और सामाजिक ताने-बाने को सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा की राजनीति ने पहुंचाया है, जो हर बात में धर्म और नफरत का रंग भरने की कोशिश करती है।

उन्होंने कहा कि सिमडेगा में चर्च की सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक बैठक पूरी तरह एक कानूनी और शांति-सुव्यवस्था का मामला है, न कि किसी धर्म विशेष के पक्ष में उठाया गया कदम। पांडेय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कही बात एकता राज्य के लोगों का सबसे बड़ा हथियार है, जिन्हें न तो विभाजित किया जा सकता है और न ही चुप कराया जा सकता है का खासतौर पर उल्लेख किया। पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नेतृत्व झारखंड में धार्मिक सद्भावना, विभिन्न धर्मों और धार्मिक समूहों के बीच आपसी समझ, सम्मान, सहनशीलता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को दर्शाता है। जिसमें सभी लोग एक दूसरे के विश्वासों का आदर करते हैं और भेदभाव या संघर्ष के बजाय सामंजस्य में रहते हैं।

हेमंत सोरेन की इसी ताकत के आगे भाजपा की राजनीति धराशायी हो गयी है। कहने की जरूरत नहीं झारखंड के इतिहास में लगातार दूसरी बार राज्य की महान जनता ने हेमंत सोरेन को सत्ता की बागडोर सौंपी। वह भी प्रचंड बहुमत के साथ। विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि राज्य के हर नागरिक की सुरक्षा, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या क्षेत्र से जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बात से बेचैन है कि हेमंत सरकार लगातार सामाजिक सौहार्द्र और विकास की दिशा में काम कर रही है, जबकि भाजपा की राजनीति केवल झूठे आरोपों और धार्मिक ध्रुवीकरण पर टिकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हमेशा सभी धार्मिक स्थलों सरना स्थलों, मांझी थानों, मंदिरों, मस्जिदों और गुरुद्वारों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। जब भी कहीं तनाव या विवाद की स्थिति बनी, प्रशासन ने तुरंत हस्तक्षेप कर शांति कायम की है और लोगों ने भी मिसाल पेश किया है। लेकिन, भाजपा को इन तथ्यों से कोई मतलब नहीं, उसका एकमात्र एजेंडा झूठ और भय फैलाकर वोट बटोरना है।

उन्होंने सवाल पूछा, मरांडी जी बतायें, उनके शासनकाल में कितने सरना, मंदिर या गुरुद्वारा सुरक्षित थे? कितनी घटनाओं में दोषियों पर कार्रवाई हुई थी ? अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा को याद रखना चाहिए कि झारखंड की धरती विविधता में एकता की प्रतीक है। यहां लोगों की अस्मिता और अधिकार का सवाल सर्वोपरि है और हेमंत सरकार उसी की रक्षा के लिए संकल्पित है।

# स्वदेशी अभियान से ही आत्मनिर्भर बनेगा भारत: बाबूलाल मरांडी

**■ मोदी सरकार में भारत तेजी से बन रहा स्वावलंबी : आदित्य साहू**

**■ भारत में स्वदेशी भाव सिर चढ़कर बोल रहा : संजय सेठ**

**■ विधानसभा सम्मेलन में जनभागीदारी बढ़ायें : कर्मवीर सिंह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में वक्तागण की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। भाजपा सभी विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन आयोजित कर स्वदेशी अभियान को जन-जन तक ले जायेगी।

प्रदेश की कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू, केंद्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, चंपई सोरेन सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक शामिल हुए। बिहार चुनाव अभियान की दृष्टि से प्रवास पर गये प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यशाला को ऑनलाइन संबोधित किया। संचालन प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन परितोष सोरेन ने किया। बाबूलाल मरांडी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्वदेशी आंदोलन से ही आत्म निर्भरता के संकल्प को सिद्धि में बदलेगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी भाव भारत की आत्मा है। इस भाव के लोप होने से ही वर्षों की गुलामी झेलनी पड़ी।

उन्होंने कहा कि आजाद भारत में भी कांग्रेस की सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की पहल नहीं की। आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन 2047 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जन भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल स्वदेशी आंदोलन को आगे बढ़ायेगा। हमें सम्मेलन, गोष्ठी, संपर्क के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ानी है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भर भारत बन रहा है।

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि मोदी सरकार ने आपदा को भी अवसर में बदल दिया। आज स्वदेशी आंदोलन देश भर में जोर पकड़ चुका है। दुनिया की अर्थव्यवस्था डगमगा रही जबकि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा। केवल सितंबर माह में जीएसटी संग्रह 1 लाख 81 हजार करोड़ हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत में आज 1 लाख 92 हजार स्टार्टअप हैं। नेवी स्वदेशी उपकरणों के साथ आत्मनिर्भर हो गया है। देश में 6 करोड़ से ज्यादा एमएसएमइ हैं। रक्षा क्षेत्र में भारत का निर्यात 34 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए देश के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 10 से 15 अक्टूबर के बीच होने वाले विधानसभा सम्मेलन स्वदेशी आंदोलन को मजबूती प्रदान करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने जीएसटी सुधार को स्वदेशी आंदोलन की कुंजी बताया। कहा कि स्वदेशी अभियान और जीएसटी सुधार दोनों पूरक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता की क्रय शक्ति बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है जिससे स्वदेशी अभियान को मजबूती मिलेगी।

# 17 को रांची में आदिवासी हुंकार महारैली में शामिल होगा खरवार भोगता समाज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कहा-आदिवासी समाज के हक अधिकार पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जायेगा**

**रांची।** खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति की बैठक करमटोली धुमकुड़िया भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय सलाहकार झलकू गंझू एवं संचालन रामलखन गंझू एवं प्रेम गंझू ने किया। बैठक में 17 अक्टूबर को रांची प्रभात तारा मैदान धुर्वा में आदिवासी बचाव मोर्चा एवं विभिन्न आदिवासी संगठनों के द्वारा आहूत आदिवासी हुंकार महारैली को सफल बनाने एवं इसमें समाज की सहभागिता को लेकर चर्चा की गयी।

बैठक सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कुर्मी को एसटी में शामिल करने के विरोध में रांची पर प्रभात तारा मैदान में आदिवासी हुंकार महारैली में खरवार भोगता समाज के लोग शामिल होंगे। केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहा कि यह ऐतिहासिक महारैली होने जा रहा है जिसमें खरवार भोगता समाज की भी काफी भागीदारी होगी। इसके लिए सभी जिला स्तर पर बैठक और जनसंपर्क कर इसकी जोर शोर से तैयारी की जायेगी। आदिवासी समाज के हक अधिकार पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके लिए पूरा आदिवासी समाज अब एकजुट हो गया है। इसलिए महारैली में खरवार भोगता समाज लाखों की संख्या में पूरे झारखंड से अपने पारंपरिक वेश भूषा और सांस्कृतिक गाजे-बाजे के साथ शामिल होंगे। बैठक में पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष कैलाश गंझू, रामनाथ गंझू, कौलेश्वर गंझू, बिगन सिंह भोगता, सुदर्शन भोगता, हीरालाल भोगता, उमेश सिंह भोगता, दर्शन गंझू, रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता, सचिव हर्षनाथ भोगता, चतरा जिला सचिव विजय सिंह भोगता, उपाध्यक्ष कामेश्वर भोगता, लातेहार जिला सचिव सत्यनारायण गंझू, हजारीबाग जिला अध्यक्ष बालदेव गंझू, खूंटी जिला अध्यक्ष भोला प्रधान, संजय प्रधान, बोकरो जिला अध्यक्ष सोहन गंझू, रामगढ़ जिला अध्यक्ष अजय भोगता, कजरु गंझू, प्रकाश गंझू, रामधारी गंझू, सुरेश गंझू, नरेश गंझू, धनराज भोगता ,अर्जुन गंझू, रामधन गंझू, सेवा गंझू, मनमोहन गंझू, अमृत खरवार, हरिहर भोगता, बंधन गंझू, परमेश्वर भोगता, रघुनंदन गंझू, प्रयाग गंझू, दिनेश गंझू,अजय गंझू, लहरू गंझू, विनोद गंझू, मंजीत भोगता, दीपक गंझू, संतोष कुमार गंझू, बीरेंद्र गंझू, तपेश्वर भोगता, प्रदीप गंझू, सूरज गंझू आदि उपस्थित थे।

### बंगाल में आदिवासी सांसद खगेन मुर्मू पर हुआ कातिलाना हमला

# टीएमसी शासन में गुंडों का बोलबाला जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं: आदित्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर हमला की निंदा की है। उन्होंने कहा कि ममता सरकार गुंडागर्दी को बढ़ावा देती रही है। बंगाल में जनप्रतिनिधि से लेकर आम जनता तक सुरक्षित नहीं हैं। सभी त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। टीएमसी का बंगाल में क्रूरता का बोलबाला हो गया है। सेवा की सजा दी गयी है। यही ममता सरकार का असली चेहरा है। उन्होंने हमले की उच्च स्तरीय जांच कराकर अपराधियों को कठोर दंड देने की मांग की।

उधर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सदस्य समीर उरांव ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता सरकार में सत्ता संपोषित गुंडागर्दी हावी है। आम जनता के साथ जन प्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं हैं। आम खास सभी भयभीत और परेशान हैं। बहन बेटियां असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि आज पश्चिम बंगाल के जनजाति क्षेत्र में भारी बारिश के कारण आम जनजीवन तबाह हो चुका है।

# 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग करने वाले पर बिफरे राजेंद्र प्रसाद

**कहा-जानकारी के अभाव में ओबीसी के लिए मांग रहे हैं 27% आरक्षण**



**रांची (आजाद सिपाही)।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओबीसी को 36 से ,50 आरक्षण देने की अनुसंशा सरकार को भेज चुकी है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों के द्वारा 27% ओबीसी के लिए आरक्षण की मांग करना ओबीसी के साथ धोखा है। राजेंद्र प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों को सुझाव दिया है कि सभी लोग सिर्फ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा को लागू करने का दबाव सरकार पर बनायें। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि जो लोग 27% आरक्षण की मांग कर रहे हैं उन्हें ओबीसी के अधिकारों से कोई लेना-देना नहीं बल्कि ओबीसी के आरक्षण के नाम पर राजनीति करना है।

### घाटशिला उपचुनाव को लेकर सुदेश महतो ने पार्टी नेताओं से चर्चा की

# सुदेश महतो ने क्षेत्रीय नेतृत्व को सशक्त करने पर दिया जोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




रांची। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में अहम बैठक आयोजित की गयी जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के संबंध में पूर्वी सिंहभूम के नेताओं के साथ चर्चा की। बैठक में सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में एनडीए के साथ समन्वय करते हुए आगे बढ़ेगी। साथ ही यह भी कहा गया कि प्रत्याशी एवं चुनावी रणनीति के संबंध में अंतिम निर्णय एनडीए की बैठक में तय किये जाने के बाद लागू होंगे। बैठक में जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का निर्देश दिया गया।

केंद्रीय कार्यालय में हुई इस बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता और क्षेत्रीय नेतृत्व को सशक्त करने पर जोर दिया। पार्टी का मानना है कि क्षेत्रीय मुद्दों का समुचित समाधान और जनता की आशाओं पर खरा उतर कर ही अपेक्षित परिणाम हासिल किया जा सकता है।

बैठक में पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव संजय मेहता, केंद्रीय सदस्य सुखलाल हेंब्रम, पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी, केंद्रीय सचिव हरीश कुमार सिंह एवं केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पूर्वी सिंहभूम जिला और घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख नेता भी मौजूद रहे।

# पतरातू में 500 एकड़ में खुलेगी कोयले की खदान

**संतोष कुमार**

**मुंबई की ट्वेंटी फस्ट सेंचुरी प्राइवेट लिमिटेड को मिला है काम**

**पतरातू में शुरू होगी परियोजना, प्रति वर्ष डेढ़ मिलियन टन कोयले के उत्पादन की तैयारी**

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत पालू पंचायत के ग्राम टोकीसूद में टोकीसुद टू नाम से कोल ब्लॉक का आवंटन मुंबई की कंपनी को आवंटित हो चुका है। अब जल्द कोयले की खदान खुलने जा रही है। इसे लेकर कवायद शुरू हो गयी है। कोयले की खादान खुलने से क्षेत्र में लोगों में खुशी की लहर है। बताया जाता है कि कंपनी प्रशासन और रैयतों के बीच कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है। जानकार बताते हैं कि माइंस के अंतर्गत आने वाले जमीन का मूल्य भी निर्धारित किया जा चुका है। बताया जाता है कि करीब पांच सौ एकड़ में खुदाई का कार्य किया जायेगा। इसमें टोकीसुद के महुआटोला और नकटिटोला के करीब एक सौ परिवारों को कंपनी द्वारा किसी दूसरे स्थान पर बसायेगी। कंपनी द्वारा प्रति वर्ष करीब डेढ़ मिलियन टन कोयले का उत्पादन का टारगेट है। इस खदान के खुलने से हजारों लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इससे पालू पंचायत के साथ-साथ, आस-पास के गांवों में मूलभूत सुविधाओं के साथ ग्रामीणों के बेहतर विकास होने की संभावना दिखाई पड़ती है। रैयतों ने बताया कि उद्योग धंधों के स्थापना से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होता है। इसलिए माइंस खुलनी चाहिए। परंतु कंपनी भी इस माइंस के खुलने से होने वाले विस्थापितों और प्रभावितों के हितों का बेहतर ख्याल रखे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 07 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


## शहीद बीएसएफ जवान अमित कुमार को नम आंखों से दी गयी विदाई



**चौपारण (आजाद सिपाही)।** चौपारण प्रखंड के झापा पंचायत अंतर्गत कोल्हुआ गांव का माहौल सोमवार को शोक और गर्व से भर गया। गांव का जांबाज सपूत बीएसएफ जवान अमित सिंह अब तिरंगे में लिपटकर अपने घर लौटा। जैसे ही पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, पूरा इलाका भारत माता की जय और अमित सिंह अमर रहें के नारों से गूंज उठा। हर आंख नम थी और हर हृदय गर्व से भरा हुआ। अमित सिंह की दिल्ली में डेंगू के इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। वे अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानने वाले सच्चे सैनिक थे। उनके पिता का श्राद्धकर्म चल रहा था, उसी समय सीमा पर बढ़ते तनाव को देखते हुए उन्होंने अपने घर लौटने के बजाय सीमा की रक्षा को चुना। गांव में जब उनका पार्थिव शरीर पहुंचा, तो हजारों की संख्या में ग्रामीण अपने वीर सपूत के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। चतरा मोड़ पर डीएसपी अजीत कुमार विमल, पुलिस आंचल निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने जवान को सलामी दिए और श्रद्धांजलि अर्पित की। लोग अपने वीर बेटे के बलिदान पर रो रहे थे, लेकिन साथ ही गर्व से सिर भी ऊंचा था। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला और जिला परिषद सदस्य रवि शंकर अकेला ने शव यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। रवि शंकर अकेला ने तिरंगा झंडे के साथ शहीद को पुष्प अर्पित किया, जबकि उमाशंकर अकेला ने कंधा देकर कहा, अमित सिंह जैसे सपूत पर पूरा झारखंड गर्व करता है। शहीद अमित सिंह के बेटे ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के समय बीएसएफ के जवानों ने अपने साथी को सलामी दी और गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने शहीद को नमन किया। हर कोई अपने वीर सपूत की प्रतीक्षा में था। जैसे ही पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, मातम की चीखें गूंज उठीं। लेकिन साथ ही लोगों ने यह भी कहा कि अमित सिंह का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।शहीद बीएसएफ जवान अमित सिंह ने दिखा दिया कि सच्ची देशभक्ति किसी अवसर की नहीं, बल्कि त्याग की पहचान होती है। उनका बलिदान हमेशा याद किया जायेगा देश उनका ऋणी रहेगा। अमित सिंह अमर रहें।

## मृतक रोहित के परिजन पहुंचे सांसद कार्यालय दोषियों की गिरफ्तारी की लगायी गुहार




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि की अष्टमी से लापता युवक रोहित साव का शव सोमवार को ओकनी देवी मंडप रोड स्थित एक अर्धनिर्मित मकान के पीछे बरामद होने के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। सोमवार की शाम लगभग 4:30 बजे परिजन सांसद मनीष जायसवाल के कार्यालय पहुंचे और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। सांसद मनीष जायसवाल उस समय शहर से बाहर थे, किंतु उन्होंने घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अपने लोकसभा प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह और सह प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला को कार्यालय परिसर पहुंचकर परिजनों से मिलने और प्रशासनिक स्तर पर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उनके निर्देश के पश्चात दोनों प्रतिनिधि कार्यालय पहुंचे और परिजनों से विस्तृत वार्ता की। इस दौरान संबंधित थाना प्रभारी भी कार्यालय परिसर पहुंचे, जहां शांतिपूर्ण माहौल में बातचीत हुई। वार्ता के उपरांत परिजन संतुष्ट नजर आए और उन्होंने शव का अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। थाना प्रभारी द्वारा त्वरित राहत के रूप में परिजनों को 10,000 रु की सहायता राशि दी गयी, वहीं सीओ द्वारा मंगलवार को 20,000 रु की अतिरिक्त सहायता प्रदान किये जाने की घोषणा की गयी। इस विषय पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। मैं शीघ्र ही हजारीबाग लौटकर मृतक के परिजनों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करूंगा और उन्हें हरसंभव सहयोग और न्याय दिलाने का पूरा प्रयास करूंगा। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## गायत्री परिवार की अगुवाई में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा प्रखंड के ग्राम थाम में सोमवार की सुबह गायत्री परिवार द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। बताते चले कि मेले में लगी दुकानों के कारण मैदान में काफी गंदगी हो गयी थी। गंदगी के कारण फुटबॉल और क्रिकेट का मैच खेलने वालों को काफी परेशानी हो रही थी जिसको लेकर थाम के प्रबुद्ध परिजनों द्वारा सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। गायत्री परिवार के परिजनों ने बताया कि हमारी टीम ने स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। इसके साथ ही हम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। लोग अपने घरों की सफाई तो करते लेकिन कूड़ा सड़कों पर फेंक देते हैं। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना जरूरी है। सफाई अभियान में मुख्य रूप से बिनय कुमार राणा, सम्राट सिंह, प्रदीप साव, दशरथ यादव, बिनोद शर्मा, रामचंद्र राणा, शंकर यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अंटोनी सिंह, कन्हाय यादव, धर्मेंद्र शर्मा, विशाल साव, विशाल गुप्ता, किशोर पंडित, लखन यादव, लिलिया देवी, धनवा देवी, पुनिया देवी समेत महिला फुटबॉल टीम की दर्जनों युवतियां शामिल रही।

## केरेडारी में पेंशन शिविर का आयोजन

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पताल पंचायत भवन में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गत एक सितंबर 2025 के प्राप्त निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना शामिल है। इस शिविर में पताल पंचायत मुखिया नेहा लकड़ा और उप मुखिया अजय मुंडा ने जोरदार विरोध किया और कहा कि पताल में केंद्र व राज्य सरकार कि महत्वाकांक्षी योजना पेंशन के लिए दर्जनों की संख्या में पेंशनधारी पहुंचे है। पर पंचायत भवन में एक भी पदाधिकारी प्रखंड मुख्यालय व जिला मुख्यालय से नहीं पहुंचे है जिसके कारण पेंशनधारियों ने जम कर विरोध करते हुए कहा की अधिकारियों की मनमानी नहीं चलेगा। इस शिविर में पंचायत के हुदूर, तिलैया, कोले, डमरु, फुलझर और हेंदेगीर जैसे दुर्गम गांव से सुविधा अनुसार 15 से 20 किलोमीटर दूरी तय कर गरीब, असहाय, लाचार, वृद्ध व्यक्ति जिसका उम्र 60 से 70 वर्ष जो चलने फिरने से असमर्थ है वह भी पहुंचे है, लेकिन पदाधिकारी नहीं पहुंचे। मौके पर पाताल पंचायत सचिव तालेश्वर राम, ग्राम रोजगार सेवक बलिंदर रविदास, बीएफटी, पंचायत सहायक और सभी आंगनबाड़ी सेविका और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 50 हजार का इनामी दानिश इकबाल गिरफ्तार, उदय साव का था हत्यारा

**उत्तम यादव का था करीबी, बिहार झारखंड में आधा दर्जन से अधिक मामले हैं दर्ज**

**फिरौती लेकर हत्या, लूट, अपहरण और गोली मारने की घटना को देता था अंजाम**

दीपक सिंह




**अपराधिक इतिहास**

दानिश इकबाल पर झारखंड बिहार में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज है, जिनमें लोहसिंघना थाना कांड सं 216/24, आमस थाना कांड सं0-341/23, गुरुआ थाना कांड सं0-271/24, शेरघाटी थाना कांड सं0'555/16, शेरघाटी थाना कांड सं-819/23, शेरघाटी थाना कांड सं0-14/25, शेरघाटी थाना कांड सं0-199/25 और शेरघाटी थाना कांड सं 337/2025 का वांछित अपराधी है।

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग पुलिस ने झारखंड और बिहार का आतंक बन रहे मो दानिश इकबाल को धर दबोचा है। दानिश इकबाल हजारीबाग, चतरा और बिहार राज्य के गया, औरंगाबाद जिला में सक्रिय था और कई बड़े घटना को अंजाम दे चुका था। दानिश इकबाल उत्तम यादव, शक्ति गिरी उर्फ साईको टाईगर, फोटो खान आदि के साथ मिलकर हत्या, लूट, फिरौती, अपहरण और गोली कांड जैसे बड़े अपराध को अंजाम देता था। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन को रविवार को सूचना मिली थी कि दानिश इकबाल नगवा टोल प्लाजा के आस-पास आने वाला है। हजारीबाग एसपी ने लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा को पकड़ने की जिम्मेवारी सौंपी। लोहसिंघना थाना प्रभारी और सशस्त्र बल द्वारा नगवा हवाई अड्डा के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में देखा गया, पुलिस पार्टी को करीब आते देख वह व्यक्ति भागने का प्रयास किया तभी उसे घेर कर पकड़ लिया। पकड़ाये व्यक्ति की पहचान मो दानिश इकबाल पिता स्व मो इकबाल हैदर ग्राम रमना मोहल्ला, थाना शेरघाटी, जिला गया (बिहार) के रूप में हुई। उसके बैग की तलाशी ली गयी जिसमे कई मोबाईल, कई कम्पनी का सीम, राउटर आदी कई समान पाया गया। पकड़ाये दानिश इकबाल ने बताया कि वह उत्तम यादव, शक्ति गिरी उर्फ साईको टाईगर, फोटो खान गैंग का सरगना है। इस गैंग में मेरे अलावे झारखंड और बिहार के 15-20 लड़के मुख्य रूप से हैं। हमलोगों का मुख्य काम व्यपारियों, कारोबारियों, कम्पनीयों से रंगदारी के रूप में मोटी रकम वसूलना है। बता दें कि इनके गैंग के द्वारा दिसम्बर 2024 में हजारीबाग में उदय साव को गोली मारकर हत्या किया गया था। इसके अलावा पूर्व में बिहार राज्य के गया जिला के आमस में अनवर अली हत्या कांड भी इनलोगों द्वारा ही किया गया था। इन्हीं लोगों ने गुरुआ थाना क्षेत्र में भारत माला प्रोजेक्ट का कैम्प में मजदूरों के साथ मारपीट कर, रेकी और गोली-बारी की घटना को अंजाम दिया था। इसी वर्ष 4 जनवरी को शेरघाटी के डॉ तपेश्वर प्रसाद को जान मारने के नियत से उनके क्लीनिक पर बम फेंककर जानलेवा हमला किया था। गिरफ्तार मो दानिश इकबाल के पास से फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पेन कार्ड, मोबाईल, 11 सीम कार्ड, राउटर, नोटबुकके अलावा आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं ड्राईवरी लाईसेंस भी बरामद किया गया।

# रांची जा रही बस पलटी, 11 यात्री घायल

**तीन की गंभीर रूप से घायल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** सोमवार की सुबह जिले के सतगावां थाना अंतर्गत अंगार मोड़ के समीप एक बस पलट गयी, जिससे उसपर सवार 11 लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार सतगावां से रांची जाने वाली सागर नामक बस प्रतिदिन सतगावां से रांची जाती है। सोमवार की सुबह करीब 4:30 बजे जैसे ही सतगांवां थाना क्षेत्र के अंगार मोड़ के समीप पहुंची तो अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे सवार 11 लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही सतगांवां पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। घायल इन 11 लोगों में 3 की स्थिति नाजुक बनी हुई है। स्थानीय लोगों की मानें तो यह बस काफी गति में चलती है और यही वजह रही कि अंगार मोड़ के समीप तीखे घुमाव के कारण बस चालक का बस पर संतुलन नहीं रहा और बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। जानकारी के अनुसार उक्त बस में अधिकांश छात्र, जो हजारीबाग, रांची जैसे शहरों में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं, यात्रा कर रहे थे। घायलों में सचिन कुमार (18, पिता अनिल यादव, ग्राम मोहनपुर), रानी देवी (41, पति राजेश सिंह, पचौरी), ब्रह्मदेव यादव (62, पिता मंगल महतो ग्राम नंदूडीह), अंकित कुमार (20, पिता उदय सिंह, पचौरी), रामस्वरूप यादव (55, पिता प्रयाग यादव, बदाल), काजल कुमारी (18, पिता अनिल यादव, पचौरी), रिया कुमारी (17, पिता अनिल यादव, पचौरी), दीपक कुमार (19, पिता महेंद्र दास, पचौरी), राहुल प्रियदर्शी (25, पिता विजय कुमार, हलकुसा), राजेश कुमार (24, पिता सुखदेव चौधरी, मोदीडीह), ललिता कुमारी (29, पति संतोष कुमार, नांदुरी) शामिल हैं। सतगावां थाना में कार्यरत एसआई अरविंद सिंह जो कोडरमा ट्रेनिंग के लिए उक्त बस से ही जा रहे थे, वे भी घायल हो गये हैं। इधर सभी घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया गया है।

## ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**कोडरमा(आजाद सिपाही)। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, आवास योजना और पंचायती राज की समीक्षा की गयी। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, जैसे मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत शेड निर्माण, मुख्यमंत्री कूप संवर्धन योजना समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रखंडवार रैंकिंग की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि उक्त योजनाओं से संबंधित भुगतान के लंबित मामलों का निस्तारण अगले दो दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और प्रखंड परियोजना पदाधिकारियों को मानव सृजन दिवस बढ़ाने का निर्देश दिया।**

# होली फैमली अस्पताल में महिला की मौत, हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा के लखीबागी स्थित होली फैमली अस्पताल में रविवार की रात एक महिला की मौत के बाद उसके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल प्रबंधन की लापारवाही से महिला की जान चली गयी है। गिरिडीह जिला के राजधनवार चंद्रनगर निवासी कौशल्या देवी (30 वर्ष) को प्रसव पीड़ा के बाद 4 सितंबर को वहां भर्ती कराया गया था। जिसके बाद उसे सिजिरियन के बाद एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया था। लेकिन खून की कमी के कारण खून बढ़ाने का इंजेक्शन लगाये जाने के बाद महिला की स्थिति बिगड़ने लगी और बाद में उसकी मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों ने यह कहकर जमकर हंगामा किया कि अस्पताल प्रबंधन की घोर लापारवाही से जान चली गयी। महिला के पति शंकर कुमार ठाकुर ने कहा कि वे ब्लड लाने सदर अस्पताल गये थे, इसी दौरान बिना इंतजार किये सिजिरियन कर दिया गया और पूछे जाने पर कहा गया कि खून बढ़ाने के लिए इंजेक्शन दिया गया था। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी ने उन्हें बताया कि उन्हे बाथरूम ले जाया गया और छोड़ कर अस्पताल कर्मी चली आई जिसके कारण वह गिर गयी और उन्हें काफी चोट लगी। वहीं दूसरी ओर होली फैमली के इंचार्ज सिस्टर जेसी ने कहा कि यह महिला का तीसरा बच्चा था और वह पहली बार इस अस्पताल में आई थी। उन्होंने कहा कि डिलिवरी के दर्द में महिला के परिजन उन्हें लेकर आये थे और हीमोग्लोबिन महज छह ग्राम था। उन्होंने कहा कि ब्लड बढ़ाने की सूई के बाद महिला की स्थिति बिगड़ी थी। उन्होंने कहा कि किसी तरह की लापारवाही नही बरती गई है। हंगामे के बाद कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान वहां दल बल के साथ पहुंचे और मामले को शांत कराया। हलांकि परिजनों ने थाना में किसी तरह का मामला दर्ज नही कराया है।

# 44 सप्ताह के बाद नवआरक्षक दीक्षांत परेड में हुए शामिल

**पासिंग आउट में 345 नवआरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष संविधान की ली शपथ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** बीएसएफ मेरू के 'रानी झांसी परेड ग्राउंड' में सोमवार को सीमा सुरक्षा बल के 345 नवआरक्षक (ट्रेड्समैन) 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन और साधना के पश्चात बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में धीरेन्द्र एस कुटे, भापुसे महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केंद्र और प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग, ने सलामी ली। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी, लोक प्रतिनिधि सहित संस्थान के अन्य अधिकारीगण और नवआरक्षकों के परिजन उपस्थित रहे। दीक्षांत परेड में शामिल 345 नवआरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष संविधान की शपथ ली और राष्ट्र की एकता, अखंडता व संप्रभुता बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करने का प्रण लिया। समारोह के दौरान शानदार ड्रिल और मार्च पास्ट कर नवआरक्षकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने ओवरआल बेस्ट परफारमेंस समेत विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नवआरक्षकों को पुरूस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। बतौर मुख्य अतिथि धीरेन्द्र एस कुटे, भापुसे महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र और प्रशिक्षण केन्द्र और विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग ने अपने संबोधन मे नवआरक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आज के दीक्षांत परेड के बाद वे औपचारिक तौर पर, सीमा सुरक्षा बल जो की भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है, के अभिन्न सदस्य बन गये हैं और बल में, कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रथम कदम रखने जा रहे हैं। उन्होंने नवआरक्षकों के माता-पिता और परिजनों को भी बधाई देते हुए कहा कि अपने सपूतों को सीमा सुरक्षा बल में भेजकर राष्ट्र-सेवा के कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होने सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के कुशल अनुदेशकों की टीम को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बधाई दी। दीक्षांत परेड के उपरान्त बीएसएफ बैण्ड की धुन ने दर्शकों को काफी आकर्षित और रोमांचित किया। इसके अलावा जवानों तथा केन्द्रीय विद्यालय, मेरू के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यकम का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। सभी पास आउट होने वाले नौजवान जल्दी ही सीमाओं की सुरक्षा विभिन्न वाहिनियों की जिम्मेवारी संभालने जा रहे हैं।

## महालक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक में समिति का पूनर्गठन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेटो पंचायत के चट्टी पेटो स्थित लक्ष्मी मंडप प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महालक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों की एक बैठक रविवार को आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता सेवा निवृत शिक्षक महावीर साहू और रविन्द्र गुप्ता ने की। इस बैठक में पूजा की तैयारियों को लेकर ग्रामीणों ने अपना अपना विचार और सुझाव दिया तत्पश्चात पूजा के सफल आयोजन हेतु समिति का पूर्नगठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से महालक्ष्मी पूजा 2025 का अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, सचिव अमित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष, आकाश कुमार गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार गुप्ता, संयोजक शिवचरण, रविन्द्र कु गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेश कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष बजरंगी यादव, सरोज कुमार गुप्ता, महामंत्री चंदन कुमार गुप्ता, पूजा प्रभारी सौरभ कुमार, पवन कुमार, अमर कुमार, पप्पु कुमार, वहीं महावीर साहू, छोटन साहू, नंदकिशोर साहू, लक्ष्मी साहू, सूरज साहू, नारायण साहू, प्रमोद गुप्ता, बृजनंदन गुप्ता, उदय गुप्ता, विशेश्वर साहू, बजरंगी प्र.गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुरेश साहू, संतोष गुप्ता को संरक्षक बनाया गया है। मौके पर अध्यक्ष संतोष प्रसाद गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष अति उत्साह से भरी आयोजित कार्यक्रम होगा। जिसमें 18 अक्टूबर गायत्री परिवार द्वारा जागरण सह प्रवचन, 19 अक्टूबर इंडियन पब्लिक स्कूल पेटो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम, 20 अक्टूबर राजू हलचल जागरण सह झांकी प्रोग्राम,21 अक्टूबर मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम ऑर्केस्टा का विशेष रूप से आयोजित की गयी है। इस मौके पर चंदन गुप्ता, सोनू गुप्ता, बजरंगी गुप्ता, मोनू गुप्ता, अंकित गुप्ता, भोला गुप्ता, आर्यन गुप्ता, निखिल गुप्ता सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुख्य न्यायाधीश पर हमला न्यायपालिका की गरिमा पर हमला है : सीपीएम


**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सीपीएम ने भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की निंदनीय घटना की कड़ी भर्त्सना की है। पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने बयान जारी कर कहा कि यह घटना न केवल न्यायपालिका की गरिमा पर हमला है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति बढ़ती असहिष्णुता का गंभीर संकेत भी है। यह आपत्तिजनक और स्तब्ध कर देने वाली बात है कि सर्वोच्च न्यायालय की खुली अदालत में एक अधिवक्ता द्वारा मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका गया और सनातन धर्म के नाम पर नारेबाजी की गयी। यह कृत्य न्यायालय की गरिमा और शुचिता पर सीधा प्रहार है। सीपीएम की पोलिट ब्यूरो ने मांग की है कि इस घटना में शामिल अधिवक्ता, जो सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन में पंजीकृत हैं और जिन्हें हिरासत में लिया गया है, के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाये, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पोलित ब्यूरो ने कहा है कि हाल के दिनों में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और पार्टी नेताओं द्वारा खुलेआम किये जा रहे जातिवादी, मनुवादी और सांप्रदायिक बयानों ने ऐसे असामाजिक तत्वों को प्रोत्साहित किया है। समाज में नफरत और विभाजन फैलाने वाले ये विचार न्यायपालिका सहित सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बनाने और उन्हें ध्वस्त करने की साज़िश का हिस्सा है। पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए देशभर के लोकतंत्र पसंद लोगों से अपील करती है कि वे ऐसे हमलों और नफरत फैलाने वाले विचारों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठायें।

## बड़कागांव में काली पूजा समिति का गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के काली मंदिर के प्रांगण में काली पूजा और दीपावली पर्व मनाने को लेकर काली पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस नेता सह काली मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष रामसेवक सोनी और संचालन पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने काली पूजा दीपावली पर्व सोहराब पर्व शांति और भाईचारगी पूर्वक मनाने की अपील किया। बैठक में काली पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रघुनाथ राम, सचिव नारेंद्र राम, कोषाध्यक्ष राजू कुमार, संरक्षक चेतलाल राम, राजीव रंजन, सिकंदर राम, अशोक कुमार राम सुकेश कुमार, संयोजक रामेश्वर राम, महेश राम, अजीत कुमार रवि, उपाध्यक्ष जयप्रकाश राम, देवनारायण राम, संजय निगम, आशीष आर्य, अविनाश आहूजा उप कोषाध्यक्ष आकाशदीप, उप सचिव संतोष राम, संतोष रविदास, सुनील कुमार, मनोरंजन मंत्री रवि राम, विनोद राम, पूजा प्रभारी रामवृक्ष राम, सूरज कुमार, संगठन मंत्री सुरेंद्र राम, सरयू राम, धीरंजन राम को सर्व समिति से चुना गया। कार्यकारी सदस्य के रूप में नवज्योति क्लब व अंबेडकर युवा क्लब और गणमान्य लोग समेत 21 सदस्यों को चुना गया। मौके पर कर्णपुरा कॉलेज के प्राचार्य प्रो कीर्तिनाथ महतो, पूर्व विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर बालेश्वर महतो, पूर्व मुखिया विशुन रजक, रामपति राम, रवि राम, संदीप कुशवाहा, सावर अग्रवाल, राजू सोनी, शंभू चौरसिया, दिलीप महतो, सनी कुमार, बृजेश सोनी, किशोर मेहरा, संतोष कुमार राम, रंजन राम, अरुण राम, मनोज कुमार राम, रवि विश्वकर्मा, यदुनंदन मिश्रा, शंकर मिश्रा, रजनीश मिश्रा, आदित्य प्रजापति, शुभम विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## जामु की टीम ने अंबाडीह को 33 रन से हराया



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मरकच्चो क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन सोमवार को मुखिया दीपक कुमार पांडेय व बीस सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह रिंकू ने फीता काट कर और नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन मैच जामु क्रिकेट क्लब बनाम अम्बाडीह क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। अम्बाडीह की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया। जामु की टीम ने अम्बाडीह को 33 रनो से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जामु की टीम ने निर्धारित आठ ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाये। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी अम्बाडीह की टीम 53 रन ही बना सकी। जामु टीम की ओर से 39 रन बनाने वाले साहिल कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच में अम्पायर की भूमिका बाबु आलम व रिक्कू आलम ने निभाई। मौके पर बबलु यादव, नकुल यादव, मुन्ना राणा, संजीव कुमार, वीरू मोदी, संदीप कुमार, सोनू आलम, दिलवर आलम, अमित तिवारी, राजा आलम समेत कमिटी के सदस्य प्रतियोगिता को सफल बनाने में लगे हुए थे।

## मगध संघमित्रा कार्यालय में किया सौंदर्यीकरण




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत, मगध संघमित्रा क्षेत्र में कार्यालय परिसर अवंतिका ट्रांजिट कैंप और उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई कर सौंदर्यीकरण किया गया। सफाई प्रक्रिया चरणबद्ध और सतत रूप से की गयी। पहले चरण में, अपशिष्ट और अलग-अलग डंपिंग स्थल की पहचान की गयी। दूसरे चरण में, अपशिष्ट को जैवनिम्नीकरणीय और अजैवनिम्नीकरणीय दो श्रेणियों में विभाजित किया गया। अंतिम चरण में, जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट लगभग 0.2 टन को मिट्टी के नीचे डाला गया, और कांच जैसे अजैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट लगभग 0.3 टन को अभियान अवधि के दौरान आगामी दिनों में अपशिष्ट से धन गतिविधि के अंतर्गत कलात्मक कार्यों में उपयोग के लिए रखा गया है।

## छात्राओं को कानूनी अधिकारों के बारे में दी गयी जानकारी



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा सचिव के निर्देशानुसार सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के पैनी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहसिंघना विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता, मिथलेश कुमार, अक्षय कुमार, बिहारी कुमार, मनीष रजक, अजय कुमार, गुड़िया कुमारी और सुधीर कुमार मिश्रा ने छात्राओं को कानून के प्रति जागरूक करते हुए सहायता के लिए सुझाव दिया। छात्राओं को बताया कि अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। शिक्षा का अधिकार, मौलिक अधिकार, महिलाओं का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, बाल अधिकार आदि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान नशा उन्मूलन और बाल मजदूर नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गयी। मौके पर सैकड़ों विद्यालय के छात्रा उपस्थित थी।

## नावाडीह पनारी और जोलडीहा पंचायत सचिवालय में लगा विशेष शिविर



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कृतिश्री के निर्देशानुसार चतरा जिला के लिए लोक सेतु पोर्टल अंतर्गत कृषि सहित अनुषंगी विभाग और पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य, भूमि संरक्षण, उद्यान, जेएसएलपीएस विभाग में संचालित कतिपय विभिन्न योजनाओं का लाभ देने हेतु सोमवार को प्रखंड के नावाडीह और जोलडीहा पंचायत सचिवालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों योग्य लाभुक के द्वारा योजना की लाभ हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया। दोनों पंचायत से कुल 201 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें पशुपालन विभाग 11, उद्यान विभाग 19, गव्य विकास योजना 21, जेएसएलपीएस 51, जन्म प्रमाण पत्र 50 प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 42 और आयुष्मान कार्ड से 7 आवेदन प्राप्त हुए।

## लापता टोटो चालक का शव बरामद

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के लोहसिघना थाना क्षेत्र अंतर्गत ओकनी में सोमवार को सुबह एक अधूरे घर में एक टोटो चालक की संदेहास्पद स्थिति में शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। लेकिन शव मिलने की बात शहर में हल्ला होने पर लाश की पहचान रोहित कुमार साव उम्र 24 वर्ष पिता बच्चू साव के रूप में की गयी। जो ओकनी शिव मंदिर तेली टोला का निवासी है। बताया जाता है कि वह 30 सितंबर अष्टमी के दिन से लापता था। वह पेशे से टोटो चालक था। मृतक का एक ढाई साल की बच्ची भी है। उसके लापता होने के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को भी दी थी। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। इसी बीच उसका शव मिलने के बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। दर्जनों महिला पुरुष अस्पताल के समक्ष सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना के बाद लोहसिघना पुलिस जाम स्थल पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन आक्रोशित महिला पुरुष सांसद मनीष जायसवाल के आवास पर न्याय की मांग को लेकर पहुंच गये। सांसद के बिहार चुनाव में व्यस्त रहने के कारण उनके प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा की मौजूदगी मे न्याय का भरोसा दिलाया। इसके बाद हंगामा शांत हुआ। फिर परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव को ले गये।

## जिला योजना, सीएसआर और डीएमएफटी योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में योजना और विकास शाखा और सभी इंजीनियरिंग विंग के साथ अनटाइड फंड, डीएमएफटी, सीएसआर, सांसद निधि (एमपी लैंड) और विधायक निधि (एमएलए लैंड) की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक की शुरुआत पूर्व में दिये गये निर्देशों पर की गयी कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा से हुई। अनाबद्ध निधि के अंतर्गत भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, नगर परिषद, ग्रामीण विशेष प्रमंडल, जिला परिषद, खेल और पर्यटन विभाग, नगर पंचायत, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल सहित अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गयी। उपायुक्त ने डीएमएफटी से संबंधित आय और व्यय की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग रॉयल्टी की राशि समय पर जमा करें। डीएमएफटी के तहत वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2025-26 तक कराये गये योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड विधानसभा की याचिका समिति ने रामगढ़ जिले का किया दौरा, दिये निर्देश

**सदस्यों ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ कि बैठक, दिये दिशा निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा की याचिका समिति ने सोमवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान समिति के सदस्य निर्मल महतो, ममता देवी और नागेंद्र महतो ने परिसदन सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर संबंधित मामलों पर पदाधिकारियों द्वारा की गयी कार्रवाई की जानकारी ली और याचिका से संबंधित सभी मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।

**महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा कर दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश :** परिसदन रामगढ़ में हुई बैठक में झारखंड विधानसभा रांची द्वारा प्राप्त याचिका से राजस्व पथ एन एच, वन विभाग समेत कई विभागों की याचिका से संबंधित समीक्षा कर मामले के निराकरण करने को लेकर सदस्यों ने पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग, नगर परिषद, वाणिज्य कर, भवन निर्माण, विद्युत आपूर्ति, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, भूमि संरक्षण, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज, खनन, राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग, भूअर्जन, पर्यटन खेलकूद और युवा कार्य विभाग, आपूर्ति विभाग, कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों, योजनाओं की प्रगति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### बैठक में ये थे उपस्थित

मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त आशिष अग्रवाल, अपर समाहर्ता गीतांजली कुमारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी, जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर आदित्य प्रसाद साहू को नेता और कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी के नेतृत्व में महेन्द्र प्रजापति और वरिष्ठ नेता जगदीश शर्मा के साथ कुचू ओरमांझी स्थित डॉ आदित्य प्रसाद साहू से मिलने उनके आवासीय कार्यालय पहुंचे। इस दौरान नेता और कार्यकर्ताओं ने श्री साहू को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि आज वो जो कुछ भी हैं वो आप कार्यकर्ताओं के प्यार और स्नेह के बदौलत ही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र राजनीति संगठन है जहां बुथ के कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय पटल पर अपनी छाप छोड़ जाता है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण दायित्व देकर राष्ट्रीय नेतृत्व ने जो भरोसा मुझ पर जताया है उस पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष बाबु लाल मरांडी और प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं रंजन फौजी ने बधाई देते हुए कहा कि डॉ आदित्य साहू के कार्यकारी अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साहवर्धन हुआ है। उनके संगठनात्मक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। वहीं झारखंड भाजपा संगठन को विस्तार होगा और पार्टी सशक्त होगी। पूर्व विधायक और अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलपति बीएन सिंह, ओबीसी मोर्चा के रांची प्रभारी जगेश्वर प्रजापति सहित विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र और बुके देकर उन्हें बधाई दी।

# मुक्तिधाम संस्था के पदाधिकारियों ने की उपायुक्त से मुलाकात, छठ से पहले सफाई की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** मुक्तिधाम संस्था रामगढ़ पदाधिकारियों ने डीसी फैज अक अहमद मुमताज से मिलकर कई समस्याओं को रखा। साथ ही बताया कि हिंदुओं का सबसे पवित्र पर्व छठ पूजा का समय नजदीक आ गया है। इस पर्व को हजारों की संख्या में लोग मनाते है। जिसके कारण दामोदर नदी के तट पर भारी संख्या में भीड़ जुटती है। इसलिए पूजा स्थल पर समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो तो छठ व्रतियों को कोई परेशानी नहीं होगी। संस्था के सदस्यों ने डीसी को अवगत कराया कि श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु छठ घाट का निर्माण कराया जाये। ताकि कोई समस्या नहीं हो। साथ ही एक सुंदर कॉरिडोर के रूप में प्रकाश व्यवस्था कराने की भी अपील किया। जिसपर डीसी ने सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सचिव भास्कर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष और संयोजक कमल बगड़िया, सदस्य राजेश कुमार अग्रवाल, सुरेश बगड़िया आदि मौजूद थे।

## उरलुंग के रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** गोमो बरकाकाना रेलखंड में उरलुंग के दामोदर नद के निकट सोमवार की सुबह एक युवक का शव मिलने की खबर से क्षेत्र में दहशत का माहौल पाया गया। मृतक की पहचान अरगड्डा अंबेडकर नगर झोपड़ी निवासी उन्नीस वर्षीय उदय उरांव पिता संजय उरांव के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलने पर बरकाकाना ओपी पुलिस ने पंचनामा कर शव को कब्जे में लिया। बरकाकाना ओपी पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# जेएलकेएम सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो के आगमन की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

**16 अक्टूबर को चतरा में टाइगर जयराम महतो भरेंगे हुंकार**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हंटरगंज/चतरा।** आगामी 16 अक्टूबर को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो का चतरा आरडीएस महाविद्यालय के समीप मैदान में आगमन और कार्यक्रम की सफलता को लेकर जेएलकेएम कार्यकर्ताओं की एक विशेष बैठक पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिलीप जबकि संचालन प्रखंड सचिव वकील यादव ने किया। सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे हंटरगंज प्रखंड के डुमरी खेल स्टेडियम परिसर में यह बैठक आयोजित की गयी। जेएलकेएम पार्टी प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव ने बैठक का मुख्य उद्देश्य का जानकारी देते हुए बताया कि जेएलकेएम सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो का आगमन आगामी 16 अक्टूबर को जिला मुख्यालय के आरडीएस महाविद्यालय के समीप मैदान परिसर में है। आगमन और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की सफलता को लेकर विचार विमर्श करना है। जिसके तहत कार्यकर्ताओं को प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसमें शामिल होने पर विचार विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से जयराम महतो की भाषण सुनने की अपील भी की है। मौके पर दिलीप यादव, वकील यादव, बबलू यादव, जियाउल कमर, प्रेमलाल कुमार महतो, राहुल यादव, दिलेन्द्र यादव, अनिल पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

**हजारीबाग और कोडरमा की खबरें**

## सांसद मनीष जायसवाल ने 19वां जत्था को चार धाम यात्रा पर रवाना किया




**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र के बुजुर्गों के सम्मान और सेवा में एक अनूठा कदम उठाते हुए सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत 19वें जत्थे को रविवार को चार धाम यात्रा के लिए रवाना किया। चंदवारा पूर्वी पंचायत स्थित दुर्गा मंडप परिसर से कुल 65 तीर्थ यात्रियों का यह जत्था अयोध्या, काशी, प्रयागराज और विंध्याचल के लिए रवाना हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद मनीष जायसवाल ने सभी तीर्थ यात्रियों के पाँव पखारकर और पुष्प वर्षा कर उन्हें विदा किया। उन्होंने सभी की सुखद यात्रा की कामना की। सांसद की ओर से सभी यात्रियों को यात्रा के लिए विशेष पहचान पत्र और एक थैले में अल्पाहार भी भेंट किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह अभियान उन्होंने एक बेटा और भाई के रूप में अपने क्षेत्र के जरूरतमंद बुजुर्गों के सम्मान में शुरू किया है। उन्होंने बताया कि हर पांच दिन में तीर्थ यात्रियों का एक जत्था चार धाम यात्रा कर रहा है। सांसद ने जानकारी दी कि अब तक लोकसभा क्षेत्र की कुल 19 पंचायतों के करीब 1250 से अधिक बुजुर्ग इस महाभियान के तहत सफलतापूर्वक तीर्थाटन कर चुके हैं। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, जुगनू सिंह, मुखिया बीरेंद्र रजक, कोडरमा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य नीतू यादव, चंदवारा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आनंद मोदी, मंत्री मुन्ना कुमार वर्णवाल, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार वर्णवाल, विजय मोदी, नवीन पाण्डेय, राजू यादव, प्रखंड महिला मोर्चा अध्यक्ष सहोदरी देवी, अनीता देवी, उपप्रमुख प्रतिनिधि विजय यादव, रमन यादव, उमाशंकर मोदी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मुख्य न्यायाधीश पर हमला, न्यायपालिका की गरिमा पर हमला है : माकपा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की निंदनीय घटना की कड़ी भर्त्सना की है। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने बयान जारी कर कहा कि यह घटना न केवल न्यायपालिका की गरिमा पर हमला है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति बढ़ती असहिष्णुता का गंभीर संकेत भी है। यह अत्यंत आपत्तिजनक और स्तब्ध कर देने वाली बात है कि सर्वोच्च न्यायालय की खुली अदालत में एक अधिवक्ता द्वारा मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका गया और सनातन धर्म के नाम पर नारेबाजी की गई। यह कृत्य न्यायालय की गरिमा और शुचिता पर सीधा प्रहार है। सीपीएम की पोलिट ब्यूरो ने मांग की है कि इस घटना में शामिल अधिवक्ता, जो सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन में पंजीकृत हैं और जिन्हें हिरासत में लिया गया है, के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सीपीएम का मानना है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता, गरिमा और संविधान के मूल्यों की रक्षा करना हर नागरिक और राजनीतिक दल का दायित्व है। पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए देशभर के लोकतंत्र पसंद लोगों से अपील करती है कि वे ऐसे हमलों और नफरत फैलाने वाले विचारों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं।

## घुटुवा के ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी से व्यवसायियों में भय का माहौल




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग घुटुवा स्थित बैंक ऑफ इंडिया बरकाकाना शाखा द्वारा संचालित ग्राहक सेवा केंद्र सह खुशी कम्युनिकेशन में एलिवेस्टर सीट तोड़कर दुकान से अस्सी हजार की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। ग्राहक सेवा केंद्र संचालक शंकर रविदास ने बताया कि अन्य दिनों की तरह अपने दुकान को सुबह आठ बजे खोला तो दुकान में लैपटॉप और नकद सहित अन्य सामानों को मिला कर कुल लगभग अस्सी हजार मूल्य के समानों की चोरी होने की बात सामने आई। सूचना मिलने के उपरांत बरकाकाना ओपी के पुलिस पदाधिकारी अरविंद सिंह ने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर घटना की जानकारी ली। बताते चलें कि बरकाकाना ओपी से महज चार सौ मीटर के भीतर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को चुनौती दिया है। भुक्तभोगी शंकर रविदास द्वारा बरकाकाना ओपी में दिये गये आवेदन पर पुलिस प्रशासन छानबीन में जुट गयी है। भुक्तभोगी शंकर ने बताया कि कर्ज लेकर जेनरल स्टोर और ग्राहक सेवा केन्द्र का संचालन कर रहा था।चोरी की घटना ने भारी आर्थिक नुकसान किया है। भुक्तभोगी शंकर ने बरकाकाना ओपी से मदद की गुहार लगायी है। चोरी की घटना पर सेकंड गेट के व्यवसायियों में भय का माहौल है। थाना के नजदीक हुई चोरी की घटना ने कई सवालों को जन्म दिया है।

**AFFIDAVIT**

As Per Affidavit Ref. No.: 125, Dated: 06/10/2025. I, Rajesh Sahu Son of Ram Pratap Sahu, resident of Village- Barhi Chatakpur P.O. Sithio, P.S. Senha, Dist- Lohardage, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare on cath as follows:-
1. That the correct spelling in name of my daughter is Anshika Kumari, which has been mentioned in her birth certificate issued by Deputy Superintendent cum Registrar Birth and death Sader hospital Lohardage vide Birth certificate Registration no. 388 dated 5.3.2018, but wrong spelling of my said daughter Ashika Kumari has been written in her Aadhar Card vide Aadhar no. 8696 5807 0770.
2. That I need correction in spelling in name of my daughter as Anshika Kumari in place of Ashika Kumari in her Aadhar Card from. concerning authority as such this affidavit is being sworn by me

**AFFIDAVIT**

As Per Affidavit Ref. No.: 1089, Dated: 27/09/2025. I Kajal Devi w/o Kunal Kumar Baitha resident of Vill.- Harchanda Post-Dahu, P.S. - Ormanjhi, Dist.- Ranchi, Jharkhand do here by solemnly affirm as under :-.
1. That I am an Indian citizen & residing at above address.
2. That my true and correct name is Kajal Devi which is mentioned in my Adhar card no. 7279 3529 9670
3. The before marriage my name was Kajal Kumari which is mentioned in my Bank account of Bank of India Topa Branch, Dist. Ramgarh Cantt vide A/C no.486810 510000705.
4. That Kajal Devi and Kajal Kumari is the name of same and one person, which is my self.
5. That after marriage my name is Kajal Devi which is my correct name.
6. That the statements made above are true and correct, if found wrong I am liable for the same.

# दवाओं पर कड़ी निगरानी हो

दवाओं के उत्पादन में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। करीब 200 देशों में यहां से दवाएं निर्यात होती हैं और जेनेरिक दवाएं सबसे ज्यादा यहीं बनती हैं। इन उपलब्धियों के बीच राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत शर्मनाक है। इससे स्पष्ट है कि इस फील्ड में जिस तरह की निगरानी, मानक और सुरक्षा उपायों की जरूरत है, उसमें कोताही बरती जा रही है।

**घटना के बाद एक्शन :** तमिलनाडु की दवा कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के 'कोल्ड्रिफ' कफ सिरप के नमूने में 48.6% डाई एथिलीन ग्लाइकॉल (डीइजी) मिला है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार इसकी मात्रा 0.10% से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह एक खतरनाक इंडस्ट्रियल केमिकल है, जिसका इस्तेमाल गाड़ियों और मशीनों में होता है। इसकी वजह से पीड़ित बच्चों की किडनी फेल हो गयी। घटना सामने आने के बाद कार्रवाई का दौर जारी है। दवाएं वापस ली गयी हैं, केस दर्ज हुआ है और नेशनल रेगुलेटर अथॉरिटी सीडीएससीओ ने कई राज्यों में जांच की है।

**पुरानी गलतियां :** सवाल है कि पिछली गलतियों से क्या सीखा गया? भारत में बने कफ सिरप पहले भी सवालों में आ चुके हैं। 2022 में गाम्बिया में कई बच्चों की मौत के बाद डब्ल्यूएचओ ने एक भारतीय कंपनी के कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की थी। इसके बाद भी कई और जगहों से शिकायत आयी।

**सरकार का अनुमान है कि इस साल देश का दवा निर्यात 30 अरब डॉलर को पार कर जायेगा। वहीं, 2030 तक फार्मा मार्केट के 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन, इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ रही हैं।**

**मानक से नीचे :** भारत के फार्मास्युटिकल मार्केट का आकार लगभग 60 अरब डॉलर है। इसका बड़ा हिस्सा छोटी कंपनियों के पास है। सीडीएससीओ ने इस साल अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ज्यादातर छोटी और मझोली कंपनियों की दवाएं जांच में तयशुदा मानक से कमतर पायी गयीं। इस जांच में 68% एमएसएमइ फेल हो गयी थीं। इससे पहले, जब केंद्रीय एजेंसी ने 2023 में जांच की, तब भी 65% कंपनियों की दवाएं सब-स्टैंडर्ड मिली थीं।

**जांच में तेजी :** सरकार का अनुमान है कि इस साल देश का दवा निर्यात 30 अरब डॉलर को पार कर जायेगा। वहीं, 2030 तक फार्मा मार्केट के 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन, इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। दवाओं की जांच और निगरानी अभी तक की कमजोर कड़ी साबित हुई है। रिसोर्स और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। केंद्रीय और राज्य की नियामक एजेंसियों को ज्यादा बेहतर तालमेल के साथ और ज्यादा तेजी से काम करने की जरूरत है, क्योंकि यह मामला केवल इकॉनमी या देश की छवि ही नहीं, अनमोल जिंदगियों से जुड़ा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**हाल के वर्षों में हुई कई भयानक घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि प्रशासनिक लापरवाही, अपर्याप्त योजना और बुनियादी ढांचे की कमी कैसे निर्दोष लोगों की जान ले रही है। सितंबर 2025 में तमिलनाडु के करूर में अभिनेता-नेता विजय की राजनीतिक रैली में 41 लोगों की मौत हो गयी, जब देरी से पहुंचे काफिले को देखने के लिए लोग सड़क पर उमड़ पड़े। भगदड़ के हादसों की सूची बहुत लंबी है, लेकिन यहां सवाल उठता है कि एक के बाद एक हादसों से हमने क्या सीखा?**

# भारत में भगदड़ की घटनाएं एक चक्रव्यूह की तरह घूम रहीं

विनीत नारायण

भारत, दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जहां धार्मिक उत्सव, राजनीतिक रैलियां और सांस्कृतिक आयोजन में लाखों-करोड़ों लोग एकत्रित होते हैं, वहां भीड़ प्रबंधन की विफलता एक बार फिर से राष्ट्रीय शर्म का कारण बन रही है। हाल के वर्षों में हुई कई भयानक घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि प्रशासनिक लापरवाही, अपर्याप्त योजना और बुनियादी ढांचे की कमी कैसे निर्दोष लोगों की जान ले रही है। सितंबर 2025 में तमिलनाडु के करूर में अभिनेता-नेता विजय की राजनीतिक रैली में 41 लोगों की मौत हो गयी, जब देरी से पहुंचे काफिले को देखने के लिए लोग सड़क पर उमड़ पड़े। भगदड़ के हादसों की सूची बहुत लंबी है, लेकिन यहां सवाल उठता है कि एक के बाद एक हादसों से हमने क्या सीखा? क्या ऐसे हादसे कभी कम होंगे?

2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गयी, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। यह घटना कार्यक्रम समाप्ति के समय भीड़ के बहाव के कारण हुई, जब लोग बाबा के चरण छूने या उनकी चरण रज लेने के लिए उमड़ पड़े। इसी तरह 2025 में प्रयागराज के महाकुंभ मेला में मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान के दौरान हुई भगदड़ ने 30 लोगों की जान ले ली और 60 से अधिक घायल हो गये। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि भारत अपनी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में बार-बार असफल हो रहा है। इन घटनाओं पर शासन और प्रशासन इतना गंभीर क्यों नहीं दिखायी देता? हाल के वर्षों में भारत में भगदड़ की घटनाएं एक चक्रव्यूह की तरह घूम रही हैं। 2024 के दिसंबर में हैदराबाद के संध्या थिएटर में पुष्पा-2 फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की मौत हो गयी। 2025 की शुरुआत में आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शन के टोकन वितरण के समय 6 भक्तों की मौत हो गयी, जब हजारों लोग टोकन के लिए उमड़ पड़े। फरवरी 2025 में नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज पर हुई भगदड़ ने कई जानें ले लीं।

**राजनीतिक और धार्मिक आयोजनों में भावनाओं का उफान भीड़ को अनियंत्रित बनाता है।**



**भारत को एक के बाद एक हुई इन विफलताओं से सबक लेना होगा। सरकार, आयोजकों और नागरिकों की संयुक्त जिम्मेदारी से ही भविष्य की त्रासदियां रोकी जा सकती हैं। अन्यथा ये घटनाएं जारी रहेंगी और देश अपनी जनता को बचाने में असमर्थ साबित होगा। समय आ गया है कि प्रोएक्टिव अप्रोच अपनाई जाये, जैसा कि कहा जाता है कि प्रिवेंशन इज बैटर दैन क्योर।**

बेंगलुरु में क्रिकेट टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी)की आइपीएल विजय परेड के दौरान 11 लोगों की मौत हुई, जहां प्रशासन ने भीड़ का अनुमान लगाने में चूक की। बिहार के बाबा सिद्धनाथ मंदिर में अगस्त 2024 की भगदड़ में 7 मौतें हुईं। ये घटनाएं धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आयोजनों में ही नहीं, बल्कि रेलवे स्टेशनों और सिनेमा घरों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी हो रही हैं। 1954 से 2012 तक भारत में 79 प्रतिशत भगदड़ें धार्मिक आयोजनों के दौरान हुईं, जो आज भी जारी हैं। इन विफलताओं के पीछे कई गहरे कारण हैं। सबसे प्रमुख है, आमंत्रित भीड़ का होना और अपर्याप्त प्रबंधन। आयोजक अक्सर अनुमानित संख्या से अधिक लोगों को आने की अनुमति देने की मांग करते हैं, जबकि निकास मार्ग संकरे और अपर्याप्त होते हैं। अनुमति देने वाले विभाग भी, किन्हीं कारणों के चलते सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों पर जोर नहीं देते। हाथरस में अस्थायी टैंट में पर्याप्त निकास न होने से भगदड़ बढ़ी।

अफवाहें, जैसे आग लगने या ढांचा गिरने की, घबराहट और भगदड़ पैदा करती हैं। बुनियादी ढांचे की कमी, पुरानी इमारतों, संकरी सड़कों और पहाड़ी इलाकों में समझी जा सकती है। वहीं सुरक्षा कर्मियों की कमी और अप्रशिक्षित होना एक और समस्या है। महाकुंभ में वीआइपी व्यवस्थाओं पर फोकस से आम भक्तों की उपेक्षा हो जाती है। राजनीतिक और धार्मिक आयोजनों में भावनाओं का उफान भीड़ को अनियंत्रित बनाता है। ये भगदड़ें केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, इनका मानवीय और सामाजिक प्रभाव बहुत गहरा है। परिवार टूट जाते हैं, बच्चे अनाथ हो जाते हैं और परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। हाथरस में ज्यादातर महिलाओं की मौत ने लिंग असमानता को भी उजागर किया। मनोवैज्ञानिक आघात पीड़ितों और गवाहों को वर्षों तक सताता है। सामाजिक विश्वास कम होता है और अंतरराष्ट्रीय छवि खराब होती है। भारत जैसे विकासशील देश में ये घटनाएं प्रगति की राह में बाधा हैं।

**सवाल उठता है कि इनसे कैसे बचा जाये? :** हमें प्रबंधन के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहले, पूर्व नियोजन जरूरी है। आयोजकों को अनुमति देते समय क्षमता का सख्त आकलन हो और अधिकतम संख्या तय की जाये। बुनियादी ढांचे में सुधार लायें, चौड़े निकास, आपातकालीन मार्ग और मजबूत संरचनाएं। एनडीएमए के अनुसार, सीसीटीवी, ड्रोन और एआइ का उपयोग भीड़ निगरानी के लिए किया जाये, जैसा कुंभ में प्रयास हुआ। सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ायें और उन्हें विशेष प्रशिक्षण दें।

अफवाहों पर नियंत्रण के लिए रियल टाइम संचार प्रणाली लगायें। अंतर-एजेंसी समन्वय मजबूत करें। पुलिस, आयोजक और नागरिक प्रशासन एक साथ काम करें। कानूनी सख्ती लायें, लापरवाह आयोजकों पर कड़ी सजा और मुआवजा सुनिश्चित करें। जन जागरूकता अभियान चलायें, जहां लोग भीड़ में धैर्य रखें और सहयोग करें।

भारत को एक के बाद एक हुई इन विफलताओं से सबक लेना होगा। सरकार, आयोजकों और नागरिकों की संयुक्त जिम्मेदारी से ही भविष्य की त्रासदियां रोकी जा सकती हैं। अन्यथा ये घटनाएं जारी रहेंगी और देश अपनी जनता को बचाने में असमर्थ साबित होगा। समय आ गया है कि प्रोएक्टिव अप्रोच अपनायी जाये, जैसा कि कहा जाता है कि प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर। केवल तभी हम एक सुरक्षित भारत का निर्माण कर पायेंगे।

## कोल्हान की खबरें

### 45-घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के लिए जारी हुआ आदर्श आचार संहिता

# घाटशिला उप चुनाव में 11 नवंबर को मतदान और 14 नवंबर को मतगणना : के. रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/घाटशिला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 45- घाटशिला (अ.ज.जा) विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव हेतु आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा उप चुनाव हेतु 11 नवंबर को मतदान और 14 नवंबर को मतगणना की तिथि की घोषणा की गयी है। उन्होंने कहा कि उप चुनाव के घोषणा के उपरांत केवल घाटशिला निर्वाचन क्षेत्र में ही आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। के. रवि कुमार घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधित घोषणा हेतु निर्वाचन सदन से मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2,55,823 है। जिसमें 1,24,899 पुरुष और 1,30,921 महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि उप चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी के माध्यम से वेबकास्टिंग की जायेगी साथ ही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत और सीमाओं पर चेकपोस्ट तैयार किये जायेंगे जिसपर सीसीटीवी द्वारा वेबकास्टिंग के माध्यम से भी निगरानी रखी जायेगी। श्री के. रवि कुमार ने बताया कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया गया है। जिसके उपरांत विधानसभा क्षेत्र में 218 मतदान केंद्र लोकेशन पर मतदान केंद्रों की कुल संख्या 300 हो गयी है। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर मादक पदार्थों के खिलाफ आदित्यपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुस्लिम बस्ती में छापेमारी कर 207.91 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में शाहबाज खान, मोहम्मद समीर उर्फ आयान और रफीकुल इस्लाम शामिल हैं। आरोपियों के पास से 207.91 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। ब्राउन शुगर की कीमत लगभग 40 लाख रुपये आंकी जारही है। जानकारी देते हुए एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी उक्त क्षेत्र में ब्राउन शुगर की अवैध खरीद-बिक्री हो रही है। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई की गयी। कार्रवाई में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा मुख्य आरोपी शाहबाज खान के खिलाफ पूर्व में तीन मामले दर्ज हैं। फिलहाल सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### आदित्यपुर से नयी ऊंचाइयों की ओर बढ़ा ज्योतिष शिक्षण संस्थान की कदम

# 32 वर्षों की सेवा के बाद मिला स्थायी भवन

**एक ऐतिहासिक उपलब्धि और ज्योतिष शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय : निदेशक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** बिहार और झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त प्रमुख ज्योतिष शिक्षण संस्थान सेंटर ऑफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंस एंड रिसर्च ने बीते 32 साल से किराये के मकान से आज अपने स्थायी भवन का शुभारंभ कर इतिहास रच दिया। संस्थाने अब अपने निजी परिसर में प्रवेश कर एक नए युग की शुरुआत कर दी। रविवार को सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित याशिका ड्रीम हाइट में संस्थान के नए भवन का उद्घाटन प्रातः 7:40 बजे ए.डी.जे. रियल्टी के प्रोप्राइटर जितेन्द्र नाथ मिश्रा द्वारा विधिवत रूप से फीता कटिंग कर किया गया। उद्घाटन समारोह में शहर के सैकड़ो गणमान्य नागरिक, विद्वान ज्योतिषाचार्य, पूर्व और वर्तमान विद्यार्थी सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. एस. के. शास्त्री ने कहा यह भवन केवल ईंट और पत्थर से बना ढांचा नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या, श्रद्धा और समाज की सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के प्रतीक है। अब हम देशभर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एक सशक्त मंच प्रदान कर सकेंगे। मुख्य अतिथि जितेन्द्र नाथ मिश्रा ने संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा ज्योतिष शास्त्र केवल भविष्यवाणी नहीं, बल्कि एक गूढ़ विज्ञान है। जो हमारे जीवन को संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करती है। इस संस्था को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान के महासचिव राजेश भारती ने सुझाव दिया संस्थान को चाहिए एक ज्योतिषीय वित्तीय कोष की स्थापना करे, जिससे अनुसंधान कार्य, संगोष्ठियां और विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की जा सकें। वरिष्ठ विद्वान डॉ. सुरेश कुमार झा ने ज्योतिष के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा ज्योतिष एक ईश्वरीय प्रदत्त विद्या है, जिसका संरक्षण और संवर्धन ऐसे ही संस्थानों के माध्यम से संभव है। यह भवन अब अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय का केंद्र बनेगा।संस्था के चेयरमेन डॉ नरेंद्र कुमार ने कहा यह नया भवन न केवल संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों को विस्तार देगा, बल्कि इसमें रिसर्च लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, ज्योतिष संग्रहालय और ऑनलाइन प्रशिक्षण केंद्र जैसी आधुनिक सुविधाओं को भी शामिल किया गया है। साथ ही दूरदराज से आने वाले छात्रों के लिए आवासीय सुविधा प्रदान करने की दिशा में भी प्रयास की जारही है। उद्घाटन समारोह के उपरांत प्रो. एस. के. शास्त्री द्वारा एक विशेष कक्षा आयोजित की गयी। जिसमें संस्थान के पूर्व छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा में जन्मकुंडली विश्लेषण, दशा प्रणाली, तथा वैदिक ज्योतिष के अद्यतन सिद्धांतों पर चर्चा की गयी। मौके पर विद्यार्थियों में इस ऐतिहासिक क्षण को लेकर खासा उत्साह देखा गया। कई छात्र-छात्राओं ने कहा अब उन्हें एक स्थायी, सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से सुसज्जित शिक्षण वातावरण मिलेगा। जो उनके अध्ययन को और प्रभावशाली बनायेगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों के लिए भोज की व्यवस्था की गयी। अंत में निदेशक मंडल की ओर से सभी सहयोगियों, विद्यार्थियों और मेहमानों को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत की गयी। मौके पर डॉ नरेंद्र कुमार, प्रो. एस के शास्त्री, मुरली कृष्णा, संजीव झा और अभिजीत शास्त्री, महासचिव राजेश भारती सहित अन्य कई विद्वानगण लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर जोर




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट शासी परिषद की बैठक डीसी सह अध्यक्ष कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सोमवार को बैठक में बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, पोटका विधायक संजीव सरदार, उप विकास आयुक्त नागेन्द्र पासवान सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और मुखियागण उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीएमएफटी मद से संचालित योजनाओं की प्रगति, प्राथमिकताएं और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर चर्चा की गयी। डीसी ने कहा डीएमएफटी का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों का समग्र विकास और योजनाओं को पारदर्शी और त्वरित ढंग से लागू करना है। उन्होंने ग्राम सभा आधारित योजना निर्माण और पंचायत प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। विधायक समीर मोहंती ने भवनहीन स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और पेयजल योजनाओं को प्राथमिकता देने की मांग की। वहीं पोटका विधायक संजीव सरदार ने ग्राम सभा के माध्यम से योजनाएं तय करने और ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उप विकास आयुक्त ने बताया जिले में अब तक 14,169 योजनाएं ली गयी हैं। जिनमें से 9,675 लागू हो चुकी। उन्होंने निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने की बात कही। बैठक में उपस्थित मुखियागणों ने अपने-अपने पंचायतों की प्राथमिक आवश्यकर्ताओं को साझा किया। डीसी ने सभी जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा जताई। बैठक में उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 86 बस्तियों के मालिकाना हक की मांग तेज



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर की 86 से अधिक बस्तियों के वासियों को मालिकाना हक दिये जाने की मांग एक बार फिर तेज हो गयी। इस मुद्दे को लेकर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर बस्तीवासियों को मालिकाना हक देने की मांग की। विधायक साहू ने पत्र में इसे जनहित से जुड़ा अत्यंत गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने कहा लाखों लोग इन बस्तियों में दशकों से निवास कर रहे हैं। उन्हें अब तक उनके आवासीय भूमि पर अधिकार नहीं मिल पाया। उन्होंने याद दिलाया वर्ष 2005 में टाटा लीज नवीकरण के दौरान राज्य सरकार ने करीब 1800 एकड़ भूमि इन बस्तियों के लिए सुरक्षित रखी थी, वहीं 2018 में पूर्ववर्ती एनडीए सरकार ने 10-10 डिसमिल भूमि आवंटित करने की नीति बनाई थी। विधायक ने पत्र के साथ झामुमो और कांग्रेस द्वारा चुनावी सभाओं में दिये गये वादों से संबंधित समाचार पत्रों की कटिंग भी संलग्न की। उन्होंने उल्लेख किया नवंबर 2024 में आयोजित सभा में विधायक कल्पना सोरेन ने भी बिरसानगर समेत सभी बस्तियों को मालिकाना हक देने की बात कही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की जनहित से जुड़े मुद्दे पर शीघ्र निर्णय लिया जाए ताकि बस्तीवासियों का जीवन सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थिर हो सके।

# अविवाहित नाबालिग बेटी बनी मां, गुस्साये पिता ने बेटी और नवजात बच्चे की हत्या की

**पुलिस ने दोनों शव को कब्र से निकाल कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा**

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के औरैया गांव से एक दिल दहलाने वाली घटना उजागर हुई है। थाना पुलिस ने सोमवार को मां बनी अविवाहित प्रेमिका और उसके नवजात बच्चे को कब्र से निकालकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया, साथ ही आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते 3 अक्टूबर को औरैया गांव के अनिल चौधरी ने अपनी अविवाहित मां बनी नाबालिग लड़की और उसके एक दिन के बच्चे की हत्या कर शव को औरैया नदी किनारे दफना दिया था। इससे पहले अनिल चौधरी ने प्रेमी को नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर विवाह करने का दबाव देने के आरोप में जेल भेजवा दिया था। जो एक सप्ताह पूर्व जेल से छूटकर घर आया था।

इधर अनिल की नाबालिग बेटी ने 2 अक्टूबर को एक बच्चे को जन्म दिया। जिसकी जानकारी जेल गये उसके प्रेमी को हो गया था। उसे यह भी गुप्त जानकारी मिली कि उसके बच्चे की हत्या करने की साजिश किया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही प्रेमी ने मेराल थाना को इस संबंध में लिखित आवेदन दिया था। सूचना के आधार पर सोमवार को थाना प्रभारी ने दलबल के साथ गांव में पहुंचकर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके निशानदेही पर नदी किनारे दफनाया गया शव को जमीन की खुदाई कर निकलवाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर गांव के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गये तथा सभी ने घटना की निंदा करते हुए आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे थे।



प्रशासन की मौजूदगी में दफनाये गये शव को जमीन की खुदाई कर निकाला जा रहा।

## मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कब्र से निकाला गया दोनों शव : थाना प्रभारी

इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णुकांत ने कहा कि सूचना मिलने पर थाना क्षेत्र के औरैया गांव के अनिल चौधरी ने अपने नाबालिग लड़की और उसके एक दिन के बच्चे की हत्या कर शव को नदी किनारे दफना दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को कब्र से निकाला गया है।

# आरके पब्लिक स्कूल में गणित ओलिंपियाड परीक्षा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मंझिआंव।** आरके पब्लिक स्कूल, उचरी मंझिआंव में सोमवार को गणित ओलिंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। इस विशेष परीक्षा का उद्देश्य छात्रों में गणितीय प्रतिभा को निखारना और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। इस परीक्षा में कक्षा 2 से 7 तक के 75 पंजीकृत छात्रों में से कुल 69 छात्र-छात्रायें उपस्थित हुए। परीक्षा के दौरान बच्चों में उत्साह और गंभीरता देखने योग्य थी। ओलिंपियाड के समन्वयक सर्वजीत कुमार ने परीक्षा का संचालन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अलख नाथ पांडेय ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि गणित ओलिंपियाड जैसी परीक्षायें न केवल बच्चों को उनके विषय की गहराई से समझ विकसित करने का अवसर देती हैं। बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए भी तैयार करती हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य के. आर. झा ने कहा कि गणित ओलिंपियाड जैसी परीक्षायें बच्चों के लिए ज्ञान और कौशल की नयी राहें खोलती हैं। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगितायें बच्चों में आत्मविश्वास और तार्किक सोच को विकसित करती हैं।

परीक्षा के उपरांत छात्रों ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए बहुत प्रेरणादायी रहा और उन्होंने संकल्प लिया कि आगे भी वे ऐसे आयोजनों में पूरी तैयारी के साथ भाग लेंगे। विद्यालय प्रशासन ने यह भी घोषणा की कि आने वाले समय में इस प्रकार की और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।



## छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने धनंजय

रमना (आजाद सिपाही)। रमना छठ महापर्व को धूम धाम से मनाने को लेकर श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भगवान भास्कर का अस्थाई प्रतिमा बनाने, गुलहरी बांध से टेढ़की पुल स्थित छठ घाट तक समुचित लाईट के व्यवस्था करने,छठ घाट पर साफ सफाई, साउंड सहित समुचित टेंट का व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पूर्व छठ पूजा समिति का गठन किया गया, जिसमें धनंजय प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष, महेंद्र प्रसाद गुप्ता को सचिव, रविशंकर गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं संरक्षक के रूप में प्रवक्ता अजीत कुमार सोनी वरीय संरक्षक टूटू सिंह,शक्ति सिंह, दीपक सिंह, सोनू सिंह, संजय प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, समाज सेवी मुन्ना प्रसाद, अमित सोनी, टुनटुन सोनी, मीडिया प्रभारी दिनेश गुप्ता को बनाया गया। इसी तरह सक्रिय सदस्य के रूप में अनुज कुमार, रोहित वर्मा, शूमम कुमार, ललन गुप्ता, सुनील प्रसाद, राजू कुमार, संजय प्रसाद सहित अन्य लोगों का नाम सामिल है। इस अवसर पर अध्यक्ष धनंजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा समिति के सदस्यों ने जिस प्रकार भरोसा जताते हुए दुबारा प्रभार देने का कार्य किया है मै उसे पूरी ईमानदारी से कार्य करने का काम करूंगा।

## गढ़वा में खो-खो खेल का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा के तत्वावधान में रामा साहू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय, गढ़वा में खेलो झारखंड अंतर्गत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनुराग मिंज एवं जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने कहा कि खो-खो जैसी पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने से हमारी सांस्कृतिक विरासत भी संरक्षित होती है। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील कुमार तिवारी, शमशाद आलम, आलोक कुमार, प्रदीप कुमार सहित शिक्षकगण, खेल प्रशिक्षकों एवं छात्रों की सक्रिय भूमिका रही।

# मोटरयान निरीक्षक ने स्कूली बसों की जांच की

**मोटरयान निरीक्षक गढ़वा मनीष कुमार के द्वारा तीन स्कूलों की जांच किया गया**

**उन्होंने कहा, बच्चों को सुरक्षित परिवहन सेवा प्रदान करना विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गढ़वा जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देशानुसार मोटरयान निरीक्षक गढ़वा मनीष कुमार के द्वारा तीन स्कूलों की जांच किया गया। बसों की वर्तमान स्थिति और सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित परिवहन सेवा प्रदान करना विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी है। जिसके तहत वाहनों का पंजीकरण, फिटनेस, परमिट, बीमा, मेडिकल किट, फायर इंस्टींग्विशर एवं चालक की योग्यता आदि का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे सभी वाहन जो व्यावसायिक प्रयोजन में उपयोग हो रहे हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से परमिट प्राप्त करना होगा, अन्यथा सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी स्कूलों को निर्देशित किया कि उनके वाहनों में जीपीएस ट्रैकर अवश्य लगे होने चाहिए, जिससे संचालन की निगरानी एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**सीट क्षमता के अनुसार संचालनः** यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी बस में निर्धारित सीटों से अधिक बच्चों को न बैठाया जाये।

**बस चालकों व खलासियों की पृष्ठभूमि जांचः** जिला परिवहन पदाधिकारी ने सुरक्षा दृष्टिकोण से सभी स्कूल बस चालकों एवं खलासियों का चरित्र प्रमाण पत्र बनवाकर डीटीओ कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया।

**112 आपातकालीन हेल्पलाइन का प्रचारः** उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा 112 हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई और सभी विद्यालयों एवं बसों में इसे प्रमुख रूप से प्रदर्शित करने को कहा गया।



# एसआइएस बैच के प्रशिक्षण का पुलिस अधीक्षक ने किया शुभारंभ

**इस वर्ष 64 स्नातक युवा एसआईएस के जीटीओ अधिकारी बनें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एशिया की सबसे बड़ी देसी सुरक्षा कंपनी एवं विश्व की पांच बड़ी सुरक्षा कंपनियों में से एक एसआईएस लिमिटेड के गढ़वा स्थित प्रशिक्षण केंद्र में जीटीओ अधिकारी सेवा के 40 वें बैच के प्रशिक्षण का शुभारंभ गढ़वा के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के द्वारा किया गया।

एसआईएस लिमिटेड प्रतिवर्ष पूरे देश में स्नातक युवाओं के लिए अधिकारी सेवा के लिए प्रतियोगी परिक्षा आयोजित करती है। इस परीक्षा में प्रतिवर्ष पचास हजार से भी अधिक युवा भाग लेते हैं। यह परीक्षा तीन चरणों में होती है, पहला चरण लिखित परीक्षा, दूसरा चरण शारीरिक और व्यक्तित्व क्षमता और अंत में कंपनी के टॉप मैनेजमेंट द्वारा फाइनल साक्षात्कार। इस वर्ष इन तीनों चरणों को सफलतापूर्वक पार करके 64 स्नातक युवा एसआईएस के जीटीओ अधिकारी बने।

इस अवसर पर स्वयं चेयरमैन रवींद्र किशोर सिन्हा ने बताया कि कैसे उन्होंने 1971 की लड़ाई के बाद भूतपूर्व सैनिकों के रोजगार की व्यवस्था करने की सोची और कुछ भूतपूर्व सैनिकों को लेकर 1974 में कंपनी की शुरूआत की। सुरक्षा के क्षेत्र में एसआईएस, एनएसई और बीएसई में सूचिबद्ध होने वाली एक मात्र कंपनी है। पूरे झारखंड और बिहार की एकमात्र सूचीबद्ध कंपनी होने का गौरव एसआईएस को ही प्राप्त है।

सोमवार को जीटीओ 40वें बैच के उद्घाटन के अवसर पर अमन कुमार पुलिस अधीक्षक गढ़वा के अलावा एसआईएस ग्रुप के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे जिसमें मुख्य रूप से सीनियर प्रेसिडेंट आरपी सिंह, वाइस प्रेसिडेंट अमिय शंकर, डिप्टी जनरल मैनेजर (एचआरडी) रजनीश कुमार एवं गढ़वा प्रशिक्षण केंद्र के जोनल कमांडर रमेश जसवाल और कमांडेंट सुनील प्रसाद मौजूद रहे।

परेड के उपरांत अमन कुमार पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर एसआईएस अधिकारी सेवा के 40वें बैच का विधिवत दीप प्रजलित करके शुभारंभ किया और पूरे देश के सभी राज्यों से आये हुए 64 प्रशिक्षु अधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना दी।



## अपना गोल्डन जुबली इयर मना रही है एसआइएस

आज से 42 वर्षों पूर्व 22 सितंबर 1983 को गढ़वा में पहला प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना हुई। जहां एक तरफ एसआईएस अपने स्थापना के 51 वर्ष पूरे कर चुका है और पूरे देश-भर में एसआईएस अपने गोल्डन जुबली ईयर को हर्षोल्लास के साथ मना रही है। वहीं आज देशभर के विभिन्न राज्यों में 25 प्रशिक्षण केंद्र भी कार्य कर रहे हैं।

## रेलवे सेवा विस्तार संघर्ष समिति ने रेल मंत्री के नाम स्टेशन प्रबंधक को सौंपा मांग पत्र



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। रेलवे सेवा विस्तार संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने रेल मंत्री के नाम मांग पत्र नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक को सौंपकर अंडरपास को पूर्ण रूप से चालू होने तक बंद पड़े रेलवे क्रॉसिंग को पुनः चालू कराने की मांग की है। स्टेशन प्रबंधक को सौंपे गये मांग पत्र में कहा गया है कि श्री बंशीधर नगर स्थित श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला रेलवे क्रॉसिंग पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है और उसके बगल से रेलवे अंडरपास को चालू कर दिया गया है। उक्त अंडर पास में नियमित रूप से 2 फीट से ऊपर पानी जमा रहता है। जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पत्र में कहा गया है कि हद तो तब हो गई जब गत शनिवार और रविवार को भारी बारिश होने के कारण अंडर पास में 5 से 6 फीट पानी जमा हो गया, जिससे उक्त मार्ग पर ढाई दिनों तक आवागमन पूर्णतः बाधित रहा। जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर जान माल का नुकसान हो सकता है। प्रतिनिधि मंडल में डॉ निशीथ नीरव, शैलेश चौबे, अनिल कुमार गुप्ता, सोनू गुप्ता सहित अन्य शामिल थे।

# देश के लिए जियें, समाज के लिए जियें की उदघोष के साथ गढ़वा में पथ संचलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व के सबसे बड़े सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष और विजयादशमी उत्सव के अवसर पर गढ़वा की पावन धरा पर संघ के कार्यकर्ताओं ने पथ संचलन निकाला। पथ संचलन में 'देश के लिए जियें, जियें समाज के लिए ये धड़कनें ये सांस हो पुण्य भूमि के लिए' का उदघोष हो रहा था। पूर्ण अनुशासन में पथ संचलन की शुरूआत श्री रामलला मंदिर प्रांगण से की गयी। पथ संचलन सोनपुरवा, बस स्टैंड, अटल चौक, श्री गढ़देवी मंदिर, रंका मोड़, रॉकी मोहल्ला, जोड़ा मंदिर, गुड पट्टी, निमिया स्थान मंदिर, रामबंध तालाब शिव मंदिर, सोनपुरवा चौक होते हुए पुनः श्री रामलला मंदिर पहुंचा। एक स्थान पर मुस्लिम माताओं- बहनों ने भी पथ संचलन पर पुष्प की वर्षा की। इस मौके पर 500 से ज्यादा स्वयंसेवक उपस्थित थे।



## संघ ने गुलामी की हीन मानसिकता को आत्म गौरव में बदला : राजीवकांत

पथ संचलन के पश्चात श्री राम लला मंदिर परिसर में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में संघ के झारखंड प्रांत के सह प्रांत प्रचारक राजीवकांत ने कहा कि संघ ने ही पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव लाया था। संघ के कारण ही कश्मीर, दादर नगर हवेली और गोआ का भारत में विलय हो सका था। ध्यान रहे हम स्वयंसेवकों की साधना कम नहीं होना चाहिए। शताब्दी वर्ष में शाखायें बढ़नी चाहिए।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND**
**(DISTRICT NAZARAT SECTION)**

**RE-TENDER NOTICE**

**For Digitization and Software Development of Panji 2 (Register 2) Records**
**District Administration, Chatra, Jharkhand**

| S.No. | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Request forProposal (RFP) document made available to the applicants | 07/10/2025 |
| 2 | Last date receipt of Technical and Financial proposal (Sealed Envelope) | 14/10/2025 (11:30 AM) |
| 3 | Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | 14/10/2025 (12:30 PM) |
| 4 | Place of Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | DDC CHAMBER, DDC Office, Chatra |

- All terms and conditions of the tender will remain.

Address for communication & submission of documents during the Re-tender period:
District Nazarat Section, District Collectorate Office, Chatra, Jharkhand

PR 363287 (District) 25-26 (D)

NDC, Chatra


## रंकाः स्वच्छता के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा गया पांच सूत्री मांग पत्र

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय की जनता एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों ने संपूर्ण रंका बाजार परिसर की साफ सफाई और स्वच्छता के लिए अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप को पांच सूत्री मांगों वाली ज्ञापन सौंपा है। इस हेतु रंकाकला पंचायत सचिवालय भवन में मुखिया रणजीत सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनता एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से सब्जी बाजार, मुर्गा, मच्छली बाजार आदि संपूर्ण बाजार परिसर की स्वच्छता को लेकर उक्त कदम उठाया है। सौंपे गये पांच सूत्री मांगों वाली ज्ञापन में सब्जी बाजार में सब्जी दुकान एक स्थान पर लगाने, मीट मुर्गा मच्छली दुकान बाजार समिति गोदाम भवन के पूरब साईड में लगाने, पुल पर दुकान नहीं लगाने तथा दुकानदारों व व्यावसायियों द्वारा फुटपाथ का अतिक्रमण नहीं करने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के नाली के अंदर अपनी दुकान लगाने संबंधी मांगे शामिल हैं। इसकी प्रतिलिपि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को भी दिया गया है।

### उपयुक्त ने पदाधिकारियों संग विकास योजनाओं की समीक्षा की, दिये निर्देश

# कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर की जायेगी सख्त कार्रवाई : डीसी

**योजनाओं को पूर्ण करने एवं योजना अंतर्गत राशि को नियमानुसार व्यय करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी दिनेश यादव की अध्यक्षता में जिले की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला के विकास कार्यों को गति देने तथा आमजन को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक के दौरान आवास योजना, मनरेगा, पंचायती राज, समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अब तक किये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। साथ ही कार्यान्वयन के दौरान आ रही समस्याओं एवं चुनौतियों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री यादव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विकासात्मक योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि आमजन की सुविधा और कल्याण को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का निष्पादन किया जाये।

बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी उपस्थित रहें। अधिकारियों ने विभागवार योजनाओं की स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया और आगे की कार्ययोजना साझा की।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नियमित अंतराल पर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी ताकि कार्यों में गति लाने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित हो सके। साथ ही योजनाओं के कार्यान्वन में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही गयी।




**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण-सूचना**
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 16 वर्ष 2025–26
**स्व अर्जित आय निधि मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 13.10.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 14.10.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 14.10.2025 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा अन्तर्गत बस पडाव चन्दवा में निर्मित दूकान में 03 अदद लोहे का सीढी निर्माण। | 1,98,900 | 4,000 | 500 | 01 माह |
| 2 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत पलामू डाक बंगला नेतरहाट के दो मंजिला गेस्ट हाउस में पेवर ब्लॉक निर्माण। | 1,20,200 | 2,500 | 500 | 01 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 363326 Rural Development (25-26)_D

# लोहरदगा आदिवासी समाज ने निकाला जन आक्रोश मार्च

**कुड़मी महतो को आदिवासी सूची में शामिल करने का विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र स्थित बीएस कॉलेज मैदान से आदिवासी समाज ने जन आक्रोश मार्च निकालकर कुड़मी महतो को आदिवासी सूची में शामिल करने के प्रयासों का विरोध किया।

इस आक्रोश मार्च में आदिवासी नेत्री निशा भगत, आजसू नेत्री अंजू कुमारी, कांग्रेसी नेता अभिनव सिद्धार्थ, आदिवासी नेता अरविंद उरांव समेत कई नेता शामिल हुए। हजारों की संख्या में जुटे लोगों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए डुमरी से जेएलकेएम विधायक जयराम महतो, मांडू से आजसू विधायक तिवारी महतो और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो सहित सभी कुड़मी नेताओं के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। मार्च के अंत में आदिवासी समाज ने राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट किया कि वे किसी भी कीमत पर कुड़मी महतो को आदिवासी सूची में शामिल नहीं होने देंगे।

आदिवासी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि यह प्रयास जारी रहा, तो जन आंदोलन का रूप ले सकता है और झारखंड के 28 आदिवासी विधायकों का भी समय आने पर हिसाब लिया जायेगा।

# ननतिलो में दो पक्ष भिड़े चार घायल, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददात

**कुड़ू/ लोहरदगा।** शनिवार 5 अक्टूबर की रात कुड़ू थाना क्षेत्र के ननतिलो गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गयी। जानकारी के अनुसार, ननतिलो निवासी सहमद अंसारी एवं उसके सहयोगियों तथा लावागाई निवासी बाबर खान और उसके साथियों के बीच किसी पुराने मामले को लेकर कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष लाठी-डंडा लेकर आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर टूट पड़े। झड़प में दोनों ओर से चार लोग घायल हो गये। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़ू में कराया गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध कुड़ू थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि सहमद अंसारी पक्ष की



काल्पनिक तस्वीर।

शिकायत पर कांड संख्या 104/25 और बाबर खान पक्ष की शिकायत पर कांड संख्या 105/25 दर्ज की गयी है। दोनों मामलों में नामजद अभियुक्त सहमद अंसारी और बाबर खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

# सभी पंचायतों में संबंधित एएनएम गर्भवती महिला की सही से करें मॉनिटरिंग : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** पंचाइत कर गोईठ कार्यक्रम का 11वां संस्करण समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ ताराचंद ने मुखियाजनों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। उपायुक्त ने कहा कि सभी पंचायतों में संबंधित मुखिया अपने क्षेत्र की एएनएम के साथ बैठक अवश्य करें और पंचायत में गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी, प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण के लिए समन्वय बनायें। अगर समय पर गर्भवती महिला की प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), आयरन फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन, शिशुओं का टीकाकरण आदि का कार्य किया जाय तो माता के साथ बच्चे भी स्वस्थ रहेंगे। कुपोषण को दूर किया जा सकेगा। उपायुक्त ने कहा कि दीपावली और छठ महापर्व को देखते हुए अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में छठ घाटों की साफ-सफाई सभी मुखिया करा लें। इसके लिए जनभागादारी सुनिश्चित करने के लिए एक अभियान चलाया जाय जिसमें निर्धारित की गयी तिथि में लोग अपने क्षेत्र में छठ घाटों की साफ-सफाई करें। इस दिन गहरे पानी वाले तालाबों में अर्ध्य देनेवालों के लिए रस्सी व बांस की सहायता से बैरिकेटिंग भी की जाये ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। उपायुक्त ने जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी और सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी आपदा से संबंधित मामले संज्ञान में आते हैं उनमें मृतक द्वारा पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना या पीएम सुरक्षा बीमा योजना का प्रीमियम भरा जा रहा था या नहीं इसकी भी जांच कर मृतक के आश्रित को उक्त सभी योजनाओं का लाभ दिया जाय। उपायुक्त ने गांवों में लगातार बाल विवाह, डायन प्रथा पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाने की बात कही। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुशील कुमार समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अफीम की खेती पर रोक के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार बरियातू प्रखंड में अफीम की अवैध खेती एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी देना तथा उन्हें वैकल्पिक आजीविका के साधनों की ओर प्रेरित करना है।नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा जीवंत अभिनय और संवादों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अफीम की खेती न केवल अवैध है बल्कि समाज और परिवार दोनों के लिए विनाशकारी परिणाम लेकर आती है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और नशा-मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि प्रशासन द्वारा जिले में ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर रूप से आयोजित किये जा रहे हैं ताकि मादक पदार्थों की अवैध खेती और तस्करी पर अंकुश लगाया जा सके तथा युवाओं को नशे से दूर रखते हुए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# प्रजापति समन्वय समिति ने दिवाली में टैक्स नहीं लेने का किया आग्रह

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रजापति समन्वय समिति ने धनतेरस से दीपावली तक नगर क्षेत्रों में मिट्टी के खिलौने एवं दीया बेचने वाले कुम्हार बंधुओं से टैक्स नहीं लेने का आग्रह करने से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा नगर परिषद के प्रशासक को सौपा। कुम्हार संघ ने कहा कि दीपावली त्योहार को लेकर बहुत मुश्किल से कुम्हार मिट्टी के दीये व खिलौने बनाते हैं। मार्केट में उसे बेचकर उससे हुई आमदनी से कुम्हार अपना जीवन यापन करते हैं। ऐसे में यदि नगरपालिका टैक्स लेगी तो गरीब कुम्हारों पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा। मिट्टी के दीये और खिलौने बेचकर उतनी आमदनी नहीं होती है जिससे वो सालोभर अच्छी से जीवन यापन कर सके ऐसे में टैक्स का बोझ वो नहीं उठा सकते हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति, कोषाध्यक्ष विनोद प्रजापति, संजय प्रजापति, मुकेश कुमार, आदित्य प्रजापति शामिल थे।

# खड़े ट्रेलर से टकरायी स्कूटी, युवक घायल

## स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था पर स्थानीय लोगों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना के पश्चात घायल युवक को सेन्हा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक नही होने के कारण आधा घंटा तक घायल युवक स्टेचर पर पड़ा रहा। लेकिन डॉक्टर का पता नही। जिसकी सूचना ग्रामीणों के माध्यम से लोहरदगा उपायुक्त को देते हुए मरीज को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिये सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु घायल युवक को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। गौरतलब हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा छोटी मस्जिद के समीप रात में यह हादसा हुआ है। जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से घायल युवक को इलाज हेतु



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया गया। लेकिन चिकित्सा व्यवस्था ठीक नही होने के कारण स्वास्थ्य विभाग के प्रति ग्रामीणों का गुस्सा फूट कर बाहर आया और इसकी जानकारी उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद को दिया गया। वही अस्पताल का लचर व्यवस्था की सूचना को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने लोहरदगा सदर अस्पताल के डॉक्टर को फोन कर उपचार करने का निर्देश दिया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए घायल युवक को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वही घायल युवक का पहचान बिशुनपुर थाना क्षेत्र के सेरक सियारटोली निवासी बलराम सोनी के 26 वर्षीय पुत्र विनय प्रसाद के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि टेलर संख्या ओडी 09 वी 8071 छोटी मस्जिद के समीप खड़ा था। इसी बीच लोहरदगा तरफ से घाघरा के ओर जा रहे विनय प्रसाद की स्कूटी संख्या जेएच 07 एच 2881 खड़े ट्रेलर से टक्कर हो गयी। जिसमें स्कूटी सवार विनय प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को आननफानन में सेन्हा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एएनएम डॉक्टर को फोन लगाते रही परंतु डॉक्टर अपनी मनमानी का परिचय देते हुए फोन नही उठाया और घायल विनय प्रसाद की स्थिति बिगड़ता चला गया तो ग्रामीणों ने एम्बुलेंस के सहारा से घायल अवस्था में ही युवक को सदर अस्पताल भेजा।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** चट्टी नगजुआ मुख्यपथ स्थित बड़ागाई मोड़ के समीप विगत रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बड़ागाई पंचायत अंतर्गत तेतरचुआ खिजरी निवासी शनि उरांव के 37 वर्षीय पुत्र जीतराम उरांव के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार जीतराम उरांव बड़ागाई मोड़ स्थित पेड़ में चमगादड़ फसाने के लिए जाल लगाया था। रात करीब ढाई बजे वह जाल को देखने गया था। उसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने ठोक कर फरार हो गया। घटना की जानकारी सुबह पांच बजे गांव के ही एक ग्रामीण हरी उरांव ने दी। उन्होंने जीतराम उरांव का शव को सड़क पर देखा और परिजनों और पुलिस को इसकी जानकारी दिया। पुलिस पहुँचकर शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी रविरंजन कुमार ने बताया कि हिट एंड रन का मामला हो सकता है। इस पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# कैरो में हलधर गिरिधर फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत सोमवार से कैरो सढाबे के महादेव मैदान में अकेला दिल बहार क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय हलधर गिरिधर फुटबॉल टूर्नामेंट प्रारंभ हो गया है। प्रथम दिन मेलानी बनाम गजनी, जामुन टोली बनाम हेसालंग, खलारी बनाम स्टेशन टोली लोहरदगा और हेसल बनाम एडादोन के बीच मुकाबला हुआ। प्रारंभ मैच में मुखिया सुमित्रा उरांव, पंचायत समिति सदस्य,सीमा भगत, उप मुखिया जगबंधन भगत ने सामूहिक रूप से किक मारकर प्रथम दिन टूर्नामेंट का शुभारंभ कर दिया है। प्रथम मेलानी और गजनी के बीच मुकाबले में मेलानी ने गजनी को 2 गोल से परास्त किया है। इस अवसर पर मुखिया सुमित्रा उरांव और उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने प्रारंभ में सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले,एक टीम के खिलाड़ी दूसरे टीम के खिलाड़ियों के साथ मित्रवत संबंध रखे। खेल में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। सभी खिलाड़ियों के लिए आयोजन समिति के द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। मौके पर आयोजन समिति अकेला दिल बहार क्लब के अध्यक्ष राजेश्वर भगत ने कहा कि इस 05 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन में रांची,लोहरदगा,लातेहार और अन्य जिले से कुल 32 टीम भाग ले रहे हैं। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला 10 अक्टूबर को होगी। टूर्नामेंट में प्रथम,द्वितीय,तृतीय,चतुर्थ आने वाले सभी टीमों को पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर मुखिया सुमित्रा उरांव, पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत, उप मुखिया जगबंधन भगत, पूर्व मुखिया विजय कुमार एक्का, ग्राम प्रधान राजकुमार भगत, लखन उरांव, राजेंद्र महतो, किशोर भगत, विनोद साहु ,फूल कुमार भगत के अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश्वर भगत, उपाध्यक्ष दीपक और सतीश यादव, कोषाध्यक्ष रामवतार साहु के अलावे विभिन्न टीमों के खिलाड़ी और भारी संख्या में दर्शक खेल मैदान पर उपस्थित थे।

# ट्रक ओनर एसोसिएशन ने हेसल के अनलोडिंग परिसर का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड पठारी चंदवा लोहरदगा ट्रक ओनर एसोसिएशन संचालन समिति के सदस्यो के द्वारा हेसल स्थित अनलोडिंग परिसर का दौरा किया गया।

दौरे के उपरांत साईडिंग परिसर स्थित प्रबंधक के कार्यालय में साईडिंग परिसर से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर साइडिंग प्रबंधक के साथ बैठक की गई। ज्ञात हो की साईडिंग परिसर स्थित समस्याओं को लेकर आए दिन सोशल मीडिया एवं अखबारों में कुछ न कुछ लिखा जा रहा है। इस संबंध में ट्रक मालिकों एवं चालकों के द्वारा भी संचालन समिति को वहां के समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया है। जर्जर सड़क, प्याऊ, सेड, आदि समस्याओं को साईडिंग इंचार्ज के समझ रखा गया। इन मुद्दों को लेकर संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा कांटा जाम करते हुए साईडिंग परिसर के कार्यों को कुछ समय के लिए बाधित कर दिया गया। इसके बाद लॉजिस्टिक्स हेड अभिषेक कुमार से फोन पर वार्ता हुई। संचालन समिति के सदस्यों के दबाव के बाद साईडिंग इंचार्ज के द्वारा तत्काल लेटराइज जर्जर सड़क पर डाला गया एवं मरमती कार्य तुरंत आरंभ कराया गया। ज्ञात हो की पूर्व में संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा अनेकों बार कंपनी को सारे माइंस क्षेत्रो एवं अनलोडिंग परिसर चंदवा, हेसल संबंधित पूर्व मैं सड़क एवं दिगर समस्याओं के बारे में ज्ञापन एवं बैठक के माध्यम से समस्याओं के निदान की मांग की गई थी। परंतु हेसल साइडिंग की समस्या जस की तस रही। बाध्य होकर संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा साईडिंग परिसर के कार्यों को बाधित किया गया। लॉजिस्टिक्स हेड के द्वारा या भी बताया गया कि बहुत जल्द एनकेसीपीएल का कार्यालय लोहरदगा में खुलने जा रहा है। दौरे में संचालन समिति के अनवर अंसारी, गोल्डन कुरेशी, खुर्शीद अंसारी, साजिद खान, मजीद चौधरी, काजू कुरैशी, इरशाद अहमद, जफर इकबाल आदि शामिल थे।

# उग्रवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**गारु (आजाद सिपाही)।** बारेसाढ़ पुलिस ने माओवादी उग्रवादी बबलू राम उर्फ बबलू कहार ग्राम निराखपुर, थाना किंजर, जिला (बिहार) के घर इश्तेहार तमिल किया है। इसका नेतृत्व बारेसाढ़ थाना के पुअनि अमर यादव ने किया। उन्होंने बताया कि फरार उग्रवादी बबलू राम के विरुद्ध बारेसाढ़ थाना में कांड संख्या 07/22 दर्ज है। उग्रवादी वर्ष 2022 से फरार चल रहा है। लंबे समय से स्थानीय पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुअनि अमर यादव ने उसके घर जाकर परिजनों एवं गवाहों की मौजूदगी में इश्तेहार चस्पा किया। स्पष्ट चेतावनी दी गयी कि अगर बबलू राम ने माननीय न्यायालय या थाना में आत्मसमर्पण नहीं किया तो न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा कामता पंचायत के सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के टोला पहना पानी निवासी रौशन मुंडा की मृत्यु रिम्स रांची में 6 अक्टूबर को इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। बताते चले कि बीते 4 अक्टूबर को सांसग के समीप रौशन मुंडा मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में जख्मी हुआ था। एम्बुलेंस से शव को चटुआग के परहैया टोला तक आया, लेकिन सड़क के अभाव में एम्बुलेंस पहना पानी नहीं जा सका, गांव वासी शव को कंधे में उठाकर घर तक ले गये। मृतक के पिता बोने तोपनो ने रिम्स रांची में बारीयातू पुलिस के समक्ष ब्यान में बताया कि रौशन मुंडा उम्र 18 वर्ष अपने घर से गांव के दो साथी सुनील टोपनो, बबूआ गंझु के साथ मोटरसाइकिल से ब्राह्मणी बजार गया था, वे लोग ब्राह्मणी बजार से साथी के साथ नया मोटरसाइकिल को चलाकर अपने घर लौट रहा था, इसी बीच करीब छह बजे शाम में चंदवा थाना अंतर्गत सासंग के पास मोटरसाइकिल से एक पेंड़ में टक्कर मार दिया। जिससे रौशन मुंडा जख्मी हो गया, सुचना पाकर वहां गये, वहां से युवक को सदर अस्पताल लातेहार लाया यहां से रिम्स रांची रेफर किया गया। जहां ईलाज के दौरान 6 अक्टूबर को रोशन मुंडा की मौत हो गयी।

# छिपादोहर प्रखंड निर्माण समिति की बैठक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के नव प्रस्तावित छिपादोहर को प्रखंड निर्माण को लेकर रविवार को छिपादोहर सामुदायिक भवन में प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवनाथ सिंह खरवार की अध्यक्षता में प्रस्तावित 6 पंचायतों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थी। बैठक में पार्टी पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि छिपादोहर को प्रखंड निर्माण को लेकर एक दशक से अधिक समय से आवाज उठायी जा रही। जिसे पूरा करवाने हेतु स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह से एक प्रतिनिधि मंडल मुलाकात करते हुई रांची स्थित ग्रामीण विकाश विभाग में प्रखंड निर्माण को लेकर पड़े फाइल को अमलीजामा पहनाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत संबंधित मंत्री से मुलाकात करते हुए अभिलंब प्रखंड निर्माण को लेकर वार्ता किया जायेगा। वही बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित प्रखंड निर्माण हो रहे है। विलंब को देखते हुई प्रखंड निर्माण को लेकर चयनित जमीन को सुरक्षित रखने हेतु प्रखंड के अंचलाधिकारी लवकेश सिंह से मुलाकात किया जायेगा और प्रकूदम निर्माण हेतु चयनित भूमि को दूसरे को आवंटन नहीं करने की मांग रखी जायेगी। बैठक में शामिल लोगों में हरातू मुखिया सावित्री देवी, बेरिनिका कुजूर, सत्र रोहन सिंह दिलीप कुमार सिंह, विजय सिंह ,जनेश्वर सिंह, सविता देवी, सकेंद्र उरांव,मंगल सिंह,उपेंद्र ठाकुर, अशोक कुमार सिंह समेत प्रस्तावित छिपादोहर प्रखंड के लात, चुंगरू, केड, कुचिला, छिपादोहर, हरातू पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे।

# महाराजाधिराज जरासंध की प्रतिमा विखंडित करने पर चंद्रवंशी समाज में रोष

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा के नेतृत्व में लोहरदगा उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद को ज्ञापन देकर मगध सम्राट जरासंध महाराज की बिहार की ऐतिहासिक धर्मस्थल बोधगया में प्रतिमा को असामाजिक लोगों द्वारा विखंडित कर दिया गया है। जिससे भारत देश के करोडो चंद्रवंशी समाज और झारखण्ड की 35 लाख चंद्रवंशी समाज आहत और मर्माहत है। जिससे आपसी विद्वेष एवं सामाजिक विषमता होने की सम्भावना है। इसलिए ज्ञापन में प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है की चंद्रवंशी समाज की भावना को देखते हुए अविलम्ब दोषियों को गिरफ्तार करें और महाराजा जरासंघ की प्रतिमा को बिहार सरकार पूर्णनिर्माण करें इस अवसर पर झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा ने कहा की देश की करोडो चंद्रवंशी समाज की भावना आहत करने वाले असामाजिक तत्वों को अविलम्ब गिरफ्तार करें और प्रतिमा को सरकारी खर्चा पर पुनर्निर्माण करें अन्यथा आंदोलन को बाध्य होंगी। उन्होंने उम्मीद जताई है की भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संवेदनशील प्रधानमंत्री है इसलिए उन्हें ज्ञापन दिया गया है ताकि करवाई सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन देने वालों में झारखंड प्रदेश पूर्व युवा अध्यक्ष निश्चय वर्मा, जिला बाल कल्याण समिति के पूर्व चेयरमैन राजकुमार वर्मा, पत्रकार अमित वर्मा, साधन वर्मा, विकास वर्मा, संजय रवानी, जगन्नाथ राम आदि उपस्थित थे।

# संकुल साधन सेवियों का गैर आवासीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी, लोहरदगा में जिले के सभी प्रखण्ड एवं संकुल साधन सेवियों का एक दिवसीय गैर आवासीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डायट प्राचार्य -सह- जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा, अभिजीत कुमार के मार्गदर्शन में जेसीइआरटी की वार्षिक कार्य योजना के अनुरूप जिले के सभी कार्यरत बीआरपी और सीआरपी की उपस्थिति में उक्त कार्यशाल सम्पन्न हुआ। दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा एवं संकाय सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अपने संबोधन में प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप व्यवसायिक कौशल में दक्षता आवश्यक है। जेसीइआरटी रांची के द्वारा जारी एसओपी के अनुरूप प्रतिभागियों के साथ प्रेरक सत्र, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 का सर्वे रिपोर्ट, अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन के दौरान आने वाली चुनौतियां, डिजिटल लिटरेसी के तहत गुगल एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल एवं प्रखण्ड एवं संकुल स्तर के लिए एक्सन प्लान का निर्माण पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान प्रथम पाँच आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अन्य संकाय सदस्यों ने प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के महत्वपूर्ण पहलूओं पर चर्चा के साथ समापन सत्र में चेतना सत्र की महत्ता से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में प्रतिभागी रविशंकर कुमार, ललिता कुमारी, श्याम बिहारी महतो, महबूब आलम, विजय बैठा, अरुण साहू, जीतेन्द्र मित्तल, धर्मेन्द्र सोनी, जावेद अंसारी, दीनबंधु डे, अम्बिका शरण पांडेय आदि बीआरपी सीआरपी के अतिरिक्त डायट के संकाय सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जीएलए कॉलेज स्टेडियम में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह संपन्न

# विपरित परिस्थितियों में हमें विचलित नहीं होना चाहिए : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नीलाबर पीतांबर विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक विकास की ओर अग्रसर है। यह विद्यार्थियों के संघर्ष, त्याग व परिश्रम का परिणाम है। विद्यार्थी अपना कैरियर खुद चुनकर तैयारी कर आगे बढ़ें। आनेवाले समय में व्यक्तित्व चरित्र से समाज व राष्ट्र की सेवा करना होगा। विपरित परिस्थितियों में भी हमें विचलित नहीं होनी चाहिए। एनपीयू की स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी। एनपीयू के 16 वर्ष के लंबे कार्यकाल में कई विद्यार्थियों ने डिग्री हासिल कर सफलता अर्जित की है। विद्यार्थियों का कोर्स समय पर पूरा हो और उन्हें डिग्री प्रदान की जाये। विवि को हर हाल में एकेडिमक कैलेंडर का पालन करना है। विवि विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने का काम कर रही है। उक्त बातें झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने जीएलए कॉलेज स्टेडियम में आयोजित नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में कही। उन्होंने एनपीयू के स्थापना 16 वर्ष होने के बाद तीनदीक्षांत समारोह आयोजित होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि छात्रों को समय पर डिग्रियां नहीं मिलती है। राज्यपाल ने 77 छात्रों को मेडल प्रदान किया, जिसमें 41 छात्राएं और 31 छात्र शामिल थे। वहीं 72 छात्रों को गोल्ड मेडल दिया। 143 छात्रों को पीजी , 679 छात्रों को यूजी डिग्री प्रदान किया। विद्यार्थियों ने सामूहिक गीत गाकर राज्यपाल का स्वागत किया। समारोह में राज्यपाल श्री गंगवार ने कहा कि देश निरंतर विकसित भारत 2047 में संकल्प के साथ बनेगा। मोदी ने शिक्षा व कौशल विकास को आगे बढ़ाया है। एनपीयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में लागू किया गया। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय बीर सपुत के नाम से विख्यात है जिन्होंने अपनी प्राणों की आहूति दी थी। महापुरूषों के जीवन हमें सिखाता है कि विपरित परस्थितियों में भी हमें विचलित नहीं होनी चाहिए। एनपीयू का अभी तक तीन दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया है। विद्यार्थियों को डिग्री हासिल करने के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ा। राज्य के सभी विवि को निर्देश है कि विश्वविद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित हो, परीक्षा समय पर ली जाये। बेटियों की प्रतिभा व आत्मविश्वास का परिणाम है। शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण भी आवश्यक है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि चरित्र के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। छात्रों को जीवन में नैतिकता अनुशासन को महत्व देना चाहिए। विद्यार्थी विवि की असली पूंजी व ब्रांड अंबेसडर हैं। शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक न्याय, ज्ञान व कौशल जीवन के अभीन्न अंग हैं।

एनपीयू के कुलपति डा दिनेश कुमार सिंह ने दीक्षांत समारोह में उपस्थित राज्यपाल समेत अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए दीक्षांत समारोह का विषय प्रवेश कराया। उन्होंने क्रमशः कर मेडल, गोल्ड मेडल व अन्य छात्र-छात्राओं को सम्मानित किये जाने का विषय रखते हुए कहा कि विवि प्रशासन का यह प्रयास है कि छात्रों को समय पर डिग्रियां प्रदान हो। ताकि छात्र छात्राओं का भविष्य उज्वल हो सके। राज्यपाल ने महर्षि विश्वामित्र केंद्रीय पुस्तकालय का भी उदघाटन किया। मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पलामू सांसद वीडी राम, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी,आइजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, डीसी समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेसन, एसडीओ सुलोचना मीणा, कुलपति डा दिनेश कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, शहर थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार, इंस्पेक्टर सुरेश राम, प्रथम उप मेयर मंगल सिंह, जेएमएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, एपीआरओ डॉ विनिता दीक्षित, डीएसडब्ल्यू कैप्टन प्रोफेसर सुरेंद्र पांडेय, रजिस्ट्रार डॉ नफीस अहमद समेत अन्य शामिल थे।

### दीक्षांत समारोह का आयोजन गौरव की बात : राधाकृष्ण

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि नीलांबर पीतांबर विवि का तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित होना पलामू वासियों के लिए गौरव की बात है। राज्यपाल के अंदर मानवीय संवेदना भरा हुआ है। आपने जीवन, संस्कृति व शैली सूक्ष्मता के साथ समाजिक परिवेश को अपनाया है। स्वर्ण पदक से नवाजे गये विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं। शिक्षा सभी जाति धर्मं के लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। विद्यार्थी उच्च शिक्षा की उपाधि लेकर जा रहे हैं।

### उपायुक्त ने किया राज्यपाल का स्वागत

नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में भाग लेने आये राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का चियांकी हवाई अड्डा पर उपायुक्त समीरा एस ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

### दीक्षांत समारोह छात्रों के लिए प्रेरणादायक : वीडी राम

सांसद वीडी राम ने कहा कि आज उत्सव का दिन है। जहां एक ओर एक अध्याय की समाप्ति हो रही है वहीं दूसरी ओर नये अध्याय आरंभ हो रहा है। एनपीयू प्रशासन व छात्रों की कठिन परिश्रम का दीक्षांत समारोह परिचायक है। कहा कि दीक्षांत समारोह से छात्रों में नई उर्जा का संचार होता है तो वहीं अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक होता है। विवि प्रबंधन से आग्रह करते हुए कहा कि छात्रों को समय पर प्रवेश परिणाम के साथ संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए ताकि छात्र समाज के लिए प्रेरणादायक बनें।

### प्राचीन काल से है गुरू शिष्य की परंपरा : कालीचरण

चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि नीलांबर पीतांबर विवि की सार्थकता तभी सिद्ध होगा जब विद्यार्थी उंचे पदों को पाकर झारखंड का नाम रौशन करें। पलामू के लोग पूरे देश स्तर पर प्रसिद्ध हैं। देश में गुरू शिष्यों की परंपरा प्राचीन काल से ही है। उन्होंने कहा क शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करें। उन्होने राज्यपाल, एनपीयू कर्मियों, अभिभावकों और विद्यार्थियो को बधाई दी।

### शिक्षा के साथ संस्कार व अनुशासन आवश्यक : नामधारी

पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय सामूहिक प्रयास से सफलता के शिखर तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा कॉलेज के सेवानिवृत कॉलेजकर्मियों का पेंशन रोक दिया गया इसे लेकर विवि प्रबंधन से बात किया लेकिन संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गयी। कर्मचारियों को चार साल से पेंशन की राशि नहीं दी गयी है इस कारण उनकी स्थिति दनयीय हो गयी है। दूसरी ओर मेरे द्वारा सतबरवा में डिग्री कॉलेज खोला गया था उस पर भी विवि प्रशासन लापरवाही बरत रही है।

### स्नातकोत्तर हिन्दी गोल्ड मेडलिस्ट रंजन यादव को कुलाधिपति ने स्वर्ण पदक से किया सम्मानित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तृतीय दीक्षांत समारोह में सत्र 2020-22 स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के गोल्ड मेडलिस्ट रंजन कुमार यादव को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के कुलाधिपति एवं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पदक और उपाधि प्रदान कर गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह सहित विभिन्न संकायों के प्राध्यापक, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। विदित हो कि स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के गोल्ड मेडलिस्ट हुसैनाबाद पंचायत के बेलबीघा के निवासी है। सम्मान प्राप्त करने के बाद रंजन कुमार यादव ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा की नीलांबर-पीतांबर विवि द्वारा आयोजित तृतीय दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति से स्वर्ण पदक प्राप्त करना मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। इस उपलब्धि का संपूर्ण श्रेय मैं अपने माता-पिता, एनपीयू हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ मनोरमा सिंह, जीएलए कॉलेज हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ विभा शंकर, डॉ मंजू सिंह, डॉ अजय कुमार पासवान, गुरूजनों एवं सहपाठियों को देता हूं, जिनके मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और सहयोग के बिना यह संभव नहीं था।

## शिवलोक परिसर में तीन दिवसीय हनुमान कथा शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** शिवलोक परिसर में सोमवार से जय श्री हनुमान कथा शुरू हुआ। उद्घाटन से पूर्व हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गयी। आयोजन समिति के अध्यक्ष विष्णु कांत झा ने बताया कि यह धार्मिक कथा वाचन तीन दिनों तक चलेगा और इसका समापन 8 अक्टूबर को होगा। समापन दिवस पर दिन में 12 बजे हनुमान जी का विशेष पूजन, दोपहर में प्रदीप भोज, शाम 4 बजे कथा वाचन तथा रात्रि 8 बजे समापन समारोह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। वृंदावन से पधारे संत पीठाधीश्वर स्वामी आनंद महाराज एवं सत्यानंद जी महाराज कथा वाचन कर रहे हैं और भक्तों को हनुमान जी की महिमा व भक्ति की महत्ता से अवगत करा रहे हैं। कथा के माध्यम से समाज में भक्ति, संस्कार और एकता का संदेश दिया जा रहा है। देवघरवासी उत्साहपूर्वक इस धार्मिक आयोजन में भाग ले रहे हैं और आगामी दिनों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना है। मौके पर समिति से जुड़े सदस्य विष्णु कांत झा, शुभम खवाड़े, अभिषेक मिश्रा, सुनील वर्मा, प्रमोद शर्मा, पंकज सिंह, मंटू तिवारी, शिवम कुमार सहित रांची विभाग के विभाग प्रचारक मंटू जी (आरएसएस) तथा गुमला विभाग के विभाग प्रचारक सम्मी जी भी उपस्थित थे।

### महिला विकास मंडल में शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन



देवघर (आजाद सिपाही)। महिला विकास मंडल में सोमवार को शरद पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। प्रार्थना कक्ष को सफेद फूलों से सजाया गया। ऐसी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है। इस तिथि पर रात के समय चन्द्रमा की चांदनी में खीर या दूध रखने से यह अमृत के समान हो जाता है। यह खीर प्रसाद के रुप में ग्रहण करने से रोगों से मुक्ति मिलती है। इस तिथि पर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा का विधान है, जिससे सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। पूजन एवं दैनिक प्रार्थना के पश्चात भजनों का दौर प्रारंभ हुआ। स्थानीय कलाकारों ने मधुर भजनों से श्रोताओं का मन मोह लिया। राधा-कृष्ण के भजनों पर नृत्य-नाटिका एवं डांडिया की प्रस्तुति की गयी। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## झरहा गांव में दुर्गा मंडप निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों की बैठक



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के झरहा गांव में दुर्गा मंडप निर्माण कार्य कराने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया लवकुश सिंह ने की। बैठक में अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह मौजूद थे। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा लिया गया निर्णय काफी सराहनीय है, दुर्गा मंडप का निर्माण होने से गांव में आपसी प्रेम व सौहार्द बना रहेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से मुखिया सरिता कुमारी, विमलेश पासवान, अवध सिंह, दिनानाथ सिंह, राजेश्वर सिंह, दिलीप सिंह, दुर्गा बैठा, रामनाथ सिंह, लक्ष्मण सिंह, अनिल सिंह, व्रजेश कुमार रजक, शम्भू पासवान, मनोज पासवान, सुरेंद्र सिंह, ललन कुमार सिंह, विनय सिंह, शशिकांत सिंह, विजय सिंह, अखिलेश सिंह, धनंजय सिंह, अभिमन्यू सिंह के अलावा कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### सारठ-मधुपुर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

मधुपुर (आजाद सिपाही)। सारठ-मधुपुर एनएच-114ए पर लालगढ़ के निकट बारा गांव में सोमवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल व्यक्ति मधुपुर से सारठ की ओर पैदल जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से व्यक्ति सड़क किनारे गिर पड़ा और उसका एक पैर पूरी तरह से टूट गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत उसे सड़क किनारे से उठाया और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पथरोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को उपचार के लिए मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से सड़क पर गति सीमा लागू करने और नियमित पुलिस गश्त की मांग की है।

## गंगा आरती शहर की पहचान बनेगी : अरुणा शंकर



हर रविवार अपने शहर में गंगा आरती होता रहेगा : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नवजागरण कोयल गंगा आरती समिति द्वारा हर रविवार की भांति इस रविवार को भी कोयल रिवर फ्रंट रो गंगा आरती मंच से स्थानीय युवाओं द्वारा गंगा आरती किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि जब मैं अपने कार्यकाल में कोयल रिवर फ्रंट में गंगा आरती मंच बना रही थी उस वक्त मेरा सपना था हमारे शहर में जहां मैंने बच्चों को खेलने के लिए गांधी उद्यान दिया, आम लोगों को घूमने के लिए कोयल रिवर फ्रंट दिया वही बुर्जुगों के लिए गंगा आरती मंच से हर रविवार गंगा आरती कराकर उन्हें सुकून दूंगी और आज वह सपना पूरा हो रहा है लेकिन चैलेंज यह आ रहा था की हर सप्ताह बनारस से गंगा आरती करने वाले को नहीं बुलाया जा सकता। तब मैंने समाज के कुछ धार्मिक प्रवृत्ति के युवाओं को अपना प्रस्ताव रखा और आज मुझे फक्र है यह कार्य राहुल कुमार, अनीश मिश्रा ने अपने साथियों के साथ कर दिखाया। आज हमारे शहर में भी बनारस की तर्ज पर हर रविवार गंगा आरती हो रहा है, जहां सैकड़ों की भीड़ लग रही है।

प्रथम महापौर ने कहा कि मैं युवाओं द्वारा किये जा रहे गंगा आरती से काफी संतुष्ट हूं। किसी भी मायने में हमारे शहर के युवक जो गंगा आरती कर रहे हैं वे बनारस के युवकों से कम नहीं हैं, बस इन्हें समाज के सहयोग की आवश्यकता है। प्रथम महापौर ने अस्वस्थ किया है इस गंगा आरती को बंद होने नहीं दिया जायेगा। इसे हमारे शहर की संस्कृति का एक हिस्सा बनाया जायेगा। जैसे हमने झारखंड में पहला लता मंगेशकर चौक और म्यूजिकल रोड बनाया, उसी तरह झारखंड का यह पहला शहर होगा जहां हर सप्ताह रविवार को गंगा आरती एक निश्चित टाइम पर कोयल तट पर होगा, जहां लोग अपने रिश्तेदारों को बुर्जुगों को कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती में लाकर एक सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह कर सकेंगे।

## वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को गति देने के लिए कांग्रेस की बैठक

# हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जनता की आवाज राष्ट्रपति तक पहुंचायी जायेगी : डॉ सिरिबेला प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान को और गति देने तथा आगामी रणनीति तय करने के उद्देश्य से देवघर जिला कांग्रेस कमिटी की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सोमवार को समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकुंद दास ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी डॉ. सिरिबेला प्रसाद तथा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर उपस्थित थे। बैठक में जिले के सभी प्रखंड, नगर, मंडल, वार्ड अध्यक्षों के साथ-साथ प्रखंड एवं यूएलबी पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

सह प्रभारी डॉ. सिरिबेला प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने पूरे देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान शुरू किया है। मोदी सरकार और चुनाव आयोग की मिलीभगत से आम जनता के मताधिकार पर कुठाराघात किया जा रहा है। देशभर में मतदाताओं के नाम हटाकर गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के वोट छीने जा रहे हैं। ऐसे में इस हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जनता की आवाज राष्ट्रपति तक पहुंचाई जायेगी। उन्होंने बताया कि झारखंड को 25 लाख हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें देवघर जिले को 1 लाख हस्ताक्षर का टारगेट मिला है। सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि अगले आठ दिनों में यह लक्ष्य पूरा करें। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि देवघर जिला संगठन मजबूत है और अपने सामूहिक प्रयासों से यह लक्ष्य निश्चित रूप से हासिल करेगा।

इस अवसर पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, प्रो. उदय प्रकाश, दिनेश कुमार मंडल, रवि केसरी, उपेंद्र प्रसाद राय, डॉ. मुन्नम संजय सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 50 वर्ष उम्र होने के बाद भी नहीं है आधार और पहचान पत्र



पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। सरकार के द्वारा कई तरह के जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है, लेकिन राजू भुइयां को अभी तक सरकारी लाभ कुछ भी नहीं मिला। क्योंकि राजू भुइयां के पास न आधार कार्ड और ना ही पहचान पत्र है। राजू भुइयां अत्यंत गरीब है। यह मामला पांकी प्रखंड के सकलदीपा पंचायत के ग्राम असढ़िया निवासी राजू भुइयां जिसका उम्र लगभग 50 वर्ष होने के बावजूद भी आधार कार्ड और पहचान पत्र नहीं बना है। आधार कार्ड और पहचान पत्र नहीं रहने से राजू भुइयां को अभी तक किसी भी तरह का सरकारी लाभ नहीं मिला है। राजू भुइयां ने बताया की अगर मेरा आधार कार्ड और पहचान पत्र बन जाता तो राशन कार्ड बन जाता और वृद्धा पेंशन भी बन जाता।

## विजयदशमी के दिन टायलेट गयी लड़कियों के साथ गैंगरेप

थाना प्रभारी ने कहा कि उक्त मामला में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्रवाई की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में एक बार फिर शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है। सरईडीह में विजयदशमी के दिन रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गयी दो नाबालिग लड़कियों के साथ 6 लड़कों ने गैंगरेप किया। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है। पीड़िता ने बताया कि हमलोग टायलेट करने गये थे जिसके बाद 6 लड़कों ने दुष्कर्म किया। नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि उक्त मामला में एफआइआर दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

**पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है :** इधर पीड़िता के पिता ने सैकड़ों आदीवासी लोगों के साथ सोमवार को दोपहर एक बजे थाना पहुंचे और दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। पीड़िता के पिता ने बताया कि विजयदशमी के रात्रि में घटना हुई उसके बाद 4 अक्टूबर को नौडीहा बाजार थाना में आवेदन दिया हूं। दो दिन विलंब से आवेदन देने के संबंध में पीड़िता के पिता ने बताया कि जनप्रतिनिधि के द्वारा केस नहीं करने के लिए बोला जा रहा था। मैनेज के लिए कहा जा रहा था। इधर नौडीहा बाजार के आदिवासी समाज में घटना को लेकर काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष सरईडीह से सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर डगरा जा रही नाबालिग लड़की के साथ चार युवकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुनः इस वर्ष भी सामुहिक दुष्कर्म की घटना सामने आयी है।

# विश्रामपुर नगर परिषद ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में आयोजित प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

स्वच्छ पूजा पंडाल का प्रथम पुरस्कार डंडीला खुर्द पूजा कमिटी को

आजाद सिपाही संवाददाता



पुरस्कार लेते पूजा कमिटी के लोग।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा सोमवार को ग्रासिम मोड़ के पास सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह, अंचलाधिकारी राकेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना यादव, हिसामुद्दीन अंसारी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदिन अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष एनामुल हक गुड्डु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर राजन पांडेय ने किया।

कार्यक्रम के शुरूआत में कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने सभी लोगों को स्वच्छता का शपथ दिलवाया। समारोह में स्वच्छ भारत अभियान के तहत 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चले स्वच्छता पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरष्कृत किया गया। इसके अलावा स्वच्छ दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता के मानकों पर खरे उतरने वाले पूजा कमेटियों व स्वक्षता मित्रों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले, मो.सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, निवर्तमान पार्षद दिनेश शुक्ला, किरण देवी, नरेंद्र राम गुड्डु, सुनील चौधरी, कामता प्रसाद, नजमुद्दीन नूरी, ज्वाला गुप्ता, गुलाम नबी अंसारी, अजय कुमार रवि, विजय कुमार रवि, सुनील कुमार चौधरी, देवनाथ यादव, संजय ठाकुर, सलीमुद्दीन अंसारी, अनिल सिंह, भोला राय, विक्की शुक्ला, मृत्युंजय दुबे पप्पू, सत्यम शुक्ला, दीपक कुमार, सुबोध केशरी, मुबारक अंसारी, सुमित गुप्ता, राजेश प्रसाद, रवि कुमार सहित कई नप कर्मी व स्थानीय लोग मौजूद थे।

### डंडीला खुर्द नव युवक संघ को मिला स्वच्छ पूजा पंडाल का प्रथम पुरस्कार

नगर परिषद द्वारा आयोजित स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता में डंडीला खुर्द नवयुवक संघ पूजा समिति ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं बिश्रामपुर सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल को द्वितीय,रेहला व्यापार संघ पूजा पंडाल को तृतीय व बिश्रामपुर जोड़ा मंदिर पूजा पंडाल को चतुर्थ स्थान हासिल हुआ। सभी विजेता कमेटियों के अध्यक्षों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान किया गया।

## प्रभु श्रीराम रथ के आगमन पर निमड़ा गांव में चलाया गया सफाई अभियान



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कुदरा पंचायत अंतर्गत ग्राम निमड़ा में वार्ड सदस्य सह जल सहिया बैजयंती देवी की अगुवाई में जागृति महिला मंडल, लक्ष्मी महिला मंडल, रोशनी महिला मंडल, अन्नपूर्णा महिला मंडल, एवं जीवन ज्योति महिला मंडल के दीदियों के सामूहिक सहयोग से श्रीराम रथ के आगमन पर स्वागत हेतु सफाई अभियान चलाया गया। वहीं श्रीराम रथ के गांव पहुंचने पर भव्य रूप से स्वागत करने और विधिवत पूजा अर्चना करने के लिए सभी उत्सुक हैं। महिला मंडल के दीदियों ने कहा कि सभी ग्रामीणों ने प्रभु श्रीराम जी से अपने घर परिवार एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति हेतु प्रार्थना कर आशीर्वाद लेने के लिए व्याकुल हैं। मौके पर वार्ड सदस्य सह जल सहिया बैजन्ती देवी,शांति देवी, दीपाली देवी, प्रमिला देवी,मुनि देवी,पोको देवी, भाको देवी, शिल्पा देवी सहित ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

## घाघरा में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक परिसर में बीडीओ दिनेश कुमार ने जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया। इस क्रम में ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही कई मामलों पर ऑन द स्पॉट समस्या का निवारण किया। इस क्रम में ग्रामीणों ने मंईयां समान योजना, पेंशन, राशन कार्ड, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 22 समस्या लेकर पहुंचे। मौके पर वीडियो दिनेश कुमार ने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऑन द स्पॉट समस्याओं का निपटारा करना है। प्रत्येक सप्ताह इस सोमवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन ब्लॉक परिसर में की जाती है। आप सभी उसका समुचित लाभ उठाएं। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू सहित कई कर्मी ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## गुनिया में बारिश से दो भाइयों का घर गिरा

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गुनिया गांव में बारिश के कारण दो भाइयों का घर क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में पीड़ित बालो साहू ने बताया की बीते रविवार को हो रही बारिश के कारण घर का दिवाल पानी के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे घर के छप्पर टूट कर गिर गया। घर का एक दीवाल होने के कारण बगल में बने छोटे भाई टीरा साहू का घर भी क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे दोनों का काफी आर्थिक नुकसान हुआ। कई समान मिट्टी के मलबे में दब गया।वही आंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है, ताकि जल्द घर बनाया जा सके। समाजसेवी करीमन उरांव ने कहा कि आंचल में आवेदन दिलाकर जल्द मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा।

## दो माह से लापता किशोरी बरामद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी दो माह से लापता हो गई थी। नाबालिग किशोरी को गुमला पुलिस ने पंजाब से बरामद कर सोमवार की शाम 7 बजे उसके परिजनों को सौंप दिया। बताते चले कि इस मामले में किशोरी की मां ने छह सितंबर 2025 को गुमला थाना में अपने बेटी की अपहरण का मामला दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि 14 अगस्त 2025 को उसकी नाबालिग बेटी गायब है। जिसे राजवीर नामक युवक बहला फुसला कर शादी की नियत से कही ले गया है। जिसके बाद पुलिस को अनुसंधान के क्रम में किशोरी का मोबाइल का लोकेशन से उसका पता मिला। जिसे पंजाब से बरामद किया गया। वहीं मामले का आरोपित फरार चल रहा है।

## कांसीर में सर्प दंश से व्यक्ति की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कांसीर गांव निवासी 40 वर्षीय विकास कुमार पंडा की मौत सोमवार की अहले सुबह 3 बजे हो गई। परिजन तत्काल उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन परिजन इस बात को मानने के लिए तैयार ही नहीं थे कि उसकी मौत हो चुकी है। वही कई घंटे तक परिजन उसके शरीर में तेल की मालिश करते रहे। सुबह होते-होते सदर अस्पताल के शव गृह के सामने लोगों की भीड़ लग गयी।

## टीवी मुक्त अभियान में बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नेशनल पब्लिक स्कूल अहमद लेन गुमला में 'टीवी मुक्त अभियान 2025' के तहत सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहिया सय्यदा खातून ने की। सय्यदा खातून ने कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को टीबी (क्षय रोग) के लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जागरूक करना बताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफिज हुसैन द्वारा सभी को संबोधित करते हुए किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने छात्रों को बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो समय पर पहचान और पूरा उपचार लेने से पूरी तरह ठीक हो सकता है। उन्होंने 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' का संदेश देते हुए बताया कि भारत सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाना है।

उन्होंने बताया कि टीबी के प्रति जागरूक रहना चाहिए और जरूरत पड़ने पर जांच अवश्य कराना चाहिए। सहिया सय्यदा खातून ने भी संबोधन में कहा कि स्वस्थ छात्र ही स्वस्थ समाज की नींव हैं। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा या परिवार टीबी से प्रभावित न हो।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षिका एवं शिक्षक गण नूर अहमद, तहसीन नाज, सादिया शाहीन ,दूधेश्वर सिंह, अंजली कुमारी ,रोशन आरा, उम्मे हबीबा, सभी शिक्षक, छात्र, अभिभावक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने टीबी मुक्त भारत 2025 बनाने का संकल्प लिया।

# मांझाटोली से गुजरते नेशनल हाइवे पर बने गड्ढे दुर्घटना को कर रहे आमंत्रित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** यह गुमला और जशपुर जिले की सीमा है। छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य का बॉर्डर एरिया। जगह का नाम है मांझाटोली तीमुहान। यह कोई पीएमजीएसवाइ की सड़क नहीं नेशनल हाइवे रोड का दृश्य है। मुख्य सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे कभी भी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने को आतुर है। हालांकि इस सड़क में लगातार छोटी-छोटी घटनाएं घट रही हैं। लेकिन छोटी घटनाओं को ध्यान कौन देता है? जब तक कोई बड़ी घटना घट नहीं जाती किसी अधिकारी पदाधिकारी का ध्यान इधर जा ही नहीं सकता। क्योंकि सड़क मरम्मती का कार्य छोटा काम है। अब कार्य छोटा है तो पैकेज भी छोटा ही होगा। एनएचएआइ के पास बहुत बड़े-बड़े काम पड़े हुए हैं। एनएचएआई बड़े कामों को छोड़कर छोटे कामों में ध्यान क्यों दें? काम बड़े होंगे तो बजट बड़ा होगा। बजट बड़ा होगा तो हर मामले का पैकेज बड़ा ही होगा ना। बाकी जनता खुद समझदार है। लेकिन इस गड्ढे से आसपास के ग्रामीण जो कष्ट हैं उनकी कौन सुनेगा? ग्रामीण रास्ता चलना भूल चुके हैं। दुकान की छपरी के नीचे नीचे से गुजरते हैं ताकि किसी आने जाने वाली गाड़ियों के पहिए से सड़क में जमा पानी उनके साफ-सुथरे कपड़ों को गन्दान कर दे। इस मार्ग से प्रतिदिन कई सौ गाड़ियां गुजरती हैं लेकिन जिला प्रशासन की आंख नहीं खुलती। एनएचएआई के किसी भी ऑफिसर को आप फोन लगाएंगे तो वह फोन नहीं उठाते हैं। आदमी शिकायत करें तो करें कहां ग्रामीण परेशाँ हाल है और प्रशासन है कि उसके कान में जूँ तक नहीं रेंगता।

## झानद के केंद्रीय संयोजक ने सेरेंगदाग में जर्जर सड़कों का किया मुआयना



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** झारखंड नवनिर्माण दल और बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने समिति के सदस्यों के साथ बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र सेरेंगदाग के गांव का दौरा कर पूरी तरह जर्जर हो चुके सड़क का मुआयना किया। वहीं प्रभावित गांवों के लोगों से बातचीत भी की। बताते चलें कि इटकीरी से नवाटोली, सरांगो, लपसर होते सेरेंगदाग तक तथा आदर से विमरला गांव तक की सड़क पैदल चलने लायक भी नहीं है। सड़क की खराब स्थिति को देखते हुए ओनर एसोसिएशन भी अपना नुकसान सहते हुए सड़क की मरम्मति होने तक गाड़ी चलाना बंद कर दिया है। दौरा के क्रम में श्री सिंह को ग्रामीणों ने खुलकर बताया कि हम लोग भगवान भरोसे हैं, एक तरफ अरबो रुपए के लागत से राज्य में चौड़ी हाइवे सड़क केंद्र और राज्य सरकार बना रही है और हम लोगों को आजादी के 78 साल बाद भी चलने लायक सड़क तक नसीब नहीं हुआ यह हमारे लिए दुर्भाग्य से कम नहीं है। इस पर ग्रामीणों से रूबरू होते हुए विजय सिंह ने कहा कि करोड़ों रुपए बॉक्साइट का सरकार को रॉयल्टी देने वाली गांव क्षेत्र के लोग अति जर्जर सड़क में चलने के लिए क्यों मजबूर हैं केंद्र व राज्य सरकार इसका जवाब दें। श्री सिंह ने ग्रामीणों का कष्ट का जिक्र करते हुए कहा कि खराब सड़क में गाड़ी से तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल है। गुमला जिला प्रशासन व विधायक-सांसद को जरा इस रोड में अभी आकर देखना चाहिए इससे उन्हें भी जनता का कष्ट का पता चलेगा।

## बैठक में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** जुरमु पंचायत मुखिया प्रदीप मिंज ने सोमवार को गनीदरा गांवों के आदिम जनजाति परिवार के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से महाशक्ति महिला विकास समिति के सचिव अनीता देवी ने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की ओर से मिलने वाली सभी योजना की जानकारी दी। साथ ही कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए यह बैठक रखा गया है ताकि सभी लोगों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले लाभों की जानकारी हो। ग्रामीणों की मांग पर खेती के लिए आलू, दलहन, तिलहन, सहित अन्य चीजों की व्यवस्था कराने की बातें कही गयी। भूमि संरक्षण विभाग जेइ रौनक मेहता ने बताया कि भूमि संरक्षण विभाग की ओर से आदिम जनजाति परिवार को आगे बढ़ाने के लिए विभाग की ओर से उन्हें ट्रैक्टर, पंप सेट, मिनी ट्रैक्टर सहित अन्य चीज दिया जायेगा। मुखिया प्रदीप मिंज ने सभी आदिम जनजाति परिवार को जागरूक करते हुए कहा कि सरकार आपलोगों के विकास लिए बहुत सी योजनाएं चला रही हैं उसका लाभ ले और अपने अपने बाल बच्चों को पढ़ाने पर जोर दें। मौके पर अशोक गुप्ता, भागवत साहू, बसंती एक्का, मनिता कोरवा, बालेश्वर कोरवा, अशोक कोरवा, कुलदीप कोरवा, राजू कोरवा सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

## नये जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर राजनील तिग्गा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने हार माला पहनकर अपने इस नये जिला अध्यक्ष का आवभगत किया। कांग्रेसियों ने कहा कि नए जिला अध्यक्ष, नयी ऊर्जा के साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं को जोड़कर काम करेंगे। वहीं नव नियुक्त जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने कहा कि उनका काम पार्टी के आला कमान से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को जोड़कर रखना है। उन्होंने कहा कि वे अंतिम वोटर तक पहुंचाने का प्रयास करूंग, जिसकी बदौलत आजादी से लेकर आज तक कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व बचा हुआ है। बधाई देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी आशिक अंसारी, प्रदेश सचिव अकिल रहमान, युवा जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, पूर्व युवा अध्यक्ष रोहित उरांव, पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, निवर्तमान वार्ड पार्षद सीता देवी, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, मंसूब अंसारी, रफी अली, मोहम्मद शादाब, इबरार अंसारी, दीपक विश्वकर्मा, अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष लखन राम, मंडल अध्यक्ष नारायण भगत, ब्रजकिशोर उरांव, नारायण रजक, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष प्रीति कुमारी, जय सिंह, दिशा सदस्य अनिरुद्ध चौबे, कार्यालय प्रभारी रूपेश सन्नी, अरविंद साहू सहित अनेकों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवजात शिशुओं को बेचने के मामले में जांच टीम पहुंची रायडीह स्वास्थ्य केंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** आजाद सिपाही में रायडीह के दो नवजात शिशुओं को बेचने का मामला प्रकाशित होने के बाद उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने एक जांच टीम का गठन किया था। उपायुक्त की जांच टीम सोमवार को रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। टीम में मुख्य रूप से एसडीएम गुमला, सीएस गुमला व बीडीओ रायडीह शामिल थे। वहीं टीम ने मामले की जांच करते हुए, मामले में संलिप्त सभी लोगों से बारी बारी पुछताछ की और पुछताछ करते हुए मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। नवजात शिशुओं की तस्करी मामले में जांच टीम में शामिल एसडीएम गुमला से पुछे जाने पर उन्होंने मामला के संबंध में बताते हुए कहा कि अभी कुछ भी बताना जल्दबाजी होगी। जांच अभी पुरी नहीं हुई है जैसे ही जांच पुरी हो जायेगी। जांच रिपोर्ट तैयार कर उपायुक्त गुमला को सौंप दिया जायेगा।

## मानव तस्करी और नशापान पर जागरूकता कार्यशाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** जीवन ईश्वर का अनमोल तोहफा है जिसे किसी को छीनने, लूटने या ब्लैकमेल करने का अधिकार नहीं है। यह महत्वपूर्ण बात चैनपुर अनुमंडल मुख्यालय स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता एडवोकेट सिस्टर संगीता नगेसिया ने कही। कॉलेज के विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य विषय ह्यूमन ट्रैफिकिंग, ऐल्कोहॉलिज्म और एडोलिसेंट हेल्थ था। सिस्टर संगीता नगेसिया ने अपने संबोधन में कहा कि मानव तस्करी, नशापान और शरीर का दुरुपयोग जैसे मुद्दे आज के विकसित समाज में भी बड़ी बुराई के रूप में व्याप्त हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि अगर हम सभी बढ़ती उम्र और विद्यार्थी जीवन में आने वाली बुराइयों के प्रति जागरूक रहें तो हमारा जीवन और समाज सही दिशा में आगे बढ़ेगा और सुरक्षित रहेगा। कार्यशाला में सिस्टर सुशीला ने नशापान को समाज की बड़ी बुराई बताते हुए नशामुक्त समाज बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। कॉलेज के प्राचार्य फादर अगस्तुस एक्का ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सबको एक जागरूक और जिम्मेदार नेक इंसान बनना है। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में, प्राचार्य के धन्यवाद ज्ञापन के तत्पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे हर बुराई से दूर रहेंगे, अच्छी तरह पढ़ाई कर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य रूप से फादर अमित डांग, फादर अमृत खेरवार, फादर सुमन बारला, प्रोफेसर बुनदीप लकड़ा, प्रोफेसर विक्टोरिया, शिल्पा, स्मिता, डॉक्टर पुष्पलता, डॉक्टर अजीता, एल्विन, अनुपम और सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पुलिया निर्माण में संवेदक पर मनमानी का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड में सरकारी योजनाओं का हाल बेहाल है। विभागीय अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं और इधर संवेदक अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं। यही वजह है कि हाल ही में रेलदाग गांव में सीमेंट के साथ मिट्टी मिलाकर पीसीसी सड़क बनाते ग्रामीणों ने पकड़ लिया। दूसरा मामला रांगे गांव का है जहां गार्डवाल पहली ही बारिश में धराशायी हो गयी। करोड़ों की लागत से बनायी जा रही योजना की पोल एक ही बरसात ने खोल दी। ताजा मामला एवं तीसरा मामला बिशुनपुर प्रखंड के गमहारपाठ गांव का है जहां आरइओ विभाग द्वारा लगभग एक करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से सड़क से साथ साथ बीच में पुलिया का निर्माण पंकज कुमार कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है जो विवादों में है। ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि पुलिया निर्माण में जंगल से लाया गया मरा हुआ लाल पत्थर लगाया जा रहा था। साथ ही पुलिया में सीमेंट का मात्रा भी कम दिया जा रहा है जिसे ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए काम को रुकवाया और तत्काल स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद सोमवार को विभागीय कनीय अभियंता बालासुश लकड़ा, प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, सांसद प्रतिनिधि राजू भगत, पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र उरांव, मुखिया प्रतिनिधि विजय कच्छप निर्माण स्थल पहुंचे जहां पर संवेदक को जमकर खरी खोटी सुनाया और कनीय अभियंता के द्वारा तत्काल पुलिया को तुड़वाकर फिर से बनाने की बात कही गयी। गमहार पाठ गांव में घटिया निर्माण की जानकारी मिलने के बाद सोमवार को प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, सांसद प्रतिनिधि राजू भगत, पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र उरांव एवं मुखिया प्रतिनिधि विजय विल्सन कच्छप गमहार पाठ निर्माण स्थल पहुंचे। जहां पर घटिया निर्माण देख सभी जनप्रतिनिधि आग बबूला हो गए परंतु विभागीय अभियंता के द्वारा बनाए गए अधूरे पुलिया निर्माण को तोड़कर फिर से बनाए जाने की बात कहने के बाद शांत हुए।


### उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(खनन शाखा)

**अवैध भण्डारित बालू का आम निलामी हेतु सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिलान्तर्गत ग्राम–बण्डा अवस्थित मदरसा से लगभग 500 मीटर की दूरी पर नन्दनी नदी के किनारे अवैध भण्डारित जप्त बालू को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 (यथा संशोधित 2019) के नियम 54 A के तहत् कराये जाने नीलामी कराया जाना है। उक्त खनिज की नीलामी दिनांक 24.10.2025 को समय 02:00 बजे अपराह्न में लोहरदगा समाहरणालय के सभाकक्ष में लोक निलामी के माध्यम से कराई जाएगी। खनिज की विवरणी निम्नवत है :–

| क्रम | खनिज भण्डारण स्थल | भण्डारित खनिज का नाम | भण्डारित खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम–बण्डा अवस्थित मदरसा से लगभग 500 मीटर की दूरी पर नन्दनी नदी के किनारे | बालू | 40000 घनफीट | 5,78,000/– | 57,800/– |

नोट :– लोक–नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्ते जिला खनन कार्यालय, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 363348 Lohardaga (25-26)_D

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार
### ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 07/2025-26/EE/RWD/LATEHAR        दिनांक : 04.10.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD/LATEHAR/12 /2025-26 | 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत प्रखंड मनिका अंतर्गत रॉकीकला में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.50 | रू0 पचपन लाख पचास हजार रूपये मात्र। | 09 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR/13 /2025-26 | 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत प्रखंड मनिका अंतर्गत जान्हों में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.50 | रू0 पचपन लाख पचास हजार रूपये मात्र। | 09 माह |
| 3 | RWD/LATEHAR/14 /2025-26 | 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत प्रखंड मनिका अंतर्गत बंदुआ में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.50 | रू0 पचपन लाख पचास हजार रूपये मात्र। | 09 माह |
| 4 | RWD/LATEHAR/15 /2025-26 | DMFT मद अंतर्गत प्रखंड मनिका पंचायत कोपे के ग्राम बरवाडीह में पुरण उरॉव के घर से सेमरी आहर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 63.15 | रू0 तिरसठ लाख पन्द्रह हजार रूपये मात्र। | 06 माह |
| 5 | RWD/LATEHAR/16 /2025-26 | DMFT मद अंतर्गत प्रखंड मनिका पंचायत कोपे के ग्राम सेमरी में रघु प्रजापति के घर से छलका होते हुए जोगन लोहरा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 57.79 | रू0 सन्तावन लाख उनासी हजार रूपये मात्र। | 06 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 16.10.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 24.10.2025 अपराह्न 12:30 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 25.10.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
6. संवेदक पर जिलान्तर्गत किसी भी योजना का कार्य लंबित रहने पर उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
7. एक संवेदक को एक वित्तीय वर्ष में इस मद का एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 363309 REO(25-26)D

## शिविर में 13 यूनिट रक्त का संग्रहण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को स्वास्थ्य पखवाड़े के अंतर्गत रक्त दान शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड डीएस डब्लू साइड, धनबाद एवं भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। जिसमें भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह एवं कुमार मधुरेन्द्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद एवं नोडल पदाधिकारी ब्लड डोनेशन प्रोग्राम बेनजीर परवीन एवं रंजीत कुमार यादव सुरक्षा प्रबंधक एवं अन्य उपलब्ध रहे। शिविर में 13 यूनिट रक्त संग्रह किया गया है जो सदर अस्पताल ब्लड स्टोरेज सेंटर धनबाद को सुपुर्द किया गया। सदर अस्पताल की और से आशीष राम, शत्रुघ्न पासवान, भजदेव बाउरी, सुरेश दास, विनोद कुमार उपलब्ध रहें।

## मुकेश अग्रवाल रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष पद के लिए चयनित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब चास के बोर्ड सदस्यों की एक बैठक अध्यक्ष डिंपल कौर के अध्यक्षता में की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश अग्रवाल को क्लब के आगामी सत्र 2026-2027 के लिए अध्यक्ष चुना गया। इस संबंध में रोटरी जिला 3250 को भी औपचारिक सूचना दे दी गयी है। मुकेश अग्रवाल रोटरी क्लब से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। वे सत्र 2024-2025 में क्लब के सचिव पद की जिम्मेदारी भी सफलता पूर्वक निभा चुके हैं। वर्तमान में वे बोकारो चेंबर के सचिव भी है। उनकी समर्पित कार्यशैली और सेवा भावना को देखते हुए उन्हें अध्यक्ष पद की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अपने चयन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुकेश अग्रवाल ने कहा मैं इस जिम्मेदारी के लिए क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं। रोटरी की परंपराओं और सेवा मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए मैं पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करूंगा। इस अवसर पर क्लब के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद, पूर्व अध्यक्षगण मनोज चौधरी, सिद्धार्थ पारख, पूजा बैद, नरेंद्र सिंह, कमल तनेजा, विनय सिंह, कुमार अमरदीप एवं विनोद चोपड़ा, सचिव श्वेता रस्तोगी, डॉ परिंदा, डॉ श्रवण कुमार, चनप्रीत सिंह सहित अनेक सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। रोटरी क्लब चास आगामी सत्र में समाजसेवा से जुड़ी कई नई पहलों को लागू करने की दिशा में कार्यरत है।

## रेलकर्मी का शव फंदे से लटका मिला



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र के रेलवे कालोनी से एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। उसकी पहचान रेलवे कर्मी के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल का निवासी था और बोकारो में पोस्टेड था जो रेलवे कॉलोनी के रेलवे आवास से रेलकर्मी का शव फंदे से झूलता हुआ बरामद किया गया है। मृतक का पहचान पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के कांटाडीह निवासी दुलाल मंडल के रूप में की जा रही है, जो बोकारो में पोस्टेट था। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने फंदे से झूलता हुआ शव बरामद किया है। शव को मर्चरी में रखवा दिया गया था। साथ ही इसकी सूचना भी परिजनों को दे दी गयी है घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## संदेहास्पद स्थिति में मिला अधेड़ का शव

**चिरकुण्डा (आजाद सिपाही)।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के एमबीइ ऑफिसर कॉलोनी के पीछे पूर्व एसडीओ आवास के बाहर चबूतरे पर लोगों ने 55 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरा हुआ देखा। लोगों ने इसकी सूचना तुरंत कुमारधुबी पुलिस को दी। सूचना पर कुमारधुबी ओपी प्रभारी मैथ्यू एक्का अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। छानबीन करने पर व्यक्ति मुगमा कापासारा के इंद्रा नगर कॉलोनी निवासी राम चरित्र पासवान के रूप में पहचान हुई। घर वालों को जानकारी मिलने के बाद मृतक की पत्नी और उसकी बेटी मौके पर पहुंचे। उनका कहना है कि अपने बेटे को छोड़ने के लिए कुमारधुबी स्टेशन गया था बेटा अपने काम पर कोलकाता जा रहा था, लेकिन इसके बाद यहां कैसे पहुंचे जानकारी नहीं है। एंबुलेंस से मृतक के शव को धनबाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जाता है कि मृतक के तबियत बिगड़ने पर सड़क किनारे अपने मोटरसाइकिल लगाकर उक्त स्थान पर गया जहां उसकी मौत हो गयी। फिलहाल मौत के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नही लग पाया है। पुलिस मृतक को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।

## वंदे भारत ट्रेन में छूटे महिला के पर्स को आरपीएफ जवान ने लौटाया



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** ट्रेन में सफर कर रही एक महिला का पर्स छूट गया जिसमें 6 लाख के सामान मौजूद था। आरपीएफ ने अपने अभियान अमानत के तहत उस महिला को सामान सहित पर्स लौटाया और यह संदेश देने का काम किया की यात्रियों की सुरक्षा और हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर है और हमेशा तत्पर रहेगा। बता दें कि एसआइ रोजमत अंसारी आरपीएफ पोस्ट बोकारो के 02 कर्मचारियों के साथ ट्रेन संख्या 21896 (वंदे भारत एक्सप्रेस) में बीकेएससी से टाटा तक ट्रेन एस्कॉर्टिंग ड्यूटी कर रहे थे, बोकारो से खुलने के बाद, कोच संख्या ई 1 में नियमित जांच के दौरान, कुछ यात्रियों और टीटीइ ने बताया कि सीट संख्या 21-22 पर एक लावारिस महिला पर्स लंबे समय से पड़ा हुआ है। उस कोच और आस-पास के कोचों के यात्रियों से पूछताछ की गयी, लेकिन कोई भी मालिक की पहचान नहीं कर सका। तदनुसार, उक्त बरामद पर्स की वीडियोग्राफी के साथ यात्रियों, ऑन ड्यूटी टीटीइ सुशील कुमार और कोच अटेंडेंट गोविंद कुमार की उपस्थिति में जांच की गयी और अंदर मिले सामानों की एक सूची तैयार की गयी। दोनों अधिकारियों ने गवाह के रूप में सूची पर हस्ताक्षर किये। पर्स के अंदर एक आभूषण दुकान की पर्ची भी मिली, जिसमें एक मोबाइल नंबर लिखा था और एक मंगलसूत्र (सोना), एक जितिया लॉकेट (सोना), एक जोड़ी पायल (चांदी), एक चश्मा और एक इनहेलर दवा। इसके बाद उपरोक्त नंबर से संपर्क किया गया और शाइनी ठाकुर (उम्र: 33 वर्ष), पत्नी डॉ हेमंत ठाकुर, निवासी आदर्श नगर, समस्तीपुर, थाना-आदर्श टाउन, जिला-समस्तीपुर (बिहार) नामक महिला ने बताया कि टाटा से पीएनबीई तक की अपनी यात्रा पूरी की थी और गलती से ट्रेन में अपना पर्स भूल गई थी इसके अलावा, उसने यह भी बताया कि उसके पर्स में उपरोक्त सामान था और वह अपना सामान लेने के लिए स्वयं आरपीएफ पोस्ट, बोकारो जायेगी। शाइनी ठाकुर की बहन मोनालिशा कश्यप उसका सामान लेने आरपीएफ पोस्ट, बोकारो पहुची। उचित सत्यापन और पहचान के बाद, उपरोक्त सामान पूरी तरह से सही स्थिति में उसे सौंप दिया गया।

# आदिवासी सेंगेल ने सरकार सहित 28 विधायक और पांच सांसदों का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** तिलका मुर्मू चौक, जैनामोड़ में आदिवासी सेंगेल अभियान की तरफ से कुरमी महतो को आदिवासी बनाने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 28 आदिवासी एमएलए (बसंत सोरेन, लुइस मरांडी, हेमलाल मुर्मू, धनंजय सोरेन, स्टीफन मरांडी, आलोक सोरेन,जगत माझी,दीपक बिरुआ, निरल पुरती,दशरथ गगराई, विकास मुंडा,भूषण तिर्की, जिगा सुसारन होरो, रामसुर्य मुंडा, गणेश महली,सुखराम उरांव, शिल्पी नेहा तिर्की, रामेश्वर उरांव, परितोष सोरेन, संजीव सरदार, सोना राम सिंकू,सुदिप गुरिया, राजेश कच्छप,चमरा लिंडा,भूषण बारा,नमन विक्सल कोंगाड़ी, रामचंद्र सिंह)/5 आदिवासी एमपी एवं दो सामान्य सीट के विधायक बाबुलाल मरांडी और कल्पना सोरेन का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व बोकारो जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने किया। पुतला दहन में उपस्थित सेंगेल के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने कहा कि कुरमी समाज का दावा है कि 1950 के पूर्व तक एटी थे, इसकी पुष्टि के लिए उन्हें मान्य हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए। विगत 20 सितंबर 2025 को कुरमी /महतो समाज ने रेल टेका डाहर छेका के पीछे झारखंड प्रदेश के सत्ताधारी दल झामुमो का हाथ है। चूंकि झामुमो ने वोट कि लालच में आदिवासी विरोधी स्टैंड लेकर, कुरमी समाज को एस टी बनाने का प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष फैसला पहले से घोषित किया हुआ है।

कुर्मी महतो समाज को इस मुद्दे पर कुरमी को आक्सीजन देकर भड़ाकने का काम किया है। कुरमी महतो के आदिवासी बनने (एस टी) से असली आदिवासी समाज (संताल,हो, मुंडा उरांव हो खड़िया भूमिज पहाड़िया गोंड आदि) के अस्तित्व पहचान हिस्सेदारी पर सेंधमारी निश्चित है। क्योंकि यहां वोट बैंक की राजनीति हावी है। इसलिए कुरमी समाज का विरोध के बदले आदिवासीयों को झामुमो का 28 आदिवासी विधायक का विरोध करना जरूरी है। इस मुद्दे पर 8 फरवरी 2018 को विपक्ष में रहते हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 42 विधायक और दो सांसद मिलकर पहले पायदान पर हस्ताक्षर कर कुर्मी महतो को आदिवासी बनाने का झांसा देकर मणिपुर जैसे हालत को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि जरुरत पड़े तो आदिवासी समाज 28 विधायक का आवास घेराव करेंगे। सेंगेल अभियान ने जमकर नारेबाजी की।

# चंदनकियारी के सिंहटोला गांव में आंगनबाड़ी केंद्र को मिली स्वीकृति

**किसी भी पोषक क्षेत्र का बच्चा आंगनबाड़ी केंद्र की सुविधा से वंचित न हो : डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिला प्रशासन ने बाल विकास योजनाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चंदनकियारी प्रखंड के महाल पूर्वी पंचायत अंतर्गत सिंहटोला गांव में आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में विभागीय जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने स्थानीय आवश्यकताओं का परीक्षण कर यह पाया कि सिंहटोला गांव में अब तक कोई आंगनबाड़ी केंद्र नहीं था। जिससे स्थानीय बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में कठिनाई हो रही थी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य है कि किसी भी पोषक क्षेत्र का बच्चा आंगनबाड़ी केंद्र की सुविधा से वंचित नहीं रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र के निर्माण कार्य को लेकर आमसभा करते हुए केंद्र निर्माण का प्रस्ताव जिला को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर समर्पित करें। उन्होंने यह भी कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र न केवल बच्चों के पोषण और शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह मातृ स्वास्थ्य, किशोरियों में एनीमिया नियंत्रण, टीकाकरण और सामुदायिक जागरूकता की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अंचलाधिकारी सह सीडीपीओ चंदनकियारी रवि आनंद ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भूमि चिन्हित है, आम सभा के माध्यम से पारित करते हुए जिला को प्रस्ताव जल्द समर्पित किया जायेगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी एनएस कुजूर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## चंद्रदेव महतो की ऐतिहासिक उपलब्धि सिंदरी बनेगा विकास का मॉडल



**झरिया/ सिंदरी (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र के लिए यह गर्व का क्षण है। विधायक चंद्रदेव महतो ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादा किया था – शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का – उसे उन्होंने धरातल पर उतार दिखाया है। पूरे झारखंड में सबसे अधिक स्वास्थ्य केंद्र (स्वस्थ्य केंद्र) अब सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में स्थापित किये जा रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिससे अब सिंदरी के लोगों को साधारण जांच या उपचार के लिए धनबाद तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। विधायक चंद्रदेव महतो की सक्रियता और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से सिंदरी क्षेत्र में विकास की नयी गाथा लिखी जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में हो रहे इन ठोस कार्यों से स्पष्ट है कि सिंदरी अब तेजी से प्रगति की राह पर है। जनता के बीच यह भावना है कि वर्षों बाद सिंदरी को उसका हक मिल रहा है।

# दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में 'बूझो तो जाने' गतिविधि कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** पहेली हमें सोचने की आदत और हल ढूंढने का आत्मविश्वास देता है। इसी उद्देश्य के साथ दी पेन्टिकॉस्टल असेंबली स्कूल में दिनांक सोमवार को कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए 'बूझो तो जाने' गतिविधि का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में आत्म चिंतन, कल्पना शक्ति, सूझबूझ, तार्किक चिंतन तथा आत्मविश्वास के विकास के लिए मंच प्रदान किये गये। कार्यक्रम को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया। प्रथम श्रेणी में वर्ग- पहेलियां से प्रश्न पूछे गये। दूसरी श्रेणी में विभिन्न चित्रों के माध्यम से अंतर ढूंढने के लिए प्रेरित किया गया तथा तीसरी श्रेणी में विभिन्न रंगों से सजी पहेलियों के उत्तर पूछे गये। विद्यार्थियों ने वर्ग-पहेली, अंतर ढूंढो, हिंदी एवं अंग्रेजी पहेलियों को अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता से हल किया । इस मौके पर प्रधानाचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने बच्चों का उत्साह देखकर कहा कि यह गतिविधि विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन और शिक्षा का अद्वितीय संगम है। इस आयोजन ने बच्चों के भीतर छुपे तर्क, भाषाई दक्षता, हाज़िरजवाबी तथा कल्पना शक्ति को नयी दिशा प्रदान करने में सहयोग प्रदान किया । इसके साथ ही उनके ज्ञान-विस्तार और आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई।

## गिरिडीह में गांधी आगमन शताब्दी समारोह हर्षोल्लास के साथ मना

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह जिले में गांधी आगमन शताब्दी समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिला अंतर्गत खरगडीहा में गांधी आगमन शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह में जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने सर्वप्रथम लंगटा बाबा समाधि स्थल में चादरपोशी की तथा बेसिक स्कूल खरगडीहा में महात्मा गांधी के प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि महात्मा गांधी एक विचार है, गांधी जी के विचारों और संघर्षों ने भारत को आजाद करने में बड़ी भूमिका निभायी, वे सत्य और अहिंसा के जीवंत प्रतीक हैं। इसके पश्चात जिला उपायुक्त, सम्मानित जनप्रतिनिधि और अनुमंडल पदाधिकारी खोरीमहुआ समेत अन्य अतिथि जमुआ प्रखंड अंतर्गत खरगडीहा में गांधी पदयात्रा में शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना का पहला बैच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/ बलियापुर।** सोमवार को महेन्द्रा स्किल में मुख्यमंत्री सारथि योजना के बैनर तले फ्यूचर इनकम जेनरेशन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सेल कॉलिरीज के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में हुनर सीखना अत्यंत आवश्यक है। आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए अंतरराष्ट्रीय बाजार और प्रतिस्पर्धा के समय हमें वोकल फॉर लोकल पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

कार्यक्रम में सेल कॉलिरीज से डीजीएम लवन टिक्सदार, सीएसआर मैंनेजर विभाष मिश्रा, केटीएमपीएल के सीनियर सीएसआर मैंनेजर अमितेश चन्द्रा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। महेन्द्रा स्किल से रौशन सिंह राणा तथा महेन्द्रा एजुकेशन से दशरथ रवाणी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि कौशल विकास ही भविष्य की आय का सशक्त माध्यम है और इसके माध्यम से ही युवा वर्ग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। मौके पर कई पत्रकार समेत कई संस्थान के अध्यक्ष, पेट्रोन रह चुके रंजीत कुमार, सनी सिंह, सौरव सिंह, प्लेसमेंट के लिए बैंगलोर के बारीक आदि समेत दर्जनों कर्मियों समेत सैकड़ों बिद्यार्थी मौजूद थे।

## सेल ने स्वदेशी स्टील से आइएनएस आंद्रोत को विशेष ग्रेड स्टील की आपूर्ति की



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात निर्माता और महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आइएनएस आन्द्रोत के लिए विशेष ग्रेड स्टील की पूरी जरूरत की आपूर्ति की है, जिसे आज 6 अक्टूबर, 2025 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। यह भारत की नौसेना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। आइएनएस आन्द्रोत, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट श्रृंखला का दूसरा युद्धपोत है। इस श्रृंखला का पहला शैलो वॉटर क्राफ्ट आइएनएस अर्नाला था, जिसे 18 जून 2025 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। सेल ने उल्लेखनीय योगदान देते हुए, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आठ एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट युद्धपोतों – जिसमें आइएनएस अर्नाला और आइएनएस आन्द्रोत शामिल हैं – के लिए आवश्यक सम्पूर्ण विशेष ग्रेड स्टील, जिसमें एचआर शीट्स और प्लेट्स शामिल हैं, की आपूर्ति की है। इस विशेष ग्रेड इस्पात की आपूर्ति सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्रों से की गयी है। आइएनएस आन्द्रोत का कमीशन भारत की समुद्री क्षमताओं के विस्तार और आत्मनिर्भर भारतह्व की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** 6 अक्टूबर को बीएसएल के चिकित्सा और सुरक्षा विभाग में पदस्थापित आठ पदाधिकारियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में एक सप्ताह का लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा उपस्थित थीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीता बा ने सुरक्षा शपथ के बाद सभी पदाधिकारीयों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया और बदलते तकनीकी परिवेश के अनुसार पदाधिकारीयों को अपनी दक्षता को बढाने हेतु प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए एसएन मिश्रा सहायक प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## दिलीप सिंह ने किया बरमसिया ओवरब्रिज का निरीक्षण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सोमवार को युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष सह समाजसेवी दिलीप सिंह अपने मोर्चा के सदस्यों के साथ बरमसिया ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। श्री सिंह ने कहा कि बरमसिया पुल की अविलम्ब मरम्मती की आवश्यकता है। जिले के सैकड़ों बड़े छोटे वाहनों और आमजनों का आना जाना बरमसिय पुल से प्रतिदिन होता है। ऐसे में पुल की इस स्थिति से किसी भी बड़ी घटना के होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। रेलवे प्रबंधन एवं जिला प्रशासन पुल की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुल मरम्मती का कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाएं, ताकि किसी के जानमाल की हानि न हो। श्री सिंह ने कहा कि अगर 15 दिनों के भीतर बरमसिया पुल की मरम्मती का कार्य शुरू नहीं हुआ तो युवा संघर्ष मोर्चा जनहित में आंदोलन करेगा। मौके पर सोनी सिंह सरदार, अनिल अग्रवाल, बच्चुन ,पिंटू मोदी, रितेश साव, मन्नू सिंह उपस्थित थे।


**Directorate of Tourism, Government of Jharkhand**

MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi-04Tele Fax : 0651-2331828
Email: dirjhakhandtourism@gmail.com/ jtdcltd@gmail.com

**Ref. No.:-969/2025** **Date :- 06/10/2025**

**TENDER NOTICE**

**Rate Contract for Supply of Hotel Room Essentials and Consumables, Crockery, Cutlery Items, Electric Kettle, Hand Dryer, Hair Dryer in JTDCL, Jharkhand**

The Jharkhand Tourism Development Corporation Limited (JTDCL), Government of Jharkhand (GoJ) undertaking intends to invite Rate Contract for Supply of Hotel Room Essentials and Consumables, Crockery, Cutlery Items, Electric Kettle, Hand Dryer, Hair Dryer in JTDCL, Jharkhand

The detailed RFP document can be downloaded from the website **https://jtdcl. jharkhand.gov.in** and submit their Applications. The applications Submission Due date is on or before **06/11/2025 at 17:00 hours** and the date of opening of the tender on **07/11/2025 at 11.30 hours**.

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the above website.

Sd/-
Deputy Director

PR.NO.363380 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26):D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LTD .**

CIN: U40108JH2013SGC001704
Office of the General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag,
Office At - SringariComplex, Canary Hill Road, Hazaribag, Pin – 825301, JH
eMailiD: -gmtzone5hzb@gmail.com

**e-Tender Notice**

E-Tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) are invited from reputed, experienced capable and financially sound agencies / contractors for the following works:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of Work | Estimated Cost including of GST & Labour Cess (Rs.) | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 436/PR/JUSNL /2025-26 | Work for Supply, Installation, Testing and commissioning of lighting pole with its accessories along with other associated work form Entry Gate of Residential area to quarters & inspection bungalow (Complete Job) at 220/132/33KV, Transmission Sub-division, Itkhori (Chatra). | Rs.36,80,264.00 | Rs. 73,700.00/- | Rs.5000+18%GST = Rs.5900/- |
| Availability of Tender Documents on website | | | From 06/10/2025 at 12.00 AM to 29/10/2025 upto 2:00PM | | |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | | | 29/10/2025 upto 2:00PM | | |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | | | 30/10/2025 at 03.00 PM | | |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | | | Will be communicated later on. | | |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | | | G.M.,TRANSMISSION ZONE-V, HAZARIBAG Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Montfort School, Hazaribag – 825301, JH | | |

1) e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details/clarification required in this regard please contact to the office of the undersigned (06546 - 270375) during office hours. NIC helpline no.-0651-2400178
2) Bidder shall deposit online Tender fee & EMD as per rules of e-tendering portal.
3) The bids will be received through electronic tendering mode only.
4) No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag

PR 363350 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D

### कफ सिरप कांड में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बड़ा एक्शन

# छिंदवाड़ा ड्रग कंट्रोलर हटाये गये, डिप्टी डायरेक्टर समेत तीन अफसर निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में हड़कंप मचा देने वाले कफ सिरप कांड में मप्र सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। कई अफसरों पर गाज गिरी है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि छिंदवाड़ा प्रकरण में सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। राज्य सरकार सजग और संवेदनशील है। मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस क्रम में औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा गौरव शर्मा, औषधि निरीक्षक जबलपुर शरद कुमार जैन, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन शोभित कोस्टा को निलंबित और ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्य को अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा प्रकरण के संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्चस्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



### आठ मरीजों की जांच के लिए नमूने पुण भेजे गये

बैठक में बताया गया कि छिंदवाड़ा से गंभीर प्रकरणों की जानकारी मिलते ही राज्य स्तर से चिकित्सकों का दल छिंदवाड़ा भेजा गया। नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल और सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन का भी जांच में सहयोग लिया गया। आठ मरीजों की जांच के लिए उनके नमूने पुणे स्थित प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही छिंदवाड़ा से विभिन्न दवाओं के सैंपल लेकर उनकी जांच करायी गयी। छिंदवाड़ा और परासिया के निजी चिकित्सकों, अस्पतालों और केमिस्ट के साथ बैठक कर स्थिति का आकलन किया गया और उन्हें आवश्यक सावधानियां बरतने के संबंध में सलाह दी गयी। छिंदवाड़ा जिले में प्रभावित मरीजों को चिन्हित करने के लिए सर्वे आरंभ किया गया। क्षेत्र से प्राप्त हो रहे इस प्रकार के प्रकरणों को आवश्यकता होने पर आगे के इलाज के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय नागपुर के लिए रैफर किया गया। प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर दवा पर प्रतिबंध लगाया गया तथा अस्पतालों और केमिस्टों के निरीक्षण की प्रक्रिया आरंभ की गयी।

**अभियान चलाकर घर-घर से रिकवर करें प्रतिबंधित दवा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल्ड्रिफ सिरप के बेचने पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही दुकानों में उपलब्ध स्टॉक जब्त किया जाये। छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों में जिन परिवारों ने यह दवा ली है, उनके घरों से दवा रिकवर करने के लिए सघन अभियान चलाया जाये। आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग लिया जाये। कोल्ड्रिफ सिरप दवा के अलावा पिछले दिनों क्षेत्र में बिकने वाली अन्य दवाओं की प्रभावशीलता का भी आकलन कराया जाये। दवाओं पर जो चेतावनी और सावधानियां लिखी जानी चाहिए, वह लिखी जा रही है या नहीं इसकी जांच के लिए अभियान आरंभ किया जाये। इन नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाये। चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कॉम्बिनेशन ड्रग नहीं देने की व्यवस्था है, जो डॉक्टर इस व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं, उन पर भी कार्रवाई की जाये।

**जागरूकता फैलाने के लिए आवश्यक कदम उठायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक्स समेत चिकित्सकों के विभिन्न संगठनों और केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से आवश्यक सावधानियां अपनाने और जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जायें। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कोल्ड्रिफ सिरप की निमार्ता कंपनी पर कार्रवाई के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार को घटनाक्रम से अवगत कराने के निर्देश भी दिये।

**हिमाचल व तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर्स को दी सूचना :** बैठक में जानकारी दी गयी कि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया और हिमाचल प्रदेश व तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर्स को भी इस संबंध में सूचना दी गयी। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोलर से कोल्ड्रिफ सिरप की जांच रिपोर्ट में नमूने अमान्य पाये जाने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिरप के विक्रय को पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित किया गया। साथ ही अधिकांश मरीजों को कोल्ड्रिफ दवा लिखने तथा अपने परिवार के सदस्य के माध्यम से कोल्ड्रिफ दवा की बिक्री कराने वाले डॉक्टर के निलंबन और दवा निर्माता के विरुद्ध एफआइआर दर्ज करने की कार्रवाई की गयी।

# जयपुर के हॉस्पिटल में आग, 8 की मौत



- स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की गयी, हंगामा
- पुलिस से भिड़े आरएलपी कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के आइसीयू में रविवार देर रात आग लग गयी। हादसे में 8 मरीजों की मौत हो गयी। इनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। रात 11 बज कर 20 मिनट पर यह आग ट्रॉमा सेंटर के न्यूरो आइसीयू वार्ड के स्टोर में लगी। यहां पेपर, आइसीयू का सामान और ब्लड सैंपलर ट्यूब रखे थे। ट्रॉमा सेंटर के नोडल ऑफिसर और सीनियर डॉक्टर ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। हादसे के समय आइसीयू में 11 मरीज थे। उसके बगल वाले आइसीयू में 13 मरीज थे। वहीं, इस अग्निकांड की जांच के लिए शासन स्तर पर 6 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और सबूत इकट्ठे किये।

**पूरा वार्ड धुएं से भरा था :** फायर विभाग के कर्मचारी अवधेश पांडे ने बताया कि अलार्म बजते ही टीम मौके पर पहुंची। पूरे वार्ड में धुआं भर चुका था। अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं था। ऐसे में बिल्डिंग की दूसरी ओर से खिड़की के कांच उतार कर पानी की बौछार मारी गयी। आग पर काबू पाने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगा। सभी मरीजों को बेड समेत बाहर सड़क पर शिफ्ट किया गया।

**मरीज के परिजन बोले- 20 मिनट पहले ही बता दिया था, किसी ने ध्यान नहीं दिया :** भरतपुर के रहने वाले शेरू ने बताया कि आग भड़कने से 20 मिनट पहले धुआं निकलना शुरू हुआ था। हमने स्टाफ को बताया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। रात 11:20 बजे तक धुआं बढ़ने लगा और प्लास्टिक की ट्यूब पिघल कर गिरने लगी। मौके पर मौजूद वार्ड बॉय वहां से भाग निकले।

# फ्रांस में 27 दिन में पीएम का इस्तीफा

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस के पीएम सेबेस्टियन लेकोर्नू ने महज 27 दिन में इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 9 सितंबर को प्रधानमंत्री का पद संभाला था, 6 अक्टूबर को उन्होंने इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति मैक्रों ने उनके इस्तीफे को स्वीकर कर लिया है। पीएम लेकोर्नू ने रविवार को नये मंत्रीमंडल का ऐलान किया था लेकिन 12 घंटे बाद ही उन्होंने इस्तीफा देकर सभी को हैरान कर दिया। लेकोर्नू 13 महीने में देश के चौथे पीएम थे। पूर्व प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू ने विश्वास मत न मिलने की वजह से सितंबर में इस्तीफा दिया था। लेकोर्नू सिर्फ 39 साल के हैं और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। वह 2022 में मैक्रों के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद से 5वें प्रधानमंत्री थे और पिछले साल संसद भंग होने के बाद तीसरे। लेकोर्नू के इस्तीफा के कारण फ्रांस की राजनीतिक में गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। संसद में किसी भी पार्टी को बहुमत न होने के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। दक्षिणपंथी नेता मरीन ली पेन और अन्य विपक्षी नेताओं ने नये संसदीय चुनाव की मांग की है ताकि स्थिर सरकार बन सकें। ली पेन ने कहा कि मैक्रों का इस्तीफा देना बुद्धिमानी होगी। हालांकि मैक्रों पहले ही इससे इनकार कर चुके हैं।

Ph.D. Awarded



By the Order of Hon'ble Vice-Chancellor, Ranchi University, Ranchi, Miss. Riya, Registration date- February 09, 2022 (M.Sc, MA.Ed), D/O- Mrs. Manju Sharma and Late. Shiv Kumar Sharma, R/O- A-60, Kishan Singh Colony, Gurudwara Lane, Railway Station Road, Ranchi, Jharkhand- 834001, has been awarded the Doctor of Philosophy (Ph.D.) in Botany, Faculty of Science, Ranchi University, Ranchi, Examination held in the month of August 23, 2025, on her Ph.D. Thesis Research Topic Entitled "Ethnomedicinal, Phytochemical, Antibacterial and Antioxidant Studies on Leea macrophylla Roxb. ex Hornem. of Ranchi District, Jharkhand" under the Supervision of Dr. Arun Kumar, Associate Professor (Retd.), Former Dean & Head, University Department of Botany, Ranchi University, Ranchi




# बंगाल के दार्जिलिंग में लैंडस्लाइड में मरनेवालों की संख्या 28 पहुंची


- हजारों टूरिस्ट फंसे, जम्मू-कश्मीर में स्कूल बंद, वैष्णो देवी यात्रा दूसरे दिन भी रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**दार्जिलिंग/शिमला।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में रविवार को तेज बारिश के बाद हुई लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 28 हो गई है। इनमें 7 बच्चे हैं। कई लोग अब भी लापता हैं। लैंडस्लाइड में कई घर बह गये। दार्जिलिंग और सिक्किम का सड़क संपर्क देश के बाकी हिस्सों से टूट गया है। इसके कारण हजारों पर्यटक फंसे हैं। दार्जिलिंग और कर्सियांग के बीच नेशनल हाइवे टूट गया है। मिरिक और दूधिया के पास लोहे का ब्रिज टूटने से दार्जिलिंग से सिलीगुड़ी का वैकल्पिक रास्ता भी बंद है। अलीपुरदुआर में रेल ट्रैक डूबने से तीन गाड़ियां रद्द की गईं। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग में चाय के बागान डूब गये हैं।

बंगाल के दार्जिलिंग और अन्य जिलों में 24 घंटे में 16 इंच बारिश हुई। इतनी बारिश 1998 के बाद पहली बार हुई है। दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी और कूचबिहार में मंगलवार सुबह तक भारी बारिश की आशंका है।

इधर, जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश का अलर्ट है। इसके चलते स्कूल शिक्षा निदेशालय जम्मू ने सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 6 और 7 अक्टूबर के लिए बंद करने का आदेश दिया है।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** **:** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**